RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 279
नई दिल्ली, शनिवार, 15 अगस्त, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



ऐरन कोहेन से एक्शन सीख रही हैं प्रीति जिंटा
विविध-12

# गहलोत ने जीता विधानसभा का विश्वास

- राजस्थान के मुख्यमंत्री ने सदन में ध्वनिमत से साबित किया बहुमत, भाजपा-मोदी व शाह पर बोला तीखा हमला
- सरकार की जीत के बाद स्पीकर ने 21 अगस्त तक स्थगित कर दी सदन की कार्यवाही



जयपुर में राजस्थान विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर बोलते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर/नई दिल्ली

**सियासी** उठापटक, अंदरूनी कलह, आरोप-प्रत्यारोप से पैदा संकट का अंत करती राजस्थान विधानसभा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर अपना पूरा विश्वास व्यक्त कर दिया। बागियों की घर वापसी से मजबूत हुए मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास मत जीत लिया। संसदीय कार्य मंत्री शांति धारिवाल की ओर से रखे गए प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई, फिर विधानसभा ने इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया यानी मतदान की नौबत नहीं आई। इसके बाद स्पीकर सीपी जोशी ने कार्रवाई 21 अगस्त तक स्थगित कर दी। कांग्रेस भले ऑल इज वैल का दावा कर रही हो लेकिन गहलोत और पायलट खेमे के बीच की दीवार अभी पूरी तरह गिरी नहीं है। यह बात उनके अलग-अलग गुट के रूप में विधानसभा में आने और बदली हुई सीट व्यवस्था के तहत दूर-दूर बैठाने से खुद ब खुद साबित हो गई। दोनों नेताओं और उनके समर्थकों ने भी सदन में बोलते समय इशारों में ही सही, अपनी भड़ास निकालने में कोई गुरेज नहीं किया। हालांकि गहलोत के सीधे निशाने पर जहां विपक्षी पार्टी भाजपा रही वहीं अपनी बगावत पर सफाई देते और पार्टी व सरकार के प्रति निष्ठा दोहराते पायलट ने मुख्यमंत्री की परोक्ष घेरेबंदी कर डाली।

विश्वास मत पर चर्चा में भाग लेते गहलोत ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया पर वार करते मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक दलों में मतभेद होते रहते हैं। वसुंधरा राजे नीत आपकी सरकार में भी ऐसा हुआ था लेकिन, राजस्थान में निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने, फोन टैपिंग जैसे तिकड़मों की कोई परंपरा नहीं रही है। यह आपकी पार्टी (भाजपा) और हाई कमान का षड्यंत्र था। सरकार गिराने का षड्यंत्र था। देश में चुनी हुई सरकारों को अस्थिर किया जा रहा है। लोकतंत्र खतरे में है, केवल दो लोग राज कर रहे हैं। भाजपा के लोग धमीड़े ले रहे हैं, आप लोग (कटारिया व अन्य) बगुला भगत बन रहे हैं। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। वे 69 साल के हैं और 50 साल से राजनीति कर रहे हैं पर आज लोकतंत्र को लेकर चिंतित हैं। राजस्थान का मुखिया होने के नाते यहां लोकतंत्र की रक्षा करना उनका दायित्व था जिसे उन्होंने निभाया। राजस्थान की स्वस्थ राजनीतिक परंपरा का दोबारा जिक्र करते गहलोत ने सदन को बताया कि जब भैंरो सिंह शेखावत सरकार को गिराने की साजिश हुई थी तब वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे। उन्होंने राज्यपाल और प्रधानमंत्री से मिलकर निर्वाचित सरकार गिराने के षड्यंत्र में शामिल होने से मना कर दिया था। आप लोगों (भाजपा) को कांग्रेस का इतिहास पढ़ना चाहिए, आंखें खुल जाएंगी।

मुख्यमंत्री के बयान के दौरान विपक्षी सदस्यों ने कई बार कड़ा विरोध दर्ज कराया। कटारिया ने पायलट को निकम्मा-नकारा बताने वाले बयान की याद दिलाते गहलोत से कहा कि उन्हें यह सब बोलने के लिए भाजपा ने तो नहीं कहा था। जो भी हुआ वह कांग्रेस की भीतरी कलह का नतीजा था लिहाजा भाजपा के सिर ठीकरा फोड़ना बंद कर दें। विश्वास मत जीतने के बाद विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार का विधानसभा में विश्वास मत जीतना कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतों व कार्यक्रमों की जीत है। यह जीत उन विधायकों की है जो एक महीने से भी अधिक समय से एकजुट रहे हैं। यह जीत उन ताकतों के लिए एक संदेश हैं जो देश में निर्वाचित सरकारों (शेष पेज 9)

## सबसे मजबूत योद्धा को ही सीमा पर भेजा जाता है: सचिन पायलट

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**राजस्थान** विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सदन में सीट व्यवस्था बदली हुई थी। पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बगल के बगल में बैठने वाले पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट की सीट किनारे कर दी गई है। सिर्फ विधायक रह गए पायलट को 127 नंबर की सीट दी गई है जो कि निर्दल विधायक संयम लोढ़ा के बगल में है। इस अलगाव को न सिर्फ देखा बल्कि महसूस भी किया लिहाजा भाषण की शुरुआत इसी मसले के साथ की। उन्होंने कहा कि वे सरहद पर हैं और, सरहद पर सबसे मजबूत योद्धा को भेजा जाता है। उनकी इस बात पर सदन तालियों से गूंज उठा। स्पीकर ने विधानसभा में विधायकों के बैठने को लेकर नए नियम जारी किए जिसके मुताबिक पायलट को जहां निर्दलियों के करीब सीट दी गई वहीं, उनके कुछ समर्थक विधायकों को गैलरी में लगी कुर्सियों पर बैठाया गया। विधानसभा में सरकार के विश्वास मत जीतने के बाद पायलट ने सीट बदले जाने पर प्रतिकिया देते हुए कहा कि पहले वे सरकार का हिस्सा थे लेकिन अब नहीं हैं। महत्वपूर्ण यह नहीं कि कोई कहां बैठता है बल्कि अहम यह है कि लोगों के दिल और दिमाग में क्या है। जहां तक बैठने के पैटर्न का सवाल है तो यह स्पीकर और पार्टी द्वारा तय किया जाता है। वे इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहते।

## कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस को 81 पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस ने 74वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अशोक चक्र के बाद दूसरे सबसे बड़े वीरता पदक कीर्ति चक्र और इस श्रेणी में तीसरा सबसे बड़ा शौर्य चक्र हासिल किया है। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर पुलिस सबसे अधिक 81 वीरता पुलिस पदक जीतकर राज्यों की सूची में शीर्ष स्थान पर रही। सीआरपीएफ को 51 पदक मिले हैं और वह इस सूची में दूसरे नंबर पर है।

इस बल को ज्यादातर पदक जम्मू-कश्मीर में चलाए गए अभियानों के लिए ही मिले हैं। कीर्ति चक्र जम्मू और कश्मीर पुलिस के हेड कांस्टेबल अब्दुल रशीद कालस को मरणोपरांत प्रदान किया गया जबकि शौर्य चक्र जम्मू-कश्मीर पुलिस के ही उप महानिरीक्षक अमित कुमार को मिला। इस साल मई-जून में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन की सेना को चने चबाने वाले भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 21 जवानों को स्वतंत्रता दिवस पर वीरता पुरस्कार दिए जाने की संस्तुति की गई है। आईटीबीपी ने राष्ट्रीय त्यौहार की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में चीनी सेना से सीधी झड़पों के दौरान अदम्य साहस का प्रदर्शन करने के लिए अर्धसैनिक बल के 294 जवानों को प्रशस्ति और प्रतीक चिन्ह दिए हैं।

- चीन से भिड़े 21 आईटीबीपी जवानों को पराक्रम पुरस्कार की संस्तुति

आईटीबीपी के जवानों ने इन झड़पों के दौरान न केवल खुद को बचाने के लिए ढाल का बेहतरीन इस्तेमाल किया बल्कि चीनी सेना के अग्रिम सैनिकों को बहुत ही करारा जवाब देकर स्थिति को नियंत्रण में किया। चीनी सैनिकों के धोखे से किए हमले के खिलाफअपने सैनिकों का बहादुरी से लड़ने का जिक्र करते हुए आईटीबीपी ने कहा कि उच्च पेशेवर कौशल का प्रदर्शन करते हुए बल के सैनिक कंधे से कंधा मिलाकर लड़े और युद्ध में घायल अपने सैनिक साथियों को पीछे लेकर आए।

बयान में आगे कहा गया है कि आईटीबीपी के जवानों ने पत्थरबाज चीनी सैनिकों का पूरी रात बहादुरी से मुकाबला किया जबकि मुंह तोड़ जवाब देते हुए अपने जवानों को कम से कम नुकसान होने दिया। गतिरोध वाले स्थान पर आईटीबीपी के जवान लगातार लगभग 17 से 20 घंटे तक डटकर लड़े। आईटीबीपी ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में तैनाती, बेहद ऊंचाई वाले बिंदुओं पर लड़ाई के लिए प्रशिक्षण और युद्धाभ्यास के अनुभव के कारण (शेष पेज 9)

## अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में आज दिनांक 15 अगस्त 2020 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,877 | ↓ | 433 | |
| निफ्टी | 11,178 | ↓ | 122 | |
| सोना | 53,691 | ↑ | 730 | /10g |
| चांदी | 70,500 | ↑ | 1520 | /kg |

## क्विक न्यूज

### चंद्रयान-2 ने चंद्रमा पर क्रेटर की तस्वीर खींची


**नई दिल्ली।** चंद्रयान-2 ने चंद्रमा की तस्वीरें कैद की है और उसके एक क्रेटर का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि साराभाई का जन्म शताब्दी वर्ष 12 अगस्त को पूरा हुआ और यह वैज्ञानिक को श्रद्धांजलि है। सिंह ने कहा कि इसरो की हालिया उपलब्धियां साराभाई की दूरदृष्टि को साकार कर रही है। इसरो ने भारत को दुनिया के अग्रिम पंक्ति के देशों में खड़ा कर दिया है। अंतरिक्ष विभाग, प्रधानमंत्री कार्यालय के अधीन आता है। बयान मे सिंह के हवाले से कहा गया, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने यह घोषणा करके विशेष तरीके से उन्हे श्रद्धांजलि दी है कि चंद्रयान-2 ऑर्बिटर ने चंद्रमा पर साराभाई क्रेटर की तस्वीर कैद की है। साराभाई क्रेटर उस क्रेटर से पूर्व मे करीब 250 से 300 किलोमीटर दूर है जहां अपोलो 17 और लूना 21 मिशन उतरे थे।

### प्रणब मुखर्जी अब भी जीवनरक्षक प्रणाली पर

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की हालत नाजुक बनी हुई है लेकिन उसमे गिरावट नही आई है। उनकी बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति की सेहत शुक्रवार सुबह भी वैसी ही बनी रही। मुखर्जी (84) को 10 अगस्त को सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल मे भर्ती कराया गया था और उनकी मस्तिष्क की सर्जरी की गई थी। इससे पहले कोविड-19 जांच मे उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। अस्पताल ने एक बयान मे कहा, माननीय श्री प्रणब मुखर्जी की हालत आज सुबह (14 अगस्त 2020) वैसी ही बनी रही। वह अब भी जीवनरक्षक प्रणाली पर है। उनकी हालत अभी स्थिर है। मुखर्जी के मेडिकल बुलेटिन के बाद उनकी बेटी ने ट्विटर पर जानकारी दी कि उनकी हालत मे गिरावट नही आई है।

## विस्तारवादी चीन को राष्ट्रपति का सख्त संदेश- देंगे माकूल जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने विस्तारवादी नीति पर चल रहे चीन को परोक्ष रूप से कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि भारत शांति और मित्रता में भरोसा करता है, लेकिन किसी भी आक्रामक प्रयास का वह मुंहतोड़ जवाब देने में भी सक्षम है। राष्ट्रपति कोविंद 74वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे। मालूम हो कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर कई जगह मई के महीने से चीन के साथ गतिरोध चल रहा है।

राष्ट्रपति कोविंद ने शुक्रवार शाम राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में चीन का नाम लिए बिना कहा कि आज जब विश्व समुदाय के समक्ष आई सबसे बड़ी चुनौती (कोविड-19) से एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है तब हमारे पड़ोसी ने अपनी विस्तारवादी गतिविधियों को चालाकी से अंजाम देने का दुस्साहस किया। पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में बलिदान देने वाले सशस्त्र बलों के जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कोविंद ने कहा कि उनके शौर्य ने यह दिखा दिया है कि हमारी आस्था शांति में होने पर भी, कोई अशांति उत्पन्न करने की कोशिश करेगा तो उसे माकूल जवाब दिया जाएगा।

पूरा देश गलवान घाटी के शहीदों को नमन करता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों, पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों पर गर्व है जो सीमाओं की रक्षा करते हैं और हमारी आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। राष्ट्रपति कोविंद ने अपने संबोधन में कोरोना महामारी के दौरान डटे डाक्टरों, नर्सो और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के योगदान की भी प्रशंसा की और कहा कि देश उनका ऋणी है जो लगातार अग्रिम मोर्चे पर इस महामारी से लोहा ले रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर के (शेष पेज 9)

### रक्षामंत्री की दुश्मनों को चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पूर्वी** लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर जारी तनातनी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दुश्मन देश भारत पर हमला करता है तो हर बार की तरह करारा जवाब दिया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि हम राष्ट्रीय सुरक्षा के दायरे में जो कुछ भी करते हैं, हमेशा आत्मरक्षा के लिए करते हैं, न कि दूसरों पर हमला करने के लिए। सुरक्षा बलों को भरोसा देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार वह सब कुछ कर रही है जो सेना की परिचालन (शेष पेज 9)

### गृहमंत्री अमित शाह ने दी कोविड-19 को मात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कोरोना को मात दे दी है। उन्होंने खुद ट्वीट कर यह जानकारी दी है। शाह ने बताया कि उनकी कोरोना टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आई है लेकिन वह डॉक्टरों की सलाह पर अभी कुछ दिन और होम आइसोलेशन में रहेंगे। शाह बीते दो अगस्त को कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। गृह मंत्री शाह ने ट्वीट कहा कि उनकी कोरोना टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आई है। वह ईश्वर का धन्यवाद करते हैं और इस समय जिन लोगों ने उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं दीं व उनके परिजनों को ढांढस बंधाया, वह उन सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। एक और ट्वीट में उन्होंने अपना इलाज करने वाले डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को शुक्रिया कहते हुए लिखा कि कोरोना संक्रमण से लड़ने में उनकी मदद करने वाले और उपचार करने वाले मेदांता अस्पताल के सभी डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ का भी आभार जताते हैं।

## देश में कोरोना के 64,553 नए मामले, 1007 की मौत

- 25 लाख के पास पहुंची संक्रमितों की संख्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** में कोरोना वायरस संक्रमण के शुक्रवार को 64,553 नए मामले सामने आने के बाद देश में इस वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 25 लाख के पास चली गई जबकि इनमें से 17 लाख से अधिक लोग स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं कोविड-19 महामारी पर रोजाना सरकार की ओर से मीडिया को जानकारी देने वाले केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 17,51,555 लोग संक्रमित होने के बाद स्वस्थ हो चुके हैं और लोगों के ठीक होने की दर सुधर कर 71.17 प्रतिशत हो गई है। देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 24,61,190 हो गई है और पिछले 24 घंटे में 1,007 और लोगों की मौत हो जाने के कारण मृतक संख्या बढ़कर 48,040 हो गई है। मृत्युदर गिरकर 1.95 प्रतिशत रह गई है। देश में इस समय 6.60 लाख संक्रमित लोगों का उपचार चल रहा है। यह संख्या कुल मामलों का 26.88 प्रतिशत है।

आईसीएमआर के अनुसार, देश में 2.76 करोड़ से अधिक नमूनों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से बृहस्पतिवार को एक दिन में सर्वाधिक 8,48,728 नमूनों की जांच की गई। जिन 1,007 लोगों की पिछले 24 घंटे में मौत हुई है, उनमें से महाराष्ट्र में सर्वाधिक 413 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद तमिलनाडु (119), कर्नाटक (103), आंध्र प्रदेश (82), पश्चिम बंगाल (56), उप्र (50), पंजाब (31), गुजरात (18), मध्य प्रदेश (17), दिल्ली (14), झारखंड (12), जम्मू-कश्मीर (11), राजस्थान (11) और बिहार (10) में लोगों की मौत हुई। इनके अलावा, ओडिशा और तेलंगाना में नौ-नौ, असम एवं हरियाणा में आठ-आठ, पुडुचेरी में छह, छत्तीसगढ़ में पांच, केरल एवं उत्तराखंड में तीन-तीन, गोवा और त्रिपुरा में दो-दो, अरुणाचल, अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और मणिपुर में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। देश में संक्रमण से कुल 48,040 लोगों की मौत हुई है। इनमें से महाराष्ट्र में सबसे अधिक 19,063 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बाद तमिलनाडु (5,397), दिल्ली (4,167), कर्नाटक (3,613), गुजरात (2,731), आंध्र प्रदेश (2,378), उप्र (2,280), पश्चिम बंगाल (2,259) और मध्य प्रदेश (1,065) में बड़ी संख्या लोगों की मौत हो चुकी है। राजस्थान में कोविड-19 से अब तक 833, (शेष पेज 9)

## प्रशांत भूषण न्यायालय की अवमानना के दोषी करार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने कार्यकर्ता, अधिवक्ता प्रशांत भूषण को न्यायपालिका के खिलाफ दो अपमानजनक ट्विट के लिए उन्हें शुक्रवार को आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया और कहा कि इन्हें जनहित में न्यापालिका के कामकाज की स्वस्थ आलोचना नहीं कहा जा सकता। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि प्रशांत भूषण ने उच्चतम न्यायालय की समूची संस्था को ही बदनाम करने का प्रयास किया है।

न्यायालय ने कहा, अगर ऐसे हमले से आवश्यक सख्ती के साथ नहीं निबटा गया तो यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय में राष्ट्रीय सम्मान ओर गरिमा को प्रभावित कर सकता है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने अपने फैसले में कहा, ट्विट जो तोड़े मरोड़े गए तथ्यों पर आधारित थे, हमारी सुविचारित राय में आपराधिक अवमानना करने के समान है। परिणामस्वरूप, हम कथित अवमाननाकर्ता-प्रशांत भूषण- को इस न्यायालय की आपराधिक अवमानना करने का दोषी ठहराते हैं।

शीर्ष अदालत ने अपने 108 पेज के आदेश में ट्विटर इंक, कैलिफोर्निया, अमेरिका को अवमानना मामले में उनका स्पष्टीकरण स्वीकार करने के बाद आरोप मुक्त (शेष पेज 9)

## उप्र के बाहुबली विधायक विजय मिश्रा मप्र से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भदोही** जिले की ज्ञानपुर विधानसभा के बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को भदोही पुलिस की सूचना पर मध्यप्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। विधायक की गिरफ्तारी उस समय हुई जब वह महाकाल का दर्शन पूजन करने के बाद वहां से निकल चुके थे। उन्हें पुलिस ने तनोडिया में वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। विधायक को लेने के लिए भदोही पुलिस की टीम रवाना हो चुकी है। उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लाया जाएगा।

विधायक पर कुल 73 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। विधायक विजय मिश्रा पर पिछले दिनों गुंडा एक्ट लगा था। इसके बाद विधायक, उनकी पत्नी रामलली मिश्रा और बेटे विष्णु मिश्रा पर पड़ोसी कृष्णमोहन तिवारी ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन पर धनापुर आवास को जबरिया वसीयतनामा लिखवाने का आरोप लगाया था। विधायक इसी मकान में रहते थे। उन पर मकान को जबरिया कब्जा करने का आरोप था। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद कृष्ण मोहन तिवारी का अदालत में कलमबंद बयान दर्ज कराया था। जिसके बाद विधायक को लग रहा था कि अब उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से विधायक गायब हो गए थे। इस बीच विजय मिश्रा ने एक वीडियो जारी कर कहा कि ब्राह्मण होने के नाते उन्हें परेशान किया जा रहा है और पुलिस कभी भी उनका एनकाउंटर कर सकती है। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी रामलली और बेटे विष्णु को फर्जी मामले में फंसाया जा रहा है। विधायक महाकाल दर्शन को गए थे वापसी के दौरान आगर. मालवा पुलिस ने उन्हें वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। विधायक की एमएलसी पत्नी रामलली के प्रयागराज से गायब होने की बात को पुलिस ने गलत बताया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी के भय से बचने के लिए वह खुद गायब हैं।

विधायक पर हाल के दो मुकदमों को लेकर कुल 73 आपराधिक मुक़दमें दर्ज हैं। हालांकि इसमें अधिकांश मुकदमों में विजय मिश्र को क्लीन चिट मिल चुकी है। इसी आपराधिक मुक़दमें में यूपी सरकार में मंत्री नंदगोपाल नन्दी पर हमले का भी मामला है। 2017 के विधानसभा चुनाव में उनकी तरफ से दिए गए शपथ पत्र में 16 आपराधिक मुकदमों का उल्लेख था। जिसमें हत्या के प्रयास और आपराधिक साज़िश रचने जैसे गम्भीर आरोप भी हैं। वैसे विधायक हमेशा इन मुकदमों को बेबुनियाद बताते हुए विरोधियों की साजिश बताते रहे हैं। इनमें भदोही, प्रयागराज, मिर्जापुर, मेरठ और हावड़ा शामिल है। सबसे अधिक मुकदमें भदोही और प्रयागराज में दर्ज हैं।

### बेटी ने कहा, फेक एनकाउंटर नहीं होना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधायक** विजय मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद उनकी बेटी रीमा मिश्रा ने कहा कि पुलिस मेरे पिता को सही सलामत कोर्ट तक लाए। विकास दुबे की तरह फेक एनकाउंटर नहीं होना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि मेरे पिता के साथ कुछ भी हो सकता है। कहा कि इस बार गाड़ी नहीं पलटनी चाहिए। मध्यप्रदेश में शुक्रवार को विजय मिश्रा की गिरफ्तारी के तुरंत बाद उनकी बेटी रोमा मिश्रा का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें उन्होंने कहा कि इस समय पुलिस से बहस की स्थित में नहीं हूं। केवल उनसे पूछना चाहती हूं कि वहां मेरे पिताजी किसकी कस्टडी में हैं। क्या यूपी पुलिस की कस्टडी में हैं। कैसे दोनों पुलिस ने कोआर्डिनेट किया है। रीमा ने कहा कि पुलिस से केवल यह कहना चाहती हूं कि मेरे पिताजी को सही सलामत कोर्ट तक लाया जाए। रीमा ने अपील की कि पुलिस अधीक्षक पूरी प्रक्रिया को अपने अंडर में लें। विकास दुबे जैसा फेक एनकाउंटर मत कीजिये। रीमा ने कहा कि मेरी यूपी सरकार से भी एक ही अपील है। अगर कोई अपराध करता है तो उसके लिए अदालत है। कृपया फेक एनकाउंटर मत कीजिये। इस बार कोई गाड़ी नहीं पलटनी चाहिए।


केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल
आंतरिक सुरक्षा के शूरवीरों का अभिनंदन
सत्यमेव जयते
सी०आर०पी०एफ० स्वतंत्रता दिवस 2020 पर 55 वीरता पदकों से सम्मानित
वीरता के लिए पुलिस पदक
शहीद सिपाही प्रांजल पचानी
शहीद सिपाही लाजु एन० एस०
शहीद सिपाही फते सिंह कुडोपा
शहीद सिपाही लक्ष्मण पूर्ति
श्री रविदीप सिंह साही, महानिरीक्षक
श्री नरेश कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट
श्री एल० इबोमचा सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट
सिपाही देवसंत कुमार
उप निरीक्षक विजय कुमार सिंह
सिपाही जी० जगनमोहन राव
सिपाही मुकेश कुमार साकेत
सिपाही हेमन्त सिंह
सिपाही कनक रामबियारी
सिपाही रंजन दास
श्री देवेन्द्र मोहन शर्मा, उप कमाण्डेन्ट
सिपाही बी० एच० देशमाई
श्री अनुरूद्ध प्रताप, सहायक कमाण्डेन्ट
सिपाही इम्तियाज नसीर
सिपाही सायर अहमद डार
सिपाही विकास कुमार
सिपाही रामशरण यादव
उप निरीक्षक नितीश कुमार दुबे
सिपाही राणा जुल्फकार अली
सिपाही ईरशाद अहमद हजाम
सिपाही राजु सरकार
श्री शशि कान्त राय, उप कमाण्डेन्ट
श्री राम किशन, सहायक कमाण्डेन्ट
सिपाही सुरज कुमार
सिपाही संदीप कुमार
श्री संजीव कुमार सिंह, द्वि० क० अधिकारी
सिपाही जहाँगीर मुनावर
सिपाही संजय कुमार कामत
श्री ए० के० श्रीवास्तव, सहायक कमाण्डेन्ट
श्री ए० के० कौशिक, सहायक कमाण्डेन्ट
श्री योगेन्द्र सैन, सहायक कमाण्डेन्ट
उप निरीक्षक कुलदीप सिंह
सिपाही संजय चहल
सिपाही मनोज कुमार बारिक
श्री राजेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट
उप निरीक्षक अंकित मान
सिपाही विकास भगत
सिपाही सुजित ओरांव
श्री अतुल करवल, अपर महानिदेशक
श्री सुमन कान्त तिग्गा, उप महानिरीक्षक
श्री राकेश रमन, सहायक कमाण्डेन्ट
श्री विशान्त, सहायक कमाण्डेन्ट
उप निरीक्षक सन्दीप कुमार
सिपाही जावेद अहमद डार
सिपाही इमरान खान
निरीक्षक अताउर रहमान
सिपाही नसीर ए०
सिपाही एन० अहमद
उप निरीक्षक रवि शंकर
श्री राजेश कुमार बरनेला सहायक कमाण्डेन्ट
सिपाही नजीर अहमद
सी0आर0पी0एफ0 : सर्वाधिक वीरता पदकों से सम्मानित बल
davp 19111/13/0069/2021
www.crpf.gov.in
@crpfindia
crpf.peacekeepersofthenation
CentralReservePolice


सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास
शान से लहराये तिरंगा प्यारा
आत्मनिर्भर भारत संकल्प हमारा
74वाँ
स्वतंत्रता दिवस
देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता और एकता के पावन उत्सव
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आज पूरी दुनिया कोविड–19 महामारी से त्रस्त है, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। देशभक्ति का अर्थ केवल तिरंगे को लहराना ही नहीं, बल्कि अपने देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है। इस अदृश्य संकट से आप सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी सुरक्षित रखें और देश को आत्मनिर्भर बनाने में यथासम्भव अपना योगदान दें।
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम
● प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार कार्यक्रम' के माध्यम से 4.03 लाख एम.एस.एम.ई. इकाइयों को 10,600 करोड़ रु. से अधिक के ऋण का ऑनलाइन वितरण ● 1.25 करोड़ से अधिक कामगारों व श्रमिकों को रोजगार ● 50 लाख से अधिक लोगों को वृहद एवं एम.एस.एम.ई. इकाइयों में रोजगार ● 2.71 लाख उद्यमियों को 8679 करोड़ रु. ऋण वितरण ● 98,743 नवीन एम.एस.एम.ई. इकाइयों को 2,447 करोड़ रु. ऋण वितरण ● 38 लाख से अधिक श्रमिकों/कामगारों की सुरक्षित घर वापसी की नि:शुल्क व्यवस्था ● 35.49 लाख श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर रोजगार का प्रबंध ● 15 करोड़ से अधिक लोगों को 6 बार में 45 लाख मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न वितरित ● 53 लाख से अधिक श्रमिकों, दिहाड़ी मजदूरों एवं कामगारों को एक–एक हजार रुपये का वितरण ● मनरेगा में 18.33 करोड़ मानव दिवस का सृजन ● हर जिले में इण्टीग्रेटेड कोविड कंट्रोल एवं कमाण्ड सेंटर की स्थापना ● 1 लाख 51 हजार से अधिक कोविड केयर बेड की व्यवस्था ● 37 कोविड टेस्टिंग लैब की स्थापना ● सभी जनपदों में ट्रूनेट मशीनें, वेन्टीलेटर, पल्स ऑक्सीमीटर, इन्फ्रारेड थर्मोमीटर की व्यवस्था ● प्रतिदिन 1 लाख से अधिक कोविड टेस्टिंग।
2 गज
सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें
फेस कवर/मास्क अवश्य लगाएं
हाथों को साफ रखने हेतु साबुन/सैनेटाइजर का प्रयोग करें
छींकते और खांसते समय अपना मुंह व नाक रुमाल से ढकें
Aarogya Setu
आरोग्य सेतु एवं आयुष कवच एप का प्रयोग करें
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# स्वतंत्रता दिवस आज, अलग दिखेगा नजारा

## ● थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही मिलेगा प्रवेश



फोटो : रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लाल किले पर इस साल 74वां स्वतंत्रता दिवस समारोह कुछ अलग दिखेगा। समारोह की तैयारी में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि लाल किले पर होने वाले कार्यक्रम में वही जवान शामिल होंगे जिन सबके कोविड टेस्ट नेगेटिव आए हैं, या जो कोरोना को हराकर आए हैं। समारोहों के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं और सामाजिक दूरी के नियमों का अनिवार्य तरीके से पालन किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित करने के लिए राजघाट जाएंगे। वहां से करीब 7.21 बजे लालकिला पहुंचेंगे और 7.30 बजे तिरंगा फहराएंगे। पीएम लाल किले की प्राचीर देश को संबोधित करेंगे। लाल किले के आसपास एनएसजी स्नाइपर्स, स्वात लकमांडो और पतंग पकड़ने वाले कर्मियों समेत एक सुरक्षा घेरा तैनात रहेगा।

दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त जनसंपर्क अधिकारी अनिल मित्तल ने कहा, दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस समारोहों के सिलसिले में बहुस्तरीय इंतजाम किए हैं। एनएसजी, एसपीजी और आईटीबीपी जैसी अन्य एजेंसियों के साथ आवश्यक समन्वय किया गया है।

उन्होंने कहा, सभी तरह के खतरों की सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी एजेंसियां एक दूसरे के साथ समन्वय में काम करेंगी। स्वात टीम और पराक्रम वाहनों को रणनीतिक रूप से लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री के लाल किले जाने के मार्ग पर भारी सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा के लिए 300 से अधिक कैमरे लगाए गए हैं और उनकी फुटेज पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि लाल किले पर करीब 4,000 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे और वे सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए डटे रहेंगे।

इस बीच अनेक जगहों पर मेडिकल बूथ बनाए गए हैं। इन स्थानों पर एंबुलेंस भी तैनात रहेंगी। समारोह में आने वाले सभी आगंतुकों के लिए सभी प्रवेश बिंदुओं पर थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था होगी। अधिकारियों ने बताया कि लाल किले के अंदर और बाहर के इलाके को नियमित रूप से संक्रमण मुक्त करने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी आगंतुकों से चेहरे को ढकने वाला मास्क पहनने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर अनेक जगहों पर बांटने के लिए बड़ी संख्या में मास्क तैयार किए गए हैं।

पुलिस उपायुक्त (रेलवे) हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा, रेलवे स्टेशनों पर और पटरियों पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। लाल किले के पास से निकलने वाली रेल पटरियों पर सुबह 6.45 से 8.45 बजे के बीच ट्रेनों की आवाजाही नहीं होगी।

### स्कूली बच्चे नहीं दिखेंगे

इससे पहले हर स्वतंत्रता दिवस समारोह पर मौजूद स्कूली बच्चों का जोश देखते ही बनता था। लेकिन इस साल स्कूली बच्चे समारोह में नहीं दिखेंगे। इससे पहले फोरग्राउंड पर हर साल करीब 3,500 स्कूली बच्चे मौजूद रहते थे। उन्हें प्रधानमंत्री से हाथ मिलाने का मौका भी मिलता था। इस बार समारोह में सिर्फ नेशनल कैडेट कोर बच्चे शामिल होंगे। इन बच्चों में भी हर एक में 6 फीट की दूरी रहेगी।

# इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा को शहादत के 12 साल बाद मिला गैलेंट्री अवॉर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिवंगत एमसी शर्मा



गोविंद शर्मा



राजेश कुमार



जितेंद्र कुमार



सुनीता मान



मनीष

दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा को उनकी शहादत के 12 साल बाद गैलेंट्री अवॉर्ड दिए जाने की घोषणा की गई। बटला हाउस एनकाउंटर में मोहन चंद शर्मा शहीद हो गए थे। वे दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल में तैनात थे।

## ● दिल्ली पुलिस के कुल 35 लोग होंगे सम्मानित

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शहीद इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा और उनकी टीम के इंस्पेक्टर कैलाश सिंह बिष्ट (फिलहाल स्पेशल सेल में), देवेंद्र मलिक और धर्मेंद्र समेत स्पेशल सेल के 6 बहादुरों को इस बार गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वर्ष 2008 में बटला हाउस मुठभेड़ में शहीद हुए दिल्ली पुलिस के निरीक्षक मोहन चंद शर्मा को मरणोपरांत सातवीं बार वीरता पदक दिया गया है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने वीरता पुरस्कारों की घोषणा की है।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस पुलिस बल के सहायक कमांडेंट नरेश कुमार ने भी कश्मीर घाटी में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए सातवीं बार वीरता पुरस्कार से नावाजा गया है। दिल्ली पुलिस के 35 अधिकारियों और पुरुषों को उनकी सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। वहीं विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए 03 और स्वतंत्रता दिवस 2020 के अवसर पर मेधावी सेवा के लिए पुलिस पदक के लिए 16 कर्मचारी पदक प्रदान किया गया है।

इस बीच कोरोना योद्धा एसआई सुनिता मान, हवलदार मनीष कुमार और जितेंद्र को राष्ट्रपति भवन में होने वाले कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किया। सके बाद दिल्ली पुलिस के डीसीपी मनीषी चंद्र, एसीपी गोविंद शर्मा, इंस्पेक्टर विनय कुमार, इंस्पेक्टर संजय गुप्ता, इंस्पेक्टर राजेश कुमार, इंस्पेक्टर कैलाश सिंह बिष्ट, इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर रविंदर जोशी, इंस्पेक्टर विनोद कुमार बडोल, एएसआई शिवमंगल यादव, एसआई अजैबीर सिंह, एसआई देवेंद्र सिंह, एसआई बनय सिंह, एएसआई निसार अहमद, एएसआई परवेश राठी को गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

महाराष्ट्र पुलिस और झारखंड पुलिस को क्रमश: 14 और 12 पदक दिए गए हैं। हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के निदेशक और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अतुल करवाल को दूसरी बार वीरता पदक दिया गया है। सीआरपीएफ के ने बताया, बल को मिले 55 पदकों में लिए दिया गया है।

# गौतम बुद्ध नगर में पिछले 24 घंटे में 4 लोगों ने की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतम बुद्ध नगर जिले में अलग-अलग स्थानों पर पिछले 24 घंटे में चार लोगों ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली।

पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी अभिनेंद्र सिंह ने बताया कि बादलपुर पुलिस को सूचना मिली कि गांव डेयरी मच्छा के पास एक व्यक्ति पेड़ पर फंदे से लटका हुआ है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में पता चला कि मृतक का नाम अयूब है और वह डेरी मच्छा गांव का रहने वाला था। सिंह ने बताया कि अयूब ने डेरी मच्छा श्मशान घाट के पास पेड़ से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इससे पहले थाना फेस-तीन क्षेत्र के सेक्टर 66 में रहने वाले एक युवक ने अपने घर पर पंखे से लटककर कथित रूप से आत्महत्या कर ली।

मृतक की पहचान ऋषि गौतम (29) के रूप में हुई है। थाना फेस-2 क्षेत्र के नया गांव में रहने वाले कालीचरण (26) ने शराब के नशे में अपने घर की चौथी मंजिल से कथित रूप से छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। सिंह ने बताया कि इसके अलावा, भंगेल गांव में रहने वाले दिनेश ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# सचिवालय में तिरंगा फहराएंगे केजरीवाल

## ● दिल्ली वालों और देश भर के आप कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोशल मीडिया के जरिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार (15 अगस्त) को देश भर के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का यह संबोधन शाम 4 बजे देश भर के स्वयं सेवक उनके फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल और पार्टी के यूट्यूब चैनल पर लाइव देख सकेंगे। केजरीवाल ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।

अरविंद केजरीवाल शनिवार की सुबह सबसे पहले दिल्ली सचिवालय में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद शाम 4 बजे आम आदमी पार्टी के देश भर के कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन संबोधित करेंगे। इस लाइव कार्यक्रम में देश भर के लाखों वालेंटियर्स देख और सुन सकेंगे। केजरीवाल के संबोधन को लेकर देशभर के पार्टी स्वयंसेवकों में भारी उत्साह है।

ज्ञात हो कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत के बाद आम आदमी पार्टी उत्साह से भरी हुई है। पार्टी हलको में चर्चा है कि आगामी यूपी और लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी दूसरे प्रदेशों में अपनी जमींन तलाशने में जुटी हुई है। माना जा रहा है कि केजरीवाल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को विस्तार का संदेश देने वाले है।

# पूर्व सांसद सुरेंद्र प्रकाश गोयल का निधन, कोरोना से थे पीड़ित

***गाजियाबाद।*** *गाजियाबाद के पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शुमार सुरेंद्र प्रकाश गोयल का शुक्रवार को निधन हो गया। कोरोना संक्रमण के बाद वह पिछले पंद्रह दिनों से दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती थे। शनिवार की सुबह साढ़े 6 बजे उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके पुत्र सुशांत गोयल ने दोपहर में कोरोना प्रोटोकॉल के तहत पीपीई किट पहनकर उनको मुखाग्नि दी। गोयल के निधन की खबर मिलते ही कांग्रेसी नेताओं में शोक की लहर दौड़ गई है। सुबह से ही उनके आवास पर कांग्रेसी नेताओं, कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों की भीड़ लग गई थी।*




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 15 अगस्त, 2020



# 74वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

## पुलिस आयुक्त केके राव और उपायुक्त अमित खत्री ने लिया तैयारियों का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में भाग लेते पुलिस के जवान व सलामी लेते पुलिस आयुक्त केके राव।

**स्वतंत्रता** दिवस पर शनिवार को आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार गुरुग्राम में स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला अपने परदादा पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल के नाम पर सेक्टर-38 में बने खेल परिसर में ध्वजारोहण करेंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे।

कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस कार्यक्रम का यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा जिसका लिंक है। इस समारोह की तैयारियों को उपायुक्त अमित खत्री ने अंतिम रूप दिया।

उन्होंने स्वयं अधिकारियों की टीम के साथ समारोह स्थल का दौरा किया। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ताऊ देवीलाल खेल परिसर में शनिवार को ठीक प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इससे पहले वे स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन परिसर में बने युद्धस्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर देश के जाने अंजाने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। ताऊ देवी लाल खेल परिसर में आयोजित हो रहे जिला स्तरीय कार्यक्रम में इस बार केवल परेड होगी तथा कोरोना संक्रमण की तीव्रता के दौरान अच्छा काम करने वाले कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया जाएगा। यही नही, उप-मुख्यमंत्री खेल परिसर में ही गुरुग्राम के विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास भी करेंगे। समारोह में इस बार परेड में 7 टुकड़ियां भाग ले रही हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर गुरुग्रामवासियों को मिलेगी 10 करोड़ की 17 परियोजनाएं

**गुरुग्राम।** स्वतंत्रता दिवस पर गुरुग्राम को 17 परियोजनाओं का तोहफा मिलने जा रहा है। प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला स्वतंत्रता दिवस समारोह होने के बाद वहीं ताऊ देवीलाल खेल परिसर में इन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला लगभग 10 करोड़ 44 लाख रुपये की 17 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में जिला के ग्रामीण अंचल की परियोजनाएं शामिल हैं। दुष्यंत चौटाला गांव नौरंगपुर में छह परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें अनुसूचित जाति चौपाल, स्कूल में एक कमरे का निर्माण, पिछड़ा वर्ग चौपाल, हिमजा जोहड़ के सौंदर्यकरण, वाटिका और कुश्ती हॉल आदि शामिल हैं। इसी प्रकार, वे गांव बजघेड़ा में 5 परियोजनाओं का उद्घाटन और एक परियोजना का शिलान्यास करेंगे। बजघेड़ा गांव में एक बॉक्सिंग एंड बैडमिंटन हॉल ए अनुसूचित जाति सामुदायिक हॉल, प्रजापति चौपाल, वाल्मीकि चौपाल और आयुर्वेदिक औषधालय का उद्घाटन करेंगे, साथ ही वे सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास भी करेंगे। इसी प्रकार धर्मपुर गांव में दो परियोजनाओं का उद्घाटन व एक का शिलान्यास करेंगे, इनमें राधा कृष्ण वाटिका और अनुसूचित जाति चौपाल का उद्घाटन व सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास शामिल है। गांव नखड़ौला में जोहड़ की चारदीवारी कार्य का शिलान्यास और गांव मौजाबाद में जोहड़ के सौंदर्यकरण कार्य का उद्घाटन करेंगे।

# गृहमंत्री अमित शाह की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कोरोना को मात दे दी है। शुक्रवार को उनकी कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई। इसकी खुद जानकारी देते हुए गृह मंत्री अमित शाह से ट्वीट किया। साथ ही उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर्स, पैरा-मेडिकल स्टाफ का भी आभार जताया है।

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2 अगस्त 2020 को कोरोना पॉजिटिव हुए थे। उन्होंने इसकी भी खुद ही ट्वीट करके जानकारी दी थी। इसके बाद उन्हें यहां मेदांता मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों की गहन देखरेख में उनका उपचार हुआ। शुक्रवार को उनकी कोरोना की जांच की गई, जिसमें रिपोर्ट नेगेटिव आई। इसकी जानकारी भी उन्होंने ट्वीट करके दी। अपने ट्वीट में गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा है कि आज मेरी कोरोना टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आई है। मैं ईश्वर का धन्यवाद करता हूं। इस इस समय जिन लोगों ने मेरे स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं देकर मेरा और मेरे परिजनों को ढांढस बंधाया, उन सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। अमित शाह ने कहा कि डॉक्टर्स की सलाह पर अभी कुछ और दिनों तक होम आइसोलेशन में रहूंगा। गृह मंत्री अमित शाह ने डॉक्टरों का आभार जताते हुए कहा कि कोरोना से लड़ने में मेरी मदद करने वाले और मेरा उपचार करने वाले मेदांता अस्पताल के सभी डॉक्टर्स व पैरा-मेडिकल स्टाफ का भी आभार व्यक्त करता हूं।

## लाठी-डंडों से हमला महिला सहित 5 लोग गंभीर रूप से घायल

**रादौर।** गांव अलाहर में रंजिशन कुछ लोगों ने लाठियों व डंडों से हमला कर एक महिला सहित 5 लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं हमलावरों ने घायलों की कार को तोड़ डाला, महिला की दो तोले की सोने की चेन व गाडी से एक लाख रुपये चुरा लिये। वहीं महिला के साथ अश्लील हरकते की। वहीं एक हमलावर ने देशी कटटे से फायर कर गांव में दहशत फैला दी। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। पुलिस ने घायलों की शिकायत पर हमलावरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। गांव अलाहर निवासी भारतभूषण कांबोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी आशु, पिता राजबीर, भाई जरनैल सिंह व भतीजे हेमंत के साथ गली में खड़ा हुआ था। तभी रंजिशन सरदारा राम, उसकी पत्नी रीना, शुभम व अन्य 8 से 10 लड़कों ने लाठियों व डंडों से हमला कर दिया।

# होम आइसोलेशन से पांच बच्चों को लेकर महिला फरार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सभी को कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद किया था होम आइसोलेट

**कोरोना** संक्रमित हुए लोगों के होम आइसोलेशन से फरार, गायब होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसा करके इन लोगों द्वारा कोरोना को फैलाया जा रहा है। पूर्व में कई इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। गुरुवार को भी यहां नाहरपुर रुपा गांव से एक कोरोना पॉजिटिव महिला अपने पांच बच्चों के साथ होम आइसोलेशन से फरार हो गई। स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि महिला के गृह जिले में संपर्क कर जानकारी जुटाई जा रही है। मोबाइल लोकेशन से भी पता लगाया जा रहा है।

नाहरपुर रूपा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनिता शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून को कोरोना टेस्ट कैम्प में नाहरपुर रूपा गांव में रहने वाली 30 वर्षीय महिला व उसके पांच बच्चे कोरोना संक्रमित पाए गए थे। रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टरों ने सभी को सेक्टर-9 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में आइसोलेट कर दिया था। हालांकि महिला समेत बच्चों में कोरोना के लक्षण नहीं मिलने पर अगले दिन सभी को उन्हें होम आइसोलेट कर दिया। गुरुवार को डॉक्टरों को मकान मालिक से सूचना मिली की पूरा परिवार बिना बताए यहां से चला गया है। जब डॉक्टरों ने महिला व उसके पति के मोबाइल पर कॉल किया तो वे बंद मिले। मेडिकल ऑफिसर ने पुलिस में शिकायत देकर मामला दर्ज करा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### आजाद हिंद फौज के शहीदों की पत्नियों का सम्मान



**सोहना।** पंचायत विभाग ने स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले खंड की तीन आजाद हिंद फौज के अमर शहीदों की वीरांगनाओं को घर-घर जाकर सम्मानित किया। वीरांगनाओं को एक-एक शॉल और गुलाब का फूल भेंटकर करके सम्मानित किया। खंड विकास एवं पचायत विभाग अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि उपायुक्त अमित खत्री व सोहना एसडीएम डॉ. चिनार के आदेश पर स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले आजाद हिन्द फौज के अमर शहीदों की पत्नियों को उनके घर जाकर सम्मानित किया। बीडीपीओ ने बताया कि सोहना ब्लॉक में तीन वीरांगनाएं हैं। तीनों ही वीरांगनाओं को उनकी टीम के सदस्यों ने यह सम्मान दिया। सबसे पहले उनकी टीम गांव अभयपुर में वीरांगना ग्यासो देवी पत्नी अमर शहीद घमण्डी के घर पर पहुंची। उसके बाद गढ़ीबाजीदपुर में शांतिदेवी पत्नी अमर शहीद सूरजमल और गांव उल्लावास निवासी शिवली पत्नी अमर शहीद प्रहलाद को सम्मानित किया। उन्होने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर सामाजिक दूरी नियम का पालन करने के उपलक्ष्य को लेकर सभी विरांगनाओं को यह सम्मान दिया है।

### बाल विकास परियोजना विभाग ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम



**गुरुग्राम।** प्रदेश के बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं को देने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन जिले में किया जाता रहा है। इसी क्रम में विभाग की अधिकारी इंदू गोदारा की देखरेख में गुड़गांव गांव में ब्लॉक रिसोर्स ग्रुप (बीआरजी) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम व सुपरवाइजर आदि भी शामिल हुई। डॉ. श्वेता और डॉ. प्रीति ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व अन्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे करें और माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के प्रति जागरूक करें। माताओं को यह जानकारी भी दें कि बच्चों की देखभाल किस प्रकार की जाती है, ताकि वे बच्चों का लालन-पालन समुचित ढंग से कर सकें। स्तनपान कराने से बच्चे हर बीमारी से सुरक्षित रहते हैं। इन कार्यकर्ताओं को बताया गया कि वे कोरोना से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए फेस मास्क, सामाजिक दूरी का पालन के प्रति भी लोगों को जागरुक करें, ताकि कोरोना से बचाव हो सके।

### कृष्ण सभरवाल राजश पार्टी के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**फर्रुखनगर।** राष्ट्रीय जन शक्ति पार्टी (एस) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह मेहरा ने वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कृमार सभरवाल को पार्टी का जिला गुरुग्राम का अध्यक्ष नियुक्त किया है। सभरवाल ने नियुक्ति पत्र लेने के उपरांत राष्ट्रीय जन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय शिवाल एवम प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह मेहरा का धन्यवाद व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वह संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। जो जिम्मेदारी उन्हें सौपी गई है, उनको वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पार्टी के माध्यम से वे हर असहाय करीब लोगों की आवाज उठाने के साथ-साथ जनहित के मुद्दों को भी शासन प्रशासन के समक्ष रखते रहेंगे।

### नि:स्वार्थ कदम ने कैंसर पीड़िता के उपचार दिए दो लाख



**गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था नि:स्वार्थ कदम ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए कैंसर पीड़ित बालिका के उपचार के लिए 2 लाख रुपये का अनुदान दिया है। संस्था के महासचिव अरविंद सैनी का कहना है कि कैंसर पीड़िता के परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वे बालिका के कैंसर का मोटा खर्च वहन कर पाएं। उन्होंने संस्था से आग्रह किया था कि संस्था उनको आर्थिक सहायता दे। सैनी का कहना है कि 19 वर्षीया बालिका का उपचार दिल्ली के एम्स में चल रहा है। बालिका के शरीर के किसी भाग का ट्रांसप्लांट होना है जिसके लिए 10 लाख रुपये का खर्च अस्पताल प्रबंधन ने बताया था। उनका कहना है कि संस्था के अध्यक्ष प्रमोद राघव से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने संस्था की ओर से दो लाख रुपये उपचार के लिए देने की अनुमति भी दे दी और इस राशि को एम्स अस्पताल प्रबंधन के अकाउंट में ट्रांसफर भी करा दिया है। पीड़िता का उपचार शुरु हो गया है। पीड़िता के परिजनों ने संस्था के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा है कि संस्था वास्तव में जरुरतमंदों की सहायता कर रही है। कोरोना काल मे भी संस्था ने जरूरतमंदों की यथासंभव सेवा की है।

### पर्यावरण स्वच्छता को हाईवे किनारे किया पौधारोपण

**गुरुग्राम।** पूर्वांचल समाज के सदस्यों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रणधीर राय, राजेश पटेल का कहना है कि पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ खांडसा रोड स्थित सब्जी मंडी के सर्विस रोड़ व राष्ट्रीय राजमार्ग के आस-पास पड़े खाली स्थानों पर पीपल, नीम, जामुन व अन्य प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए और लोगों से आग्रह भी किया गया कि वे पौधारोपण अवश्य करें तथा रोपित किए गए पौधों की देखभाल करें, ताकि वे बढ़कर वटवृक्ष बन सकें। यदि हर वर्ष पौधारोपण किया जाए तो जहां पर्यावरण संतुलित रहेगा, वहीं बढ़ते प्रदूषण से भी लोगों को छुटकारा मिल सकेगा। पौधारोपण कार्यक्रम में समाज से जुड़े राजेश पंडित, राजीव राठौड़, राजेश कुमार और हिमांशु आदि शामिल रहे।

### मालब गांव में मकान गिरने से लाखों का नुकसान



**नूंह।** नूंह से सटे मालब गांव में हल्की बूंदाबांदी के चलते अचानक एक मकान गिर गया। जिससे परिवार का लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। मकान गिरने से परिवार के किसी भी सदस्य को हताहत नहीं हुई। मकान गिरने से परिवार के लोगों के पास रहने के लिए ठिकाना नहीं बचा, परिवार के लोग जैसे-तैसे इधर-उधर रात गुजार रहे हैं। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके। पीड़ित साहरबा ने बताया कि बृहस्पतिवार को देर शाम करीब आठ बजे परिवार के सभी सदस्य अपने मकान में मौजूद थे। तभी अचानक धमाकेदार आवाज सुनाई दी। जब परिवार के लोगों ने देखा तो उनके मकान की पिछली दिवारी गिर चुकी थी। जिसके बाद परिवार के लोगों ने दूसरे मकान में जाकर जैसे-तैसे रात गुजारी। अगले दिन सुबह परिवार की मुखिया साहरबा ने मदद के लिए जिला प्रशासन के पास शिकायत की, जहां से पीड़ित परिवार को मदद का भरोसा दिलाया गया है।

## जोहड़ की सफाई न होने से गली में पानी भरा, ग्रामीण परेशान



**रादौर।** पिछले दो दिनों से हो रही बरसात ने गांव लक्ष्मीबांस में विकास कार्यों की पोल खोल कर रख दी। गांव के जोहड़ की सफाई न होना गांव वासियों के लिए मुसीबत बन गई है। गांव का सारा गंदा पानी इक्कठा होकर गलियों में जमा हो गया है।

आलम यह है कि गंदा पानी कई दिनों से गलियों में भरा है और गंदा पानी लोगों के घरों के आंदर घुस रहा है। ऐसे में गांववासी जाएं तो कहां जाएं। गलियों जलभराव से मच्छरों के कारण गांव में गंभीर बीमारियां पैदा हो रही हैं। जिस कारण गांव में गंभीर बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है, लेकिन पंचायत की ओर से ग्रामीणों की समस्या की और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीण कर्मसिंह, अमर सिंह, रामपाल, पृथ्वी सिंह, दरबार सिंह, सोहन, सुनील कुमार, धरमपाल, प्रेमचंद, सोनिया रानी, पूजा देवी, सोनिया, रवि कुमार आदि ने बताया कि जोहड़ के गंदे पानी की समस्या को लेकर वह कई बार गांव के जनप्रतिनिधियों से मिले। समस्या का समाधान कराने के आश्वसन तो मिले लेकिन समस्या का आजतक कोई समाधान नहीं हुआ। इस बारे में गांव की महिला सरपंच के परिजनों ने बताया कि गांव के जोहड़ के गंदे पानी की समस्या को दूर करने बारे अधिकारियों को अवगत करा दिया है। जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

# कोरोना से जंग जीतने वालों के द्वार पहुंचे एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



कोरोना जंग जीतकर लौटी 94 वर्षीय जीवनी को सम्मानित करते एसडीएम डॉ. नरेश कुमार।

**कोरोना** से जंग जीतने वाले योद्धओं सहित शहीदों के स्वजनों का स्थानीय प्रशासन ने सम्मान किया। एसडीएम से लेकर तहसीलदार, बीडीपीओ व ब्लॉक समिति चेयरमैन ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में उक्त लोगों के घर पहुंच उन्हें सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले लोगों सहित उनके स्वजनों व अन्य लोगों को प्रशासन का यह अंदाज बहुत अच्छा लगा।

एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने तावडू के वार्ड-1 गांव सैनीपुरा निवासी 94 वर्षीय बुजुर्ग महिला जीवनी जोकि कोरोना से जंग जीतकर लौटी है। उसको प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया व कुशलक्षेम पूछा। एसडीएम ने बुजुर्ग महिला जीवनी से कहा कि आप उन लोगों के लिए प्रेरणा हैं जो कोरोना से जंग लड़ रहे हैं। उसके बाद तहसीलदार मनमोहन वर्मा ने वार्ड-9 निवासी शहीद मौजीराम की विधवा विद्या देवी के घर पहुंचे व शॉल देकर उनका सम्मान किया। वहीं उन्होंने कोरोना से जंग जीतकर लौटे निहाल चंद गुप्ता, सुशील भारद्वाज, केशर देवी व जगबीर सिंह को भी सम्मानित किया। वहीं बीडीपीओ नरेंद्र सिंह व ब्लॉक समिति चेयरमैन नरेश यादव ने संयुक्त रूप से गांव मोहम्मदपुर अहीर निवासी शौर्य चक्र विजेता शहीद देव कुमार, गांव राठीवास निवासी बीएसएफ डीआईजी शहीद ओमप्रकाश तंवर, गांव गुढ़ा के शहीद अहमद खांन के अलावा कई अन्य शहीदों के घर पहुंच उनके स्वजनों को सम्मानित किया। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा घर पहुंचकर इस तरह सम्मान करने की परिपाटी की लोगों ने सराहना की।

## जन्मदिवस पर पौधारोपण जीवन भर याद रहता है

**कुरुक्षेत्र।** जन्म दिवस अवसर पर लगाया गया पौधा हमें जीवन भर याद रहता है। हमारा प्राकृतिक रूप से उस पौधे के साथ लगाव हो जाता है तथा हम बच्चे की तरह उसकी देखभाल करते हैं। इस दिन पौधे लगाकर हम अपने जन्म दिवस को प्रकृति के साथ मनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। यह विचार आशीष गुप्ता ने हम फाउंडेशन द्वारा उनके जन्मदिवस पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में रखे।

कार्यक्रम का आयोजन महाराजा अग्रसैन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेड़ी में किया गया। संस्था की संयोजक रेखा शर्मा ने बताया कि संस्था अपने सभी स्वयंसेवकों का जन्मदिवस व विवाह सालगिरह आदि सभी आयोजन पौधारोपण कर ही मनाने का प्रयास करती है। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्या रुचिका बंसल, रेखा गर्ग, रीता गुप्ता, विकास शर्मा, राकेश वर्मा, काव्यांश, रेयांश मौजूद रहे।

# मिलाप ने पेश की फंड जुटाने की नि:शुल्क सुविधा

### मिलाप का नि:शुल्क प्लेटफॉर्म अधिक लोगों के लिए मदद तक पहुंचना आसान बनाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**स्वतंत्रता** दिवस की पूर्व संध्या पर मिलाप ने आने वाले त्योहारी मौसम के लिए शून्य फीसदी प्लेटफॉर्म फीस की पेशकश की है। इस दौरान मिलाप का नि:शुल्क प्लेटफॉर्म अधिक लोगों के लिए जितनी जल्दी संभव हो मदद तक पहुंचना आसान बनाएगा।

मिलाप के सह-संस्थापक व सीईओ मयूख चौधरी ने बताया, पिछले कुछ महीनों के दौरान जैसे-जैसे कोविड-19 महामारी का प्रकोप बढ़ा है हमने देखा है कि लोग अप्रत्याशित रूप से आगे बढ़कर जरूरतमंदों की सहायता कर रहे हैं। मिलाप पर हजारों लोगों ने मुश्किल समय से गुजर रहे लाखों लोगों की मदद के लिए रकम जुटाई। उनका आभार जताने के लिए हमने मिलाप को सभी राहत संबंधी फंड जुटाने के लिए निशुल्क कर दिया था। ऐसे में आने वाले त्योहारी मौसम के दौरान सभी प्रकार की वित्तपोषण पहल के लिए फीस को 0 प्रतिशत करना ही सही था। चौधरी ने बताया कि 10 साल की हमारी यात्रा के दौरान हम अपने समुदाय में भरोसे को अगले स्तर पर ले जाना चाहते हैं। शून्य प्रतिशत प्लेटफॉर्म फीस के साथ हम सबसे बेहतरीन कस्टमर सर्विस, विश्वास और सेफ्टी प्रोटेक्शन और सोशल फंडरेजिंग टेक्नोलॉजी संबंधित लागत निकालने के लिए अपने दानकर्ताओं की स्वैच्छिक टिप पर निर्भर करेंगे। ऑनलाइन फंड जुटाने को आसान, तेज और अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए मिलाप यूजर्स की सफलता और सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता देता है। मिलाप वह सब कुछ करेगा जो उसके 30 लाख से अधिक डोनर यानी दानकर्ता समुदाय के लिए उपयुक्त है और फंडरेजिंग के लिए बेहतरीन अनुभव, सपोर्ट और प्रोडक्ट उपलब्ध कराता रहेगा।

यह शून्य प्रतिशत मिलाप प्लेटफॉर्म फंडरेजिंग फीस उन सभी प्रकार की फंडरेजिंग जैसे निजी कारण और चैरिटेबल संगठनों पर भी लागू होगी जो अभी तक फंडरेजिंग के लिए 5 प्रतिशत प्लेटफॉर्म फीस भरते थे।

## तीन नोटिस के बाद भी हाजिर नहीं हुए सरपंच

**नूंह।** गांव ढाणा के सरपंच से आरटीआई के माध्यम से मांगी गई विकास कार्यों से संबंधित जानकारी सरपंच नहीं दे पाया। खंड कार्यालय से सरपंच के लिए तीन बार नोटिस भेजने के बाद भी सरपंच एक भी नोटिस पर नहीं पहुंच पाया। जबकि शिकायतकर्ता ने तीनों नोटिसों पर अपनी हाजिर दर्ज कराई। शुक्रवार को आखिरी नोटिस पर सरपंच के उपस्थि न होने पर शिकायतकर्ता ने सरपंच के खिलाफ उचित कार्रवाई कराने की मांग की है। जफर उर्फ गुलाम निवासी ढाणा ने बताया कि उसने गांव में हुए विकास कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए पंचायत विभाग के पास आरटीआई लगाई थी, जहां से उसे जानकारी नहीं दी गई। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने डीडीपीओ से भी जवाब मांग, लेकिन कहीं से भी कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने चंडीगढ़ अपील की। पुन्हाना खंड कार्यालय ने सरपंच को बुलाने के लिए तीन अलग-अलग तारीखों में नोटिस भी जारी किया, लेकिन सरपंच न तो आरटीआई का जवाब दे पाया और न नोटिसों पर हाजिर हुए।

# किसान-खेत मजदूरों के समर्थन में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

सरबजोत सिंह दुग्गल। कुरुक्षेत्र



**अखिल** भारतीय किसान सभा एवं भारतीय खेत मजदूर यूनियन के देशव्यापी आह्वान पर किसानों-खेत मजदूरों की मांगों को लेकर दोनों संगठनों ने प्रदर्शन कर उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने किया।

इससे पूर्व सीपीआई कार्यालय में किसान सभा एवं खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दरियाव सिंह कश्यप ने किसानों-खेत मजदूरों की हो रही दयनीय स्थिति, बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी पर चिंता जाहिर की। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा हाल में लाए गए किसानों, कृषि एवं जन विरोधी तीनों अध्यादेशों की आलोचना की। किसान नेता नरेश कुमार ठोल, मंजीत सिंह पलवल, अजैब सिंह, खेत मजदूर नेता बीर सिंह, सोमबीर आदि ने भी विचार प्रकट किए। राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में हाल ही में लाये गए तीनों अध्यादेश वापस लेने, आयकर के दायरे से बाहर रहने वाले सभी परिवारों को छह महीने तक 7500 रुपये प्रतिमाह देने, मनरेगा के तहत जरुरतमंद ग्रामीणों को वर्ष में 200 दिन काम एवं 600 रुपये प्रतिदिन मजदूरी देने, पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम वापस लेने, सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरने, जरुरतमंद खेत मजदूरों को रिहायशी प्लाट देने और उन पर मकान बनाने के लिए 5 लाख रुपये ग्रांट देने, उमरी गांव के खेत मजदूर परिवार की नाबालिग लडकी के अपहरणकर्ताओं सहित दुराचार करने वालों एवं देहव्यापार में धकेलने वाले सभी दोषियों को गिरफ्तार करने, पानीपत के बिंझौल गांव के 3 मासूमों के हत्यारों को गिरफ्तार करने, पीड़ित खेत मजदूर परिवारों को 30-30 लाख रुपये आर्थिक सहायता देने, 30 जुलाई के प्रदर्शन के दौरान झूठे मुकदमे बनाकर गिरफ्तार किए गए ग्रामीणों को रिहा करने सहित 12 मांगों को उठाया गया।

# गुणवत्तापरक शिक्षा पर निर्भर है देश की उन्नति : शिक्षा मंत्री

## शिक्षा मंत्री ने किया जिले का दौरा, आज करेंगे ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के शिक्षामंत्री कंवरपाल 15 अगस्त को जिले में ध्वजारोहण करेंगे। उन्होंने एक दिन पहले शुक्रवार को जिले में स्कूलों के नए भवनों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। अधिकारियों व शिक्षकों के साथ बैठक करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।



शिक्षामंत्री ने करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न स्कूलों में बनने वाले नए भवनों के निर्माण कार्य की शुरूआत की। जिसमें उन्होंने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के बल पर ही देश-प्रदेश की संस्कृति को संरक्षित रखा जा सकता है, इसलिए प्रदेश सरकार का प्रयास है कि स्कूलों में बच्चों को गुणवतापरक शिक्षा दी जाए। इस अवसर पर उनके साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भी उपस्थित रहे। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा समाज की पहली प्राथमिकता है।

**भवन की रखी आधारशिला**

शिक्षा मंत्री ने गांव अनंगपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चार मंजिला भवन के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इसमें 35 कमरे बनाए जाएंगे। जिसमें दिव्यांग बच्चों के लिए चार मंजिल तक रैम्प की सुविधा भी होगी, यह भवन 18 महीने में बनकर तैयार होगा। इस पर 4 करोड 60 लाख रुपये की लागत आएगी।

इसके साथ ही उन्होंने 65 लाख की लागत से गांव गौच्छी स्थित स्कूल में 10 कमरों के दो मंजिला भवन तथा गांव फरीदपुर स्कूल में 3 करोड़ 43 लाख की लागत से बनने वाले 30 कमरों के भवन व सेक्टर-7 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिही में एक करोड़ की लागत से बनने वाले गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया। इसमें 100 छात्राओं के रहने की सुविधा, वार्डन रूम, डोरमैटरी, डाइनिंग हॉल, लाइब्रेरी शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण भी किया।

**इन लोगों ने किया स्वागत**

इस अवसर पर बड़खल की विधायिका सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर, विधायक नरेंद्र गुप्ता ने शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, केन्द्रीय सामाजिक न्यायिक अधिकारिता राज्य मंत्री का उनसे संबंधित विधानसभा मे पहुंचने पर हार्दिक स्वागत किया। कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार की सफल योजनाओं के परिणाम स्वरूप आज हर वर्ग का व्यक्ति खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा है।

# कोरोना से एक मौत, 129 पॉजिटिव से आंकड़ा 10,780

### जिले में अब तक एक लाख से अधिक हुई सैम्पलिंग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अब तक एक लाख 593 लोगों के सैम्पल जांच को लिए गए हैं। जिसमें से 10 हजार 780 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। शुक्रवार को 129 नए मरीज सामने आए। वहीं जिले में पिछले 24 घंटे में एक मरीज ने दम तोड़ दिया। 136 मरीजों ने कोरोना को मात देने में सफलता हासिल की। जिससे ठीक होने वालों का आंकड़ा 9735 पर पहुंच गया।

**ये रहे मृतक और पॉजिटिव**

जिले में अब तक 148 कोरोना ग्रस्त मरीजों की मौत हो गई है। शुक्रवार को सैनिक कालोनी निवासी कोरोना पॉजिटिव एक 80 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं 129 पॉजिटिव में बीपीटीपी, सेक्टर-34, सेक्टर-31, सेक्टर-18ए, सेक्टर-सात, सेक्टर-48, सेक्टर-21, सेक्टर-17, ग्रीन फिल्ड कालोनी, एसजीएम नगर, डबुआ कालोनी, खेड़ी कलां, एनआईटी एक से पांच, पर्वतीया कालोनी, सेक्टर-30, सेक्टर-14, सेक्टर-15, यादराम कालोनी, सेक्टर-43, जवाहर कालोनी, सेक्टर-46, सेक्टर-29, सेक्टर-40, अहीरवाड़ा, दयालपुर, सेक्टर-55, राजीव कालोनी और मोहना के निवासी मरीज शामिल हैं।

**ये है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| जांच को भेजे सैम्पल | 1,00583 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 89514 |
| रिपोर्ट आनी है शेष | 289 |
| पॉजिटिव पाए गए | 10780 |
| ठीक हो चुके मरीज | 9735 |
| अब तक पॉजिटिव मौत | 148 |
| क्रिटिकल हालत में भर्ती | 34 |
| आईसीयू में भर्ती | 06 |

# एक मिनट में 150 किक मारता है समय राजपूत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कराटे** में पांच वर्षीय समय राजपूत ने बेहतरीन रिकार्ड बनाया है। कराटे का इस समय मास्टर राजपूत उभरता हुआ सितारा है। समय ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक मिनट में 150 किक मारने का रिकॉर्ड बनाया है। उसने कराटे में ब्राउन बेल्ट में अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में दर्ज कराया है। समय ने एक मिनट में बिना लेंडिंग के 150 रोलिंग स्लेप किक मारी। समय राजपूत सेक्टर-81 स्थित डीपीएस स्कूल में पढ़ता है। इस कामयाबी के लिए समय 4 माह से प्रतिदिन लगाकर प्रैक्टिस कर रहे थे। समय ने प्रतिदिन 3 हजार किक का अभ्यास किया। जब जाकर यह कामयाबी पाई। समय का अगला लक्ष्य गिनिज बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने का है। इसके लिए वह प्रतिदिन 5 हजार किक का अभ्यास कर रहा है। समय ने अशोका एन्क्लेव स्थित बुडोकॉन डू जो क्लब में टेस्ट दिया था। डीपीएस की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना और क्लब के प्रशिक्षक दिनेश कुमार, संचालक गणेश राजपूत और नितिन सिंह राणा ने शुभकामनाएं दीं। समय को उनके पड़ोसी और रिश्तेदारों ने भी बधाई दी।



# दोहरे हत्याकांड के चार आरोपियों को तीन दिन का रिमांड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जसाना** गांव में मंगलवार को दिनदहाड़े पति पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने बीती शाम गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात के मास्टर माइंड एवं मृतका की भाभी के भाई को बाइपास रोड और अन्य तीनों को मेरठ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

एसीपी क्राइम अनिल कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार की दोपहर को अज्ञात लोगों ने जसाना गांव निवासी सुखवीर और उसकी पत्नी मोनिका के हाथ पैर बांध कर मौत के घाट उतार दिया था। वारदात के बाद आरोपी लैपटाप, मोबाइल फोन और कीमती सामान भी लूट कर ले गए थे। सुखवीर के मकान के सामने स्थित घर में लगे सीसीटीवी फुटैज से पता चला कि वारदात को चार लोगों ने मिलकर अंजाम दिया है। चारों आरोपियों में शामिल मोनिका की भाभी के भाई विष्णु की पहचान हो गई थी। जिसके बाद उन्होंने अपराध शाखा सेक्टर-85 और सेक्टर-30 को आरोपियों की धरपकड़ के आदेश दिए थे। बीती शाम विष्णु फरीदाबाद से भागने की फिराक में था। पुलिस टीम ने बिना देरी किए उसे बाइपास रोड से गिरफ्तार कर लिया।



विष्णु से की गई पूछताछ के बाद पुलिस ने सोनू, यातिन उर्फ छोटू और कुलदीप उर्फ कैलाश को मेरठ में छापेमारी कर दबोच लिया। एसीपी यादव ने बताया कि आरोपी विष्णु तीन महीने से अपनी घर में रह रहा था। रक्षाबंधन वाले दिन विष्णु को उसकी बहन ने बताया था कि मोनिका का पति सुखवीर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। बहन को परेशानी में देख विष्णु ने सुखवीर की हत्या करने की योजना बना ली थी। हत्या के लिए सुखवीर ने मेरठ निवासी अपने अन्य तीनों साथियों से सम्पर्क किया। वारदात को अंजाम देने के लिए सोनू, यतिन और कुलदीप को यहां बुला लिया। चारों आरोपी सुखवीर के घर में प्रवेश कर गए। जहां उन्होंने सुखवीर और मोनिका के हाथ पैर बांध कर बंधक बना लिया। जिसके बाद आरोपियों ने सुखवीर की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले का खुलासा न हो इसलिए उन्होंने मोनिका की भी गोली मारकर हत्या कर दी। लूटपाट का रूप देने के लिए आरोपियों ने पूरे घर को खंगाल दिया।

# पीटीआई टीचरों को बहाल करने के लिए दी गिरफ्तारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


**पीटीआई** की नई भर्ती के लिए 23 अगस्त के टेस्ट को रद्द करवाने और बर्खास्त पीटीआई को बहाल करने की मांग को लेकर बुधवार को हजारों कर्मचारियों ने गिरफ्तारी दी। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लांबा ने ऐलान किया कि अगर 17 अगस्त तक निर्दोष पीटीआई को बहाल नहीं किया तो 18 अगस्त को सभी गांवों, शहरों एवं कस्बों में प्रदर्शन करेंगे।



उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में रिक्त पदों के बारे दी गलत जानकारी देने से पीटीआई सुप्रीम कोर्ट में केस हारे हैं। अब अपने कृत्यों पर पर्दा डालने के लिए इस मुद्दे का राजनैतिकरण करने में जुटी हुई है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने ऐलान किया कि जब तक बर्खास्त 1983 पीटीआई की सेवाएं बहाल नही होगी। प्रदेश में आंदोलन जारी रहेगा। वहां एक बड़ी कर्मचारी सभा करने के उपरांत कर्मचारियों ने गिरफ्तारी देने के लिए डीसी आफिस के लिए मार्च किया। मेन गेट पर भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने कर्मचारियों के जूलूस मार्च को रोक लिया। कर्मचारियों ने अपने आपको गिरफ्तारी के लिए पेश किया। प्रशासन का गिरफ्तारी के लिए कोई प्रबंध नहीं देख कर्मचारी नेता भड़क गए और उन्होंने दस मिनट में गिरफ्तारी के लिए बसें मंगवाने का अल्टीमेटम दिया। जिससे प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। कुछ समय बाद प्रशासन ने 8 बसों को मंगवाया। लेकिन कर्मचारियों की संख्या अधिक होने के कारण बड़ी संख्या में कर्मचारी बसों से बाहर रह गए। जिन्होंने और बसें मंगवाने को लेकर करीब दो घंटे हंगामा किया। करीब तीन घंटे प्रदर्शन करने के बाद तहसीलदार ने सभी कर्मचारियों को गिरफ्तार करने और रिहा करने की घोषणा की गई।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के नेता राज सिंह, अशोक कुमार, बलबीर सिंह बालगुहेर, युद्धबीर सिंह खत्री, शब्बीर अहमद गनी, दिनेश कुमार,धर्मबीर वैष्णव, खुर्शीद अहमद, रविन्द्र नागर, हाजी सहजाद,मास्टर भीम सिंह,गुरुचरण सिंह खाडियां, करतार सिंह,रमेश चंद्र तेवतिया, कृष्ण कुमार, गांधी सहरावत, जगदीश चन्द्र,वरुण श्योकंद,अजय सिंह आदि मौजूद थे।

## नवनियुक्त जिला खेल अधिकारी ने संभाला पद



**फरीदाबाद।** जिला खेल अधिकारी रमेश वर्मा ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया। इस मौके पर विभिन्न खेलों के कोच ने नवनियुक्त खेल अधिकारी रमेश वर्मा का स्वागत किया। वहीं मैरी मसीह को विदाई दी। पदभार संभालने के बाद रमेश वर्मा ने कहा कि वह सरकार की खेल नीतियों को खिलाड़ियों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे और जहां-जहां खेल क्षेत्र में खामियां हैं, उन्हें सुधारा जाएगा। इस मौके पर चेतन ने कहा कि रमेश वर्मा की अधिकांश नौकरी फरीदाबाद में रही है और वह जिले में खेल खामियों को बखूबी जानते हैं, जिसके चलते वह उन्हें दुरूस्त कराने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर एथलीट कोच धर्मेंद्र, वाईसीओ सुनीता, मंजू शाह, जूडो कोच हेमंत सिंह, तीरांदाजी कोच दीपक अहलावत, भूपेंद्र सिंह, टेबल टेनिस कोच मनोज यादव, फुटबाल कोच कुलदीप, प्रमोद, तलवारबाजी कोच कपिल के अलाव ऑफिस स्टॉफ से चेतन और सुशीला देवी मौजूद थी।

# 1.75 लाख रुपये के साथ कथित महिला एसआई लापता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगला** एन्कलेव इलाके में अपने पति के साथ रह रही दिल्ली पुलिस की एक कथित महिला सब इंस्पेक्टर करीब 10 दिन पूर्व ड्यूटी पर जाने और कंगन बनवाने की बात कह कर घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वह रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। महिला का मोबाइल फोन भी बंद है। परेशान होकर महिला के पति ने पुलिस से शिकायत की है। महिला सब इंस्पेक्टर है या नहीं, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। थाना सारन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक नगला निवासी मनीष अरोड़ा ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसकी मुलाकात कुछ महीने पहले दिल्ली के महीपालपुर इलाके में आयशा राव नामक महिला से हुई थी। आयशा ने खुद को देहरादून निवासी बताते हुए कहा था कि माता पिता की मौत हो चुकी है और कोई भाई बहन भी नहीं है। वह दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है और इन दिनों मॉडल टाउन थाने में तैनात है। जिसके बाद उसकी आयशा ने फोन पर लगातार बातचीत हो रही थी। करीब सात महीने पहले उसने आयशा से प्रेम विवाह कर लिया था। तीन अगस्त को आयशा सुबह ड्यूटी पर जाने और सोने के कंगन बनवाने के लिए घर से पौने दो लाख रुपये लेकर निकली थी। इस दौरान उसकी लगातार आयशा से फोन पर बात हो रही थी। आयशा ने ड्यूटी पर होने की बात कही थी, लेकिन सात अगस्त को अचानक आयशा का फोन बंद हो गया। इंतजार के बाद वह मॉडल टाउन थाने पहुंचा तो पता चला कि आयशा नामक कोई सब इंस्पेक्टर यहां तैनात नहीं है। पता न चलने पर उसने पर्वतीय कालोनी पुलिस चौकी में शिकायत दे दी। जांच अधिकारी भगत सिंह ने बताया कि महिला के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल निकलवाई जा रही है। कॉल डिटेल के आधार पर संबंधित लोगों से पूछताछ व छानबीन की जाएगी। दिल्ली पुलिस के मुख्यालय में जाकर इस बात की छानबीन की जाएगी कि महिला वास्तव में सब इंस्पेक्टर है या नहीं।

## सीपी ने पांच खिलाड़ियों के बनाए शस्त्र लाइसेंस

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने अपने कार्यालय सेक्टर-21ए में शूटिंग करने वाले पांच खिलाड़ियों और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसबीआई ब्रांच मैनेजर को शस्त्र लाइसेंस जारी किया है। पुलिस कमिश्नर ने निखिल चंदीला निवासी बुढैना, हेमंत राघव निवासी विजय नगर बल्लभगढ़, ऋषभ प्रताप सिंह निवासी ब्राह्मण वाडा बल्लभगढ़, मनदीप त्यागी निवासी घरौड़ा, सुरेश निवासी रामनगर बाटा चौक का शस्त्र लाइसेंस बनाया है। इसके अलावा ओपी सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक हुड्डा मार्केट सेक्टर-3 ब्रांच की सुरक्षा के लिए लाइसेंस जारी किया है। उपरोक्त लड़के शूटिंग के खिलाड़ी हैं जिनको शूटिंग के वक्त शस्त्र की आवश्यकता होती है। ताकि वह अपने खेल को और बेहतरीन बना सके और देश के लिए पदक जीत सके। आवेदक खिलाड़ी सुरेश ने 1 फरवरी 2019, मनदीप त्यागी ने 30 जुलाई, निखिल चंदीला ने 6 अगस्त, हेमंत राघव ने 6 अगस्त और ऋषभ प्रताप सिंह ने 10 अगस्त को शस्त्र

# स्वतंत्रता दिवस: राष्ट्रीय ध्वज और तिरंगी पतंगों की धूम

### देर शाम तक बाजारों में राष्ट्रीय ध्वज कम, पतंगें अधिक बिकी

कविता। फरीदाबाद

स्वतंत्रता दिवस को लेकर करीब डेढ़ महीने से ही पतंगों की बिक्री शुरू हो गई थी। बाजारों में तरह-तरह की पतंगे और राष्ट्रीय ध्वज देखने को मिले, लेकिन कोरोना महामारी के कारण दुकानदारों के सारे अरमानों पर पानी फेर दिया। बाजारों में इस बार पतंगों की बिक्री तो हुई, लेकिन राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री नाममात्र की ही हुई। दुकानदारों का कहना है कि इस बार स्कूल और कॉलेज बंद है और बच्चे घरों पर हैं। जिसके कारण राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री कम हुई है।





**दिखा पतंगों का क्रेज**

इस बार स्कूल व कॉलेजों बंद होने के कारण बच्चे घर पर ही हैं। जिससे बच्चों व युवाओं में पतंगों व मांझे को लेकर क्रेज बढ़ गया है। वैसे तो बाजारों में तिरंगा, रंग बिरंगी और अन्य कई तरह की पतंगें बिक रही हैं, लेकिन इस बार बाजारों में सबसे ज्यादा मांग है मोदी छाप पतंगों की। युवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छपी फोटो वाली पतंगे सबसे ज्यादा खरीद रहे हैं। उन्हें आकर्षित करने के व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों को खूब सजाया है। स्वतंत्रता दिवस पर दुकानदारों ने बच्चों को लुभाने के लिए तिरंगे पतंगों से सजाया है। स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगी पतंग उड़ाने का काफी क्रेज नजर आया

**मोदी की पतंग खास**

शहर में मोदी की पतंग की खूब डिमांड बढ़ रही है। लोग हाथों हाथ इन पतंगों को खरीद कर ले जा रहे हैं। इनमें युवाओं के साथ बच्चे भी शामिल है। वैसे तो मांझा बरेली का मशहूर हैं। लेकिन इस बार वह कई नामों से आ रहा है। जिसमें सम्राट, जाफरी, टीपू सुल्तान और हीरो प्लस प्रमुख है।

**शुरू हुई तैयारी**

सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में शिक्षा मंत्री के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और परेण को सलामी दी जाएगी। स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां पूरी कर ली गई। देर शाम तक झंडा फहराने का स्थान तैयार किया गया। शनिवार की सुबह अधिकारियों के द्वारा सरकारी संस्थानों ने ध्वजारोपण किया जाएगा।

**धरे रह गए सामान**

एनएच-पांच के दुकानदार गौरव ने बताया कोरोना के कारण इस बार 15 अगस्त पर बिक्री कम हुई। सामान धरा रह गया। जिसमें इंडियन कैप, बाइक स्टैंड झंडा, टीशर्ट, तिरंगे रंग में रंगे गुब्बारे, फ्लैग, गाड़ी के डेस बोर्ड का फ्लैग जिसमें घड़ी थी, लाल किला और इंडिया गेट इत्यादी सामान की बिक्री न के बराबर हुई है। पटका, हाथ में पहनने वाला बैंड, बैच, छोटे बैच के झंडे जो पॉकेट में आसानी से लग जाए यह सभी दस से 30 रुपये तक आसानी से बिके हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### पाठशाला में लगाए 31 वृक्ष



**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर 31 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया था। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापक सतपाल यादव, समाजसेवी राम पुकार, लक्ष्मण पांचाल एवं फीवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी ने कहा कि वह ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाऐंगे और उनकी आगे देखभाल और सुरक्षा के लिए पूरा ध्यान रखेंगे। अपने स्तर पर समय-समय पर इन पौधों को हरा भरा पेड़ बनाने के लिए पूरी कोशिश करेंगी। उन्होंने लोगों से इस वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।

### प्रवीन हत्याकांड में मदद करने के दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने प्रवीन मर्डर केस में रेकी और हत्यारों की मदद करने वाले दो आरोपी मनीष उर्फ मूल्ला और रोहित को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी मनीष उर्फ मूल्ला मथुरा, यूपी का रहने वाला है। फिलहाल आरोपी पलवल में रह रहा है। दूसरा आरोपी रोहित बिहारी कालोनी पलवल का रहने वाला हैं। गौरतलब है कि 24 जून को थाना एसजीएम नगर एरिया में प्रशांत उर्फ प्रवीन की आरोपी राहुल उर्फ सन्नी व उसके दोस्तों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसपर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला थाना एसजीएम नगर में दर्ज किया गया था। मामले की जांच क्राईम ब्रांच डीएलएफ को सौंपी गई थी जिसपर क्राइम ब्रांच ने सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर वारदात में रेकी और हत्यारों की पैसों और गाडियों की मदद करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि राहुल उर्फ सन्नी को मृतक प्रशांत उर्फ प्रवीन ने अवैध हथियार रखने के जुर्म में गिरफ्तार करवा दिया था। जिसके चलते आरोपी राहुल उर्फ सन्नी ने अपने मन में प्रशांत उर्फ प्रवीन के खिलाफ रंजिश मान ली थी। जिसके चलते राहुल और उसके दोस्तों ने प्रशांत उर्फ प्रवीन की हत्या की थी। आरोपियों ने बताया कि राहुल उर्फ सन्नी ने पहले भिवानी जिले में 20 जून को एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की थीं। इसके बाद आरोपी राहुल उर्फ सन्नी और उसके साथी हमारे पास आकर रुके थे। हमनें राहुल और उसके दोस्तों की गाडी और पैसें देकर मदद की थी।

### जीवा स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता गवर्मेंट ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट, डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजूकेशन एंड लिटरेसी की ओर से संपूर्ण भारत वर्ष के स्कूली बच्चों के लिए आयोजित की गई। कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्रों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन था। वहीं नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए निबंध लेखन का आयोजन था। प्रतियोगिता का विषय था, गंदगी मुक्त मेरा गांव में छात्रों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी छात्रों ने अपनी भावनाओं को अपने-अपने तरीके से व अत्यंत सुंदर ढंग से व्यक्त किया। छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर यह सिद्ध कर दिया कि समयानुसार स्वयं को परिस्थिति के अनुसार किस प्रकार ढाला जा सकता है। विद्यालय के छात्रों ने प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता के महत्त्व को समझाया कि मानवता के लिए स्वच्छता कितनी आवश्यक है। जहां स्वच्छता होती वहां अच्छा स्वास्थ्य होता है, जहां अच्छा स्वास्थ्य होता है वहां समृद्धि व खुशहाली होती, अतः प्रत्येक नागरिक को इस विषय का विशेष ध्यान रखना चाहिए। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान प्राय: अपने विचारों को व्यक्त करते हुए इस विषय पर विशेष रूप से चर्चा करते हैं,अतः इस प्रतियोगिता में छात्रों का उत्साह देखकर वे अत्यंत प्रसन्न हुए, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान व प्रधानाचार्या देविना निगम ने भी छात्रों के उत्साह पर अपनी प्रसन्नता प्रकट की।

### विधायक राजेश नागर के घर पहुंचे शिक्षा मंत्री



**फरीदाबाद।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का यहां तिगांव के विधायक राजेश नागर के आवास पर पहुंचने पर तिगांव विधानसभा की सरदारी ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया। मंत्री विधानसभा के फरीदपुर गांव में नए स्कूल भवन का शिलान्यास करने के बाद यहां पहुंचे थे। यहां विधायक राजेश नागर के भतौला स्थित आवास पर पहुंचे शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का तिगांव विधानसभा की सरदारी की ओर से वरिष्ठ भाजपा नेता रूप सिंह नागर ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद केंद्रीय राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद कृष्णपाल गुर्जर का भी सभी ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने मौजिज लोगों से मंत्री का परिचय करवाया और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की उम्मीद जताई। विधायक राजेश नागर ने कहा कि भाजपा की सरकारें सबका साथ सबका विकास की नीति पर काम करती हैं। यही कारण है कि यहां पर बिना किसी भेदभाव के सभी के काम मेरिट के आधार पर होते हैं। केंद्र में जिस प्रकार पीएम नरेंद्र मोदी और हरियाणा में सीएम मनोहर लाल की सरकार ने जनता का मन मोह लिया है, उससे एक नए भारत के निर्माण का रास्ता खुला है।

### सुशांत का अधूरा ख्वाब किया पौधे लगाकर पूरा



**फरीदाबाद ।** सपनों की नगरी मुम्बई में देखा गया सुशांत सिंह राजपूत का सपना आज हजारों किलोमीटर दूर फरीदाबाद में सांसे मुहिम के द्वारा पूरा हो गया। सुशांत सिंह ने अपनी ड्रीम बुक में लिखा था कि वो अपने जीवन में 1000 पौधे लगाकर उनकी देखभाल करना चाहते हैं, दुर्भाग्यवश ये सपना पूरा नहीं हो पाया, मगर आज सांसे मुहिम के तहत फरीदाबाद की कई समाजसेवी संस्थाओं ने मिलकर पौधे लगाने वाले सुशांत सिंह के सपने को साकार कर दिया। फरीदाबाद बीके चौक के समीप दशहरा मैदान में सैंकडों पौधे लगाकर उनके सपने की शुरूआत की और अब पूरे शहर में करीब दो हजार पौधे लगाये जायेंगे।

इस दौरान फरीदाबाद के युवाओं ने सुशांत सिंह राजपूत की आत्मशांति के लिये पहले हवन यज्ञ किया और फिर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। 200 पेडों को लगाया गया लगाया गया है और अगले 7 दिनों में उनके 1000 पौधे लगा दिए जाएंगे। इस पर्यावरण हित कार्य में संस्कार फाउंडेशन से परमिता चौधरी, सतत प्रयास से डॉक्टर सीमा भारद्वाज, रेनू चौधरी, पूनम सिनसिनवार, चांदनी आजाद अली, सुषमा यादव, अर्जुन, अमर, चंद्रपाल, दीपक आजाद, सुमित पांचाल, हिमांशु भट्ट, गौरव, हेमंत, राहुल, किशन, शुभम, सपना, काजल, नर्वदा, सेफाली आदि का योगदान रहा।

# गहलोत ने जीता विश्वास

## कांग्रेस को संतुलन बनाने की जरूरत

**कांग्रेस** आलाकमान का दावा है कि उसने राजस्थान में संकट समाप्त कर राज्य सरकार को बचा लिया है तथा अशोक गहलौत व सचिन पायलट के बीच दोस्ती हो गई है, लेकिन यह स्थिति कब तक बनी रहेगी? परिवार में एकजुटता का दावा करते हुए दोनों पक्ष कह रहे हैं कि केन्द्रीय नेतृत्व ने उनकी बात मानी। अभी स्पष्ट नहीं है कि मुख्यमंत्री को क्या आश्वासन मिला है क्योंकि उनके सहायक रहे पायलट दिल्ली के बजाय अपनी कर्मभूमि राजस्थान लौट आए हैं तथा उनकी क्या भूमिका रहेगी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने उचित ही फिलहाल एक असहज समझौते और बाद में टकराव की भविष्यवाणी की है। वे व्यथित हैं क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने अविश्वास प्रस्ताव पर उनके 6 विधायकों के मतदान पर रोक नहीं लगाई जो कांग्रेस में चले गए थे। उम्मीद है कि गहलोत के पास मामूली बहुमत है और भाजपा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश करने की घोषणा से कांग्रेस फिलहाल एकजुट रहेगी। लेकिन गहलौत और पायलट की सार्वजनिक अभिव्यक्ति दोस्ती के बजाय झगड़े की अधिक लगती है। इसी कारण केन्द्रीय पार्टी के दूत जयपुर में बने हुए हैं और संकट दूर रखने के लिए विधायकों से मिल रहे हैं। भले ही गहलोत का बहुसंख्य विधायक समर्थन कर रहे हों, पर गांधी-नेहरू परिवार उनसे प्रसन्न नहीं है। वह पायलट को 'निकम्मा', 'पार्टी तोड़ने वाला' और 'अंग्रेजी बोलने वाला सुंदर चेहरा' आदि कहे जाने से प्रसन्न नहीं है। गहलौत चाहते थे कि पायलट राजस्थान न लौटें, पर उनसे कहा गया कि पायलट को स्थान देना होगा क्योंकि पार्टी ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरह एक और नौजवान को नहीं खोना चाहती है। इसी कारण गहलोत ने अपने समर्थकों से 'माफकरो, भूलो और आगे बढ़ो' की बात की है, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि उनके विधायक 'स्वाभाविक रूप से नाराज' हैं।



उन्होंने 'देश की सेवा' और 'लोकतंत्र की रक्षा' जैसी बातें कह कर अपनी नैतिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया है, लेकिन वे यह भी स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि आलाकमान द्वारा पायलट का पक्ष लेने से उनके समर्थक नाराज हैं। यह टकराव जारी रहेगा। पायलट को उप मुख्यमंत्री व राज्य पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया जा चुका है तथा उनके समर्थक दो मंत्रियों को भी बाहर किया गया है। विश्वास मत प्राप्त होने तक गहलोत ने अपने विधायकों को जयपुर के एक होटल में ही रखा है। हालांकि, कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उन्होंने पायलट से दोस्ती का प्रदर्शन करते हुए उनको 'अपना' कहा, लेकिन स्पष्ट है कि अभी विश्वास का संकट बना हुआ है।

पायलट ने भी यह दावा कर अपनी नैतिक विजय का संकेत दिया है कि वैचारिक मतभेदों को बदले का आधार नहीं बनाया जाना चाहिए तथा वरिष्ठ या युवा विधायकों को असहमति का अधिकार है। वे लगातार कह रहे हैं कि उनको पद की कोई इच्छा नहीं है तथा वे साथ मिल कर काम करने को तैयार हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने सही कदम उठाया है। दिल्ली के विशिष्ट लूटियन वर्ग और अच्छी शिक्षा के बावजूद वे राजस्थान गए, वहां की स्थानीय बोली स्वीकार की तथा जमीन पर काम किया। वे जातीय संरचना तथा गुज्जर वोटबैंक पर अधिकार से अपनी स्थिति मजबूत मानते हैं। इस परंपरागत शक्ति के साथ ही उन्होंने प्रशासन और संगठन को मजबूत करने पर ध्यान दिया है। वे राष्ट्रीय भूमिका के लिए भी उपयुक्त हैं क्योंकि उनके प्रति नौजवानों में आकर्षण है। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जमीन पर लौटने का निर्णय कर स्पष्ट कर दिया है कि वे कठोरतम चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। पायलट ने 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसके बावजूद गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने स्थानीय निकाय उपचुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित की। अब देखना होगा कि कैबिनेट के पुनर्गठन मे उनको क्या स्थान मिलता है।

# पाकिस्तान का कश्मीर एजेंडा

(कश्मीरियों के साथ एकजुटता दिखाने के बजाय विफल राज्य बनने से बचने के लिए पाकिस्तान को अपना घर ठीक करना चाहिए। उसे सिंधियों, बलूचों व अन्य अल्पसंख्यकों के साथ न्यायोचित व्यवहार करना होगा।



**अनिल गुप्ता**
लेखक राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



कश्मीर के प्रति पाकिस्तान के मोह ने उसे आर्थिक रूप से दीवालिया बना दिया है तथा आतंकवाद का गढ़ होने के कारण दुनिया भर में उसका सम्मान नष्ट हुआ है। पाकिस्तानी राजनीतिक व सैनिक नेतृत्व नागरिकों को 'कश्मीर विभाजन का अधूरा एजेंडा' व 'कश्मीर पाकिस्तान की नाभि मूल' बता कर उनका ब्रेनवाश करता रहता है। इस्लामाबाद का मोह इस तथ्य से स्पष्ट है कि उसने 1947 के बाद भारत के साथ तीन युद्ध लड़े हैं तथा कारगिल में टकराव किया है। भारतीय सेना को पराजित करने में विफल रहने पर उसने 'भारत को हजारों घाव देने' की रणनीति अपनाई जिसकी अवधारणा जियाउल हक ने बनाई थी। उसने जिहादी आतंकवाद के साथ कश्मीर में छद्म युद्ध छेड़ा और इसे 'धार्मिक उग्रवाद' का नाम दिया। कश्मीर के प्रति मोह के इसी कारण से उसने आतंकवाद को राज्य नीति का अंग बनाया तथा पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों को 'रणनीतिक संसाधन' के रूप में बनाए रखा। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफ की सिर पर लटकती तलवार के बावजूद पाकिस्तान थोड़े बहुत परिवर्तनों के साथ आतंकवाद का लगातार समर्थन कर रहा है।

पाकिस्तान के कश्मीर एजेंडे से दुनिया भर में व खासकर इस्लामी देशों में उसके दोस्तों की संख्या घटी है। कश्मीर पर शुरुआत में उसे थोड़ी अंतरराष्ट्रीय संवेदना प्राप्त थी, पर खासकर आतंकवाद व अन्य तरीकों से भारत से कश्मीर छीनने के प्रयासों के कारण उसका वैश्विक समर्थन घटा है। वर्तमान समय में एक-दो देशों को छोड़ कर कोई भी देश कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन करने को तैयार नहीं है और अधिकांश देशों ने इसे 'भारत का आंतरिक मामला' बता दिया है। कश्मीर के प्रति इस्लामाबाद का मोह समझना कठिन नहीं है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से वह सिंधु नदी के पानी पर कब्जा करना चाहता है। पाकिस्तान को भय है कि यदि भारत उसे अतिरिक्त पानी देना बंद कर दे तो उसका नहर संजाल बेकार हो जाएगा। भारत यह काम नदी जल साझे पर किसी अंतरराष्ट्रीय संधि का उल्लंघन किए बिना कर सकता है।

पाकिस्तानी सेना देश पर शासन करती है और लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री इमरान खान कश्मीर मुद्दा गरम बनाए रखते हुए जनता को खुश कर रहे हैं। वे यह भ्रम बनाए रखना चाहते हैं कि भारत एक 'हिंदू देश' है, 'इस्लामोफोबिया' के कारण उनके लिए मूल खतरा है और यदि सेना न हो तो भारत पाकिस्तान पर कब्जा कर मुस्लिम-बहुल पाकिस्तान की पहचान बदल देगा। लेकिन इस्लामाबाद ने अपनी एकपक्षीय कार्रवाइयों से पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके की जनसंख्या संरचना बदली है, चीन को अवैध रूप से उसका क्षेत्र सौंपा है तथा जनता को नागरिक व राजनीतिक अधिकारों से वंचित किया है। ऐसे में यदि भारत को बड़े सैनिक खतरे की तरह न पेश किया जाए तो पाकिस्तानी सेना का वर्चस्व समाप्त हो जाएगा।

1971 में भारतीय सेना के हाथों अपमानजनक पराजय और पूर्वी पाकिस्तान समाप्त होने के बाद इस्लामाबाद ने कश्मीर छीन कर बदला लेने का विचार पाल लिया है। कश्मीर पाकिस्तानियों को एकसाथ जोड़ने वाली गोंद की तरह है। भावनात्मक ब्लैकमेल तथा मुस्लिम भाइयों पर अत्याचार की बात करने के माध्यम से पाकिस्तानी नेतृत्व गंभीर घरेलू मुद्दों से नागरिकों का ध्यान भटकाने में सफल रहा है। पाकिस्तान एक विफल राज्य है और कश्मीर उसके नागरिकों के दिल और दिमाग में गरमी पैदा कर देश को एक रखता है। यह गरमी गायब होने पर देश छिन्न-भिन्न हो जाएगा।

इस प्रकार निर्धारित 'लक्ष्य' प्राप्त करने के लिए पाकिस्तानी अवस्थापना जिहादी आतंक समेत सारी चीजों का प्रयोग इसे 'पाने' के लिए कर रही है। कश्मीर में प्रत्यक्ष व परोक्ष हस्तक्षेप के साथ ही उसने दशकों से वैश्विक समर्थन पाने के लिए कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण का प्रयास किया है। उसे उम्मीद थी कि इससे क्षेत्र संबंधी यथास्थिति उसके पक्ष में आ जाएगी। लेकिन 5 अगस्त, 2019 को भारत द्वारा लिए कुछ निर्णयों के कारण पाकिस्तान की योजना ध्वस्त हो गई है जिसमें राज्य का दो केन्द्रशासित क्षेत्रों में विभाजन शामिल है। दुनिया द्वारा कश्मीर में परिवर्तन को भारत का आंतरिक मामला मानने के बाद इस मुद्दे पर पाकिस्तान अप्रासांगिक हो गया है। इससे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के इलाकों पर भारत का दावा भी स्पष्ट रूप से मजबूत हुआ है। इसमें पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से चीन को दिए क्षेत्र भी शामिल हैं। इस घटनाक्रम से इमरान खान और उनके सैनिक संरक्षक स्पष्ट रूप से आश्चर्यचकित हैं।

इसके बाद से पाकिस्तान के सारे कदमों से उसकी निराशा स्पष्ट दिखाई देती है। उसने नियंत्रण रेखा-एलओसी पर सेना एकत्र की, संयुक्त राष्ट्र महासभा में मुद्दा उठाया, इस्लामी देशों से अपील की, इस्लामी संधि संगठन देशों-ओआईसी की आपात बैठक बुलाने की प्रार्थना की, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने अपने तर्क रखे, आतंकवाद को बढ़ावा दिया, युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन किया तथा भुगतान प्राप्त थिंक टैंकों व सोशल मीडिया जिहाद समेत भारत-विरोधी वैश्विक प्रचार को बढ़ावा दिया। लेकिन पाकिस्तानी नेतृत्व को भारी अपमान का सामना करना पड़ा।

भारत कश्मीर में प्रशासनिक सुधारों, आतंक-विरोधी कार्रवाइयों, रोजगार सृजन, विकास परियोजनाओं व जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत कर स्थिति ठीक कर रहा है, पर पाकिस्तान स्थिति खराब करने के सारे प्रयास कर रहा है। हालांकि, कश्मीर में अभी बहुत कुछ करना बाकी है, पर जनता ने पाकिस्तान और पाक-प्रायोजित आतंकवाद को अस्वीकार कर दिया है। इसका प्रमाण ज्यादा से ज्यादा कश्मीरियों द्वारा आतंकियों के बारे में सुरक्षा बलों को सूचनायें देना है। इसके बावजूद इस साल 5 अगस्त को पाकिस्तान ने 'काला दिवस' मनाया तथा 'कश्मीरियों से एकजुटता' के माध्यम से अपनी प्रासांगिकता बनाए रखने का प्रयास किया। इनमें विदेशी मीडिया की यात्रा, संरा. में कश्मीर मुद्दा उठाने, राजनेताओं व सैनिक नेताओं से बयान दिलवाने, प्रिंट मीडिया में विशेष सप्लीमेंट देने, एलओसी पर संरा. सैनिक पर्यवेक्षकों का दौरा, रावलपिंडी-मुजफ्फराबाद मार्ग का नाम बदल कर कश्मीर राजमार्ग तथा मुजफ्फराबाद-उरी मार्ग का नाम बदल कर श्रीनगर मार्ग रखने जैसे कदम शामिल हैं। सुरक्षा परिषद में चीन की सहायता से मुद्दा उठाने को कोई समर्थन नहीं मिला और चीन का भी अपमान हुआ। युद्धविराम उल्लंघनों का भारत ने कड़ा जवाब दिया जिससे पाकिस्तानी सैनिक ढांचे को भारी नुकसान हुआ। पाकिस्तानी सेना को अपना वर्चस्व खोने का भय सता रहा है। अत: अपने मुहरे प्रधानमंत्री के माध्यम से वह कश्मीर मुद्दा गरम बनाए रखना चाहती है।

समय आ गया है कि पाकिस्तान अपनी इस ख्याली दुनिया से बाहर निकले। उसे स्वीकार करना चाहिए कि वह युद्ध हार चुका है। इसके बजाय उसे अपने नागरिकों के कल्याण पर ध्यान देना चाहिए जिसकी राजनीतिक नेतृत्व से प्रतीक्षा है। पाकिस्तान विस्फोट के मुहाने पर खड़ा है और अच्छा होगा कि इमरान खान इसकी चिन्ता करें। उन्होंने अनेक अवसरों पर स्वयं स्वीकार किया है कि विश्व समुदाय भारत के साथ है। उनको यह कठोर यथार्थ समझना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय संबंध भावनाओं के बजाय व्यावहारिकता पर आधारित होते हैं। पाकिस्तानी सेना को नागरिकों का गुस्सा भड़कने के पहले अपनी सोच बदलनी चाहिए। कश्मीरी समझदार और व्यावहारिक हैं। शुरुआती विरोध के बाद, जैसा कि हर परिवर्तन के साथ होता है, उन्होंने नई व्यवस्था स्वीकार की है जो उनका व भावी पीढ़ियों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करती है। उन्होंने अपनी बेहतरी के लिए पाकिस्तान को खारिज कर दिया है। अब पाकिस्तान को समझना है कि वह कश्मीर में अपनी ऊर्जा का दुरुपयोग बंद करे। पाकिस्तान को विफल राज्य बनने से बचने के लिए पहले अपना घर ठीक करना होगा। कश्मीरियों के प्रति एकजुटता प्रकट करने के बजाय उसे सिंधियों, बलूचों, पठानों, शियों, अहमदियों व अन्य अल्पसंख्यकों के साथ संवेदान व एकजुटता प्रकट करनी चाहिए।

# जलीय जीवन के लिए खतरनाक तेल रिसाव

"जलीय जीवन की बेहतरी एवं उसे पर्यावरणीय त्रासदियों से बचाने पर ध्यान केंद्रित करने हेतु एक समन्वित वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है।"

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



अब जबकि भारत महामारी से जूझ रहा है, ऐसे में लगता है देश में आने वाली अन्य सभी आपदाओं पर किसी का ध्यान नहीं है। इस तथ्य से बड़ा उदाहरण और क्या होगा कि आमजन के बीच हिन्द महासागर क्षेत्र में हुए तेल के रिसाव को लेकर कोई जागरूकता या हो-हल्ला सुनाई नहीं दिया? 25 जुलाई को, चीन से ब्राजील जा रहा एमवी वाकाशिओ नामक एक जापी तेल टैंकर मॉरीशस के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में प्वाइंट डी इज्ने पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पोत का ढांचा टूट गया, जिसके कारण उसमें लद हुआ अधिकतर सामान हिन्दमहासागर में बह गया। तेल में 4,000 टन तेल था और इसमें से 1,000 टन ईंधन पिछले सप्ताह पहले ही हिन्दमहासागर में बह गया था।

इस घटना के मॉरीशस के निकट होने के कारण यह सोचा जा सकता है कि भारत तेल रिसाव के भयावह परिणाम झेलने से बच गया। मगर दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं है। शक्तिशाली सागरीय धाराओं के कारण, सागर में मिलने वाला तेल न केवल मालदीव और मॉरीशस में समुद्री जीवन के लिए खतरा है बल्कि यह लक्ष्यदीप के चारों ओर के जल जन्तुओं के लिए भी गंभीर खतरा बना हुआ है। दुर्घटनाग्रस्त पनडुब्बी की स्थिति, तेजी से बहता तेल और पोत के ढांचे को पहुंची क्षति के चलते मारीशस तथा भारतीय अधिकारियों के लिए कई चुनौतियां पैदा हो गई हैं, जो स्थिति पर निकट से निगाह रखे हुए हैं। यह खासकर गंभीर मामला है, ताजा जानकारियां को ध्यान में रखते हुए जिनसे संकेत मिलता है कि पोत टुकड़ों में विभाजित होने के कगार पर पहुंच गया है।

वर्तमान में हुई त्रासदी हिन्दमहासागर में विद्यमान नाजुक प्रवाल भित्तियों के लिए मौत का फश्रमान है, खासकर उस क्षेत्र के लिए जहां पोत मौजूद है। प्रवाल कैल्शियम कार्बोनेट से बने समुद्री जीव हैं और इन प्रवालों के ऊतकों के भीतर शैवाल होते हैं। प्रवाल एवं शैवाल के बीच एक सहजीवी संबंध होता है। जैसे ही रसायन और तेल प्रवाल भित्तियों पर आच्छादित हो जाते हैं, शैवाल उनसे बाहर हो जाता है, और इसके फलस्वरूप प्रवाल सूखने लगते हैं। यह पारिस्थितिकीय रूप से विनाशकारी प्रक्रिया है जो अपरिवर्तनीय है और मामला और भी ज्यादा बिगड़ जाता है क्योंकि सागर में लगभग 25 प्रतिशत मछलियां जीवित रहने के लिए स्वस्थ प्रवाल भित्तियों पर निर्भर होती हैं। अभी तक जितना तेल सागर में मिल चुका है उससे समुद्री जीव जन्तुओं की अनगिनत प्रजातियां नष्ट हो चुकी होंगी। सबसे बुरा पक्ष यह है कि इस त्रासदी से बचा जा सकता है। उत्कृष्ट उपग्रहीय चित्रण एवं पनडुब्बी के भू-स्थिति आंकड़े पहले से ही मॉरीशस के अधिकारियों के पास उपलब्ध थे। लेकिन इसके बावजूद, तेल टैंकर की मदद के लिए तीव्र गति से पहल नहीं की गई।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि पोत 13 दिनों तक अटका रहा, तेल रिसता रहा, लेकिन मॉरीशस सरकार द्वारा कोई हस्तक्षेप न किया जाना दुखद है। यदि त्रासदी का पैमाना मॉरीशस की क्षमता से परे था, तो उसे फौरन अंतरराष्ट्रीय मदद मांगनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और परिणामस्वरूप, बहुमूल्य वातावरण तेल से भर गया है जिसके निष्प्रभावी होने में वर्षों लग जाएंगे और हो सकता है कि कभी खत्म न हो।

यह चिंताजनक रुझान है जिसका तत्काल उल्लेख करने की आवश्यकता है। विश्व आमतौर से, और भारत खासतौर से, प्रदूषण के साथ जीने का आदी हो चुका है। उदाहरण के लिए, मुंबई के लोग तेल की टार बालों से प्रदूषित होने वाले समुद्र तटों के आदी हो चुके हैं, जो बालू के संपूर्ण विस्तार के लिए दृष्टिगोचर हो रहा है। ये टार बाल्स दुर्घटनावश तेल के रिसाव अथवा तेल टैंकरों द्वारा जानबूझकर अपने बैलास्ट जल को समुद्र में बहाए जाने के कारण पैदा होते हैं जिससे विषैले रसायन एवं ईंधन जल में घुलमिल जाते हैं और अंतत: मुंबई जैसे तटीय शहरों में समस्या का कारण बनते हैं। दुर्भाग्य से, ये स्थितियां केवल उन देशों में हैं जो पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धताओं को लेकर उदासीन रहते हैं। इसी प्रकार की लापरवाही और समुद्र तटों के प्रदूषण यूरोपीय देशों के तटीय शहरों में पाया जाता है।

तेल का रिसाव समुद्री जीव जन्तुओं के लिए निरंतर खतरा बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय टैंकर स्वामी प्रदूषण परिसंघ (आईटीओपी) के आंकड़ों के अनुसार, 2019 में दुनियाभर में तेल रिसाव की पांच बड़ी घटनाएं हुईं थीं। सबसे बुरा था 2019 में ब्राजील में हुआ तेल रिसाव जिसके चलते लगभग 3,000 किलोमीटर तक तट रेखा दूषित हो गई। इंटेकओपेन के अनुसार, सभी स्रोतों से एक वर्ष में 3.2 मिलियन टन तेल का रिसाव होता है। लेकिन इस तेल का सर्वप्रमुख ग्रहणकर्ता समुद्र है। पर्यावरण के लिए तेल रिसाव किस हद तक विनाशकारी साबित हो सकता है इसे एक्जॉन वाल्डेज तेल रिसाव का अध्ययन करके पता लगाया जा सकता है जिसमें अलास्का के निकट 11 मिलियन टन तेल समुद्र में प्रवाहित हो गया था। इस त्रासदी के परिणामस्वरूप, लगभग 35,000 समुद्री पक्षी अलास्का की खाड़ी में मृत पाए गए थे और अनगिनत मछलियां व समुद्री जीवों की मौतें हुईं थीं।

बहुत विलंब से, मॉरीशस ने पर्यावरण आपदा घोषित की है। लेकिन यह तेल रिसाव की पहली घटना नहीं है, नही अंतिम होगी। जलीय जीवन की बेहतरी एवं उसे पर्यावरणीय त्रासदियों से बचाने पर ध्यान केंद्रित करने हेतु एक समन्वित वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है। इसके लिए, टैंकरों एवं समुद्री पोतों की गतिविधियों पर नजदीक से निगरानी रखनी होगी। भारत को एक विशेष कार्यबल का गठन करना होगा जो हिन्दमहासागर क्षेत्र में प्रत्येक टैंकर का हिसाब रखे। बैलास्ट जल के रूप में इन टैंकरों से होने वाले प्रत्येक उत्सर्जन एवं संभावित तेल रिसाव पर अंकुश लगाना व उसे रोकना होगा।

समुद्री जीव जन्तुओं के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी उल्लंघन पर कठोर अर्थदंड लगाकर एव ंविशिष्ट सागरीय मालवाही गलियारों से होने वाली समुद्री यात्रा के निरस्तीकरण के द्वारा दंड सुनिश्चित करना होगा। हो सकता है ऐसे दंडात्मक प्रयास पर्याप्त न हों लेकिन वे प्रतिरोधक साबित हो सकते हैं तथा समुद्री जीवन को फलने-फूलने का अवसर प्रदान कर सकते हैं।

## आप की बात

### स्वतंत्र आत्मनिर्भर भारत

**स्वतंत्रता** दिवस यानी 15 अगस्त को इस बार भारत अपनी 74 वीं वर्षगांठ के आयोजन का साक्षी बनेगा। इस वर्ष जो स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा उसकी थीम आत्मनिर्भर भारत की होगी।वस्तुत: आत्मनिर्भरता सदैव ही भारत का लक्ष्य रहा है परंतु वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रंखला के बाधित होने से इस दिशा में गंभीरता के साथ प्रयास करने की आवश्यकता को महसूस किया गया है। अभी के समय में देखा जाए तो भारत निरंतर आत्मनिर्भरता को अपना रहा है। भारत में किसी भी बड़े देश के दबाव में आए बिना ऐतिहासिक रूप से स्वतंत्र विदेश नीति का पालन किया है।बताते चलें की विदेश नीति एक डांटा है जिसके भीतर देश की सरकार बाहरी दुनिया के साथ अपने संबंधों को अलग-अलग स्वरूपों से पेश करती है और संचालित करती है। वर्तमान सरकार द्वारा राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए सभी देशों से परस्पर संवाद के माध्यम से विदेश नीति को दोबारा से परिभाषित किया जा रहा है। जो कि एक बहुत ही अच्छी पहल है। इससे भारत की विदेश नीति मजबूत बनती हुई नजर आ रही है क्योंकि इस समय जहां पर हम नेतृत्व विहीन थे वहां पर हम नेतृत्व कर्ता के रूप में आ रहे हैं।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### भारतीय खेलों को प्रोत्साहन

**भारतीय** खेलों के प्रति युवा पीढ़ी में रुझान कम हुआ है। आउट डोर गेम्स के बजाय बच्चे वर्तमान में वीडियो गेम एवं मोबाइल से चिपके रहना पसंद करते हैं। यही कारण है कि एशियन और ओलंपिक गेम्स में हमारी स्थिति कमजोर रहती है। हॉकी, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती आदि मूल भारतीय खेलों को खेल मंत्रालय द्वारा प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इन खेलों के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए कोच, प्रशिक्षण, अनुदान आदि की व्यवस्था हो ताकि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में हमारे देश का नाम रोशन हो सके। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सरकार द्वारा शासकीय सेवाओं में नियुक्ति प्रदान की जाना चाहिए। योग्य और श्रेष्ठ खिलाड़ियों का दायित्व सरकार को स्वयं उठाना चाहिए। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले कई पूर्व खिलाड़ियों की दुर्दशा देखकर भी युवा हतोत्साहित होते हैं। देश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का आत्म सम्मान बरकरार रहे, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अभिभावकों और समाज का दायित्व है कि वे बच्चों में भारतीय खेलों के प्रति आकर्षण और रुचि पैदा करें ताकि वे स्वस्थ रहें और उनकी फिटनेस भी बनी रहे।

– **ललित महलकारी**, इंदौर

### कर सुधार के प्रयास

**कर सुधार की** ओर भारत सरकार ने जो कदम उठाए हैं, वे जरूरी व स्वागतयोग्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में कराधान व्यवस्था को सुधारने के इरादे से जो घोषणाएं की हैं, उनसे टैक्स चुकाने वालों को निश्चित ही खुशी हो रही होगी। इन सुधारों का मुख्य लक्ष्य यदि ईमानदार करदाताओं को बढ़ावा देना है, तो इसकी जरूरत दशकों से महसूस की जा रही थी। अव्वल तो स्वयं प्रधानमंत्री ने बता दिया है कि 130 करोड़ लोगों के देश में केवल डेढ़ करोड़ कर चुकाते हैं। 130 करोड़ लोगों के देश में केवल डेढ़ करोड़ कर चुकाते हैं। तो इसकी वजह कृषि आय में शत प्रतिशत छूट देना है कई बड़े नेता उद्योगपति व अधिकारी कृषि आय के नाम पर अपनी अधिकतर आए हो काली से सफेद कर लेते हैं जबकि उन्होंने कभी फसल उगाई ही नहीं हो अत: सबसे पहले तो 10 लाख से अधिक कृषि आय वाले पर आयकर आरोपित किया जाए तो अभी जो 1 प्रतिशत से भी कमाई कर देता है उनकी संख्या बढ़कर 30 से 40 प्रतिशत हो जाएगी।

– **सुभाष बुडनवाला,** रत्लाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**कोविड**-19 महामारी न केवल वैश्विक निर्धनता व शांति हेतु हमारे संघर्षों की उपलब्धियों के लिए खतरा है बल्कि नए संघर्षों को भी जन्म दे सकती है।

– **संयुक्त राष्ट्र प्रमुख**
एंटोनियो गुटरेस

**जम्मू-कश्मीर** में बगैर किसी भेदभाव के विकास को गति मिलनी चाहिए। हमारा उद्देश्य राजनीति करना नहीं बल्कि प्रदेश की आत्मा को देश के साथ एकीकृत करना है।

– **मनोज सिन्हा**
जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल





**जब** देश के ईमानदार करदाता का जीवन सहज हो जाता है तो वह विकास के लिए कदम आगे बढ़ाता है और देश का भी विकास होता है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# भारत में कोरोना संक्रमण के मामले सीमित, नियंत्रण की सीमा में: नड्डा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा अध्यक्ष** जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि देश में कोविड-19 से संक्रमित लोगों की संख्या भले ही आज अधिक होगी लेकिन जनसंख्या की दृष्टि से यदि देखा जाए तो यहां कोरोना के संक्रमित मामले सीमित संख्या में हैं और वह भी नियंत्रण की सीमा में। कर्नाटक में भाजपा के आठ जिला कार्यालयों व एक मंडल कार्यालय का शिलान्यास करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नड्डा ने कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी और कर्नाटक की बी एस एदीयुरप्पा सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा, भारत 130 करोड़ का देश है। ठीक है, आज कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या हाई होगी, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा किसी भी संख्या को प्रति मिलियन के हिसाब से मापा जाता है।

जब प्रति मिलियन के हिसाब से मापा जाता हैं तो 130 करोड़ के देश के हिसाब से हमारे यहां कोरोना के संक्रमित मामले भी सीमीत हैं। वे भी नियंत्रण की सीमा में हैं। पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि कोविड-19 के खिलाफ तो सारी दुनिया व सारे देशों में लड़ाई लड़ी, लेकिन जिस तरीके से 130 करोड़ के देश का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लड़ाई लड़ी, वह अपने आप में दुनिया के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि किस तरीके से 130 करोड़ के देश को संभाल कर रखा जा सकता है, यह इसका उदाहरण है।

पश्चिमी देश मानवता और अर्थव्यवस्था के द्वंद्व में फंसे थे। अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के बावजूद उनकी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सामने से कोरोना के खिलाफ लड़ाई में 130 करोड़ भारतीयों का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री मोदी ने न सिर्फ स्वास्थ्य से संबंधित मामलों का समाधान निकाला बल्कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना समेत कई अन्य योजनाओं को लागू किया।

नड्डा ने कहा कि शुरुआती दिनों में हमारे पास कोविड से लड़ने के लिए एक भी समर्पित अस्पताल नहीं थे जबकि आज ऐसे 1200 अस्पताल हैं। इसी प्रकार पहले 1500 जांच हुआ करती थी आज यह आंकड़ा प्रति दिन छह लाख से अधिक पहुंच गया है। कोविड-19 महामारी के दौरान बेहतर प्रबंधन के साथ काम करने के साथ केंद्रीय योजनाओं का बेहतर उपयोग करने के लिए भी उन्होंने कर्नाटक सरकार की सराहना की। मैं एदियुरप्पा जी को बधाई देना चाहता हूं कि आपने कोरोना संकट के प्रबंधन के लिए बहुत अच्छा काम किया है। आपने एक हेक्टेयर पर फूलों की खेती करने वालों को 25,000 रुपए की आर्थिक मदद दी। कोरोना संकट में काम कर रहीं आशा कार्यकर्ताओं के खाते में आपने 3000-3000 रुपए डालकर सहायता दी है।

नड्डा ने कहा कि कर्नाटक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने करीब 1.54 करोड़ फूड पैकेट, 50 लाख राशन किट बांटे, 1.40 लाख मरीजों को दवाएं बांटी, 64.5 लाख सेनेटाइजर बांटे हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रदेश भाजपा संगठन और सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने का आह्वान किया।




नई दिल्ली में भाजपा की कर्नाटक इकाई के लिए वर्चुअल मीटिंग में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते हुए केन्द्रीय मंत्री डी.वी. सदानन्द गौड़ा

## कोविड-19 संक्रमण के मद्देनजर हालात मंदिर पुनः खोलने के अनुकूल नहीं : अदालत

**भाषा।** मुंबई

**बंबई उच्च न्यायालय** ने महाराष्ट्र में मंदिरों को आमजन के लिए खोले जाने का अंतरिम आदेश देने से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के कारण मौजूदा हालात पूजास्थलों को पुनः खोले जाने के अनुकूल नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी वी तावड़े की पीठ ने कहा कि राज्य में कोविड-19 संबंधी हालात में सुधार नहीं हुआ है और इसलिए लोगों को घर में ही पूजा करनी चाहिए।

अदालत में जनहित याचिका दायर करके अनुरोध किया गया था कि महाराष्ट्र सरकार को, मंदिरों को आमजन के लिए पुनः खोलने का आदेश दिया जाए। यह याचिका वकील दीपेश सिरोया के जरिए दायर की गई। सिरोया ने तर्क दिया कि राज्य सरकार मंदिर खोल सकती है और कोविड-19 लॉकडाउन के दिशा निर्देशानुसार एक समय में सीमित लोगों को पूजा करने की अनुमति दे सकती है।

पीठ ने सिरोया से सवाल किया कि वह निजी तौर पर किस मंदिर को सबसे बड़ा मानते हैं? इसके जवाब में वकील ने कहा, सबसे बड़ा मंदिर मानवता है। इसके बाद, पीठ ने कहा, यदि आप मानवता से प्रेम करते हैं, तो इस प्रकार की प्रार्थनाओं के लिए दबाव न बनाएं।

उसने कहा, मानवता से प्रेम और उसकी सुरक्षा के लिए घर पर ही पूजा करें। राज्य सरकार ने कहा कि उसने 12 अगस्त को उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ के समक्ष विस्तृत उत्तर दायर किया था कि किस प्रकार कोविड-19 के मामले अब भी बढ़ रहे है और इस समय पूजा के किसी भी स्थल को खोलना व्यावहारिक नहीं होगा।

## विशेष सशस्त्र बल के डिप्टी कमांडेट ने गोली मारकर की आत्महत्या

**गुना (मप्र)।** मध्य प्रदेश विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) की 26 वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेट ने यहां शुक्रवार सुबह अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कथित तौर पर कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि विजय कुमार सोनी (59) एसएएफ में डिप्टी कमांडेट के पद पर पदस्थ थे। शुक्रवार सुबह उन्होंने पुलिस लाइन कैंट स्थित अपने सरकारी आवास के बाहर खुद को गोली मार ली। प्रथमदृष्टया आत्महत्या का कारण सोनी का अवसाद में होना सामने आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है। एसपी ने बताया कि शुरुआती जांच में यह सामने आया कि सोनी की पत्नी की मौत पांच माह पहले ही कैंसर से हो गई थी। इसके बाद वह लगातार दुखी रहने लगे थे। उनका बेटा राजस्थान में तथा बेटी विवाह के बाद बेंगलुरु में रह रही है।

## अयोध्या राम मंदिर मसले पर मैं अपनी पार्टी की लाइन पर ही चला हूं : कमलनाथ


**भोपाल।** मप्र के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वह अयोध्या राम मंदिर मसले पर अपनी पार्टी की लाइन पर ही चले हैं। कमलनाथ ने कहा, राम मंदिर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरूजी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जो रूख था, मैं उसी पर हूं। इसे किसी अन्य परिप्रेक्ष्य में नहीं देखा जाना चाहिए। उनसे केरल में त्रिशूर के सांसद टीएन प्रतापन द्वारा कांगेस के सॉफ्ट हिन्दुत्व को अपनाने को लेकर पार्टी आलाकमान को आगाह करने वाली खबरों के बारे में सवाल किया गया।

राजीव जी ने (1985 में) राम मंदिर का ताला खुलवाया था। हम बाबरी मस्जिद गिराए जाने के खिलाफ थे। कांग्रेस का रुख साफ था कि हम इस पर अदालत के फैसले का पालन करेंगे। कमलनाथ ने कहा, मैंने छिंदवाड़ा में सबसे बड़ा हनुमान मंदिर बनवाया था। मैं हिंदू धर्म में आस्था रखता हूं। लेकिन, मैं अन्य सभी धर्मों का अत्यधिक सम्मान करता हूं। उन्होंने सवाल किया, क्या भाजपा ने हिंदू धर्म का पेटेंट कराया है? क्या उन्होंने (भाजपा) धर्म और भगवान राम के लिए एजेंसी ली है?

कमलनाथ ने अयोध्या में पांच अगस्त को भगवान राम के मंदिर के निर्माण के भूमि पूजन के एक दिन पहले भोपाल में अपने सरकारी निवास पर राम दरबार सजाकर हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया था। हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद राम मंदिर निर्माण का स्वागत करते हुए उन्होंने घोषणा की थी कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अयोध्या स्थित राम मंदिर निर्माण के लिए प्रदेश की जनता की ओर से चाँदी की 11 ईंट भेजेगी।

अयोध्या में पांच अगस्त को मंदिर के भूमि पूजन के अवसर को देखते हुए कमलनाथ ने भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के मुख्य द्वार पर भगवान श्रीराम की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री राम का पूजन किया था। उस दिन यहां कांग्रेस मुख्यालय पर भगवान राम की एक विशाल तस्वीर भी लगाई थी। रंगारंग आतिशबाजी और पूरे कार्यालय को रंगबिरंगी रोशनी से सजाने के साथ-साथ बैंड की धुन पर मधुर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति होती रही। पूरा कांग्रेस कार्यालय जय-जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा और कांग्रेसी राममय हो गए थे।

कांग्रेस के लोकसभा सदस्य टीएन प्रतापन ने राम मंदिर निर्माण के लिए हुए भूमि पूजन के बारे में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रया का विरोध करते हुए सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा, हम अति धार्मिक राष्ट्रवाद के पीछे इसके नरम स्वरूप के साथ भाग नहीं सकते। हमें इस हालात का अहसास करना चाहिए और तत्काल विकल्प को स्वीकार करना चाहिए। यह एकता, सौहार्द और सहिष्णुता की राजनीति की विरासत पर आधारित होना चाहिए।



कोलकाता में गणेश चतुर्थी पर्व की तैयारी के लिए भगवान गणेश की मूर्तियों को तैयार करता हुआ कलाकार।

## पाक जम्मू-कश्मीर में शांति बर्दाश्त नहीं कर सकता: डीजीपी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि पाकिस्तान और उसके छद्म केंद्र शासित प्रदेश में शांति बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने यह बात शुक्रवार को श्रीनगर के बाहरी इलाके में आतंकवादियों के हमले में दो पुलिस कर्मियों के शहीद होने और अन्य के घायल होने के बाद कही। इसके साथ ही, सिंह ने जोर देकर यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति को मजबूत करने की कोशिशें जारी रहेंगी।

नौगाम में पुलिस दल में हमले में शहीद दो जवानों को अंतिम सलामी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम के बाद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) समारोह के मद्देनजर हमने शहर में और शहर के बाहर कई स्थानों पर जवानों की तैनाती बढ़ाई है। हम शहर के बाहरी इलाकों में भी तैनाती बढ़ा रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि शहर के बाहरी हिस्से नौगाम में तैनाती दल पर हमला किया गया और दो जवान शहीद हो गए जबकि अन्य घायल हुए हैं।

डीजीपी ने कहा कि पाकिस्तान और उसके गुर्गे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण वातावरण बर्दाश्त नहीं कर सकते और यहां तक कि शांति के रास्ते में भी बाधा उत्पन्न करते हैं। हम सभी कश्मीर के हालात के बारे में जानते हैं, जहां पर आतंकवादी नियमित रूप से नागरिकों, पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की कोशिश करते हैं और कई बार वे इसमें सफल भी हो जाते हैं, साथ ही पुलिस और सुरक्षा बल हालात में सुधार करने के लिए कदम उठा रहे हैं। हम आने वाले दिनों में आतंकवाद निरोधी अभियान का विस्तार करेंगे ऐसी घटनाएं पाकिस्तान और उसके गुर्गों की वजह से होती है क्योंकि वे यहां शांतिपूर्ण माहौल को बर्दाश्त नहीं कर सकते। साजिश पूरी सीमा पर चल रही है और वे शांति के रास्ते में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### कन्याश्री योजना से 67 लाख लड़कियां सशक्त हुईं : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार की कन्याश्री योजना से करीब 67 लाख लड़कियां सशक्त हुई है। सातवे कन्याश्री दिवस के मौके पर बनर्जी ने कहा कि लड़कियां देश के लिए पूंजी हैं और वे सभी को गौरवान्वित करती हैं। बनर्जी ने ट्वीट किया, आज कन्याश्री दिवस है। कन्याश्री योजना की शुरुआत 2013 में की गई थी और इसने संयुक्त राष्ट्र (प्रथम पुरस्कार) का पुरस्कार जीता है। इस विशेष योजना के जरिए करीब 67 लाख लड़कियां सशक्त हुई है। लड़कियां हमारे देश के लिए पूंजी है और हमें उन पर गर्व है। उल्लेखनीय है कि कन्याश्री एक सशर्त नकद हस्तांतरण योजना है, जिसका उद्देश्य किशोरियों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करके और उन्हें 18 साल की उम्र तक विवाह करने से रोककर उनके स्वास्थ्य और स्थिति मे सुधार करना है। पश्चिम बंगाल सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना वर्ष 2013 में लागू की गई और इसमें अविवाहित लड़कियों को दो तरह से नकदी हस्तांतरित की जाती है। पहले में 13 से 18 साल की लड़कियों को एक हजार रुपए की सालाना छात्रवृत्ति दी जाती है। वही दूसरे में 18 साल की उम्र होने पर 25 हजार रुपए की एकमुश्त राशि आगे की पढ़ाई या कामकाज के लिए दी जाती है। ममता बनर्जी सरकार को वर्ष 2017 में कन्याश्री योजना के लिए संयुक्त राष्ट्र ने जनसेवा सम्मान से सम्मानित किया। राज्य सरकार ने नादिया जिले मे कन्याश्री विश्वविद्यालय और पूरे राज्य मे कन्याश्री महाविद्यालय भी खोलने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने पिछले साल जनवरी मे नादिया जिले के कृष्णानगर मे विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी थी।

### केरल में अगस्त-सितंबर में रोजाना कोरोना वायरस के 10-20 हजार मामले आ सकते हैं: स्वास्थ्य मंत्री

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की स्वास्थ्य मंत्री का कहना है कि केरल मे अगस्त और सितंबर के महीने मे कोरोना वायरस संक्रमण का कहर बढ़ सकता है और रोजाना संक्रमण के 10,000 से 20,000 मामले सामने आ सकते हैं। उन्होंने एक वीडियो संदेश मे युवाओं से कोविड ब्रिगेड से जुड़ने की अपील करते हुए कहा, विशेषज्ञो का कहना है कि अगस्त और सितंबर के महीने मे कोविड-19 के मामलों में भारी इजाफा हो सकता है। प्रतिदिन 10,000 से 20,000 नए मामले सामने आने की आशंका है।संक्रमण के मामलों में इजाफा होने पर मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है, इसलिए इसे रोकने की जरुरत है। हमे यह समझना होगा कि संक्रमण के मामलों मे इजाफा होने पर संक्रमण से होने वाली मृत्यु दर में भी वृद्धि होगी। इसलिए हमे संक्रमण के मामलो को बढ़ने से रोकना होगा। हमें इसके लिए लोगो के सहयोग की जरुरत है। शैलजा ने कहा कि उन्हें मास्क पहनने, हाथ धोने और सामाजिक दूरी बनाए रखने के स्वास्थ्य निर्देशो का सख्ती से पालन करना होगा। युवाओं से कोविड ब्रिगेड से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि हजारो स्वास्थ्य कर्मी महामारी से लड़ रहे है।

### महाराष्ट्र में नक्सलियों के हमले में कांस्टेबल शहीद

**नागपुर/मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली मे शुक्रवार सुबह नक्सली हमले मे एक कांस्टेबल शहीद हो गया जबकि एक अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गया। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, यह हमला पूर्वी महाराष्ट्र मे यहां से करीब 170 किलोमीटर दूर नक्सल प्रभावित जिले की बहरामगढ़ तहसील के कोटी गांव मे हुआ। उन्होंने बताया कि दोनो कांस्टेबल एक दुकान पर गए थे, तभी नक्सलियो के दल ने उन पर हमला कर दिया। एक कांस्टेबल शहीद हो गया, दूसरा कांस्टेबल घायल हो गया। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक शैलेश बालकवडे ने बताया कि बहरामगढ़ मे नक्सलियो ने दो पुलिस कर्मियो पर हमला किया, जिनमे से एक शहीद हो गया जबकि दूसरा घायल हुआ है। शहीद कांस्टेबल की पहचान दुष्यंत नंदेश्वर और घायल कांस्टेबल की पहचान विनोद भोसले के तौर पर की गई है। उधर, मुंबई मे महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने नक्सली हमले में शहीद पुलिस कांस्टेबल को श्रद्धांजलि दी और घायल जवान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कांस्टेबल दुष्यंत नंदेश्वर गढ़चिरौली के कोटी मे नक्सलियो की गोली लगने से शहीद हो गए। हम इस दुख की घड़ी मे परिवार के साथ है। देशमुख ने ट्वीट किया कि मै घायल जवान दिनेश भोसले के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### कोरोना के टीके की उपलब्धता और उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए काम करे सरकार: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भारत कोरोना वायरस का टीका तैयार करने वाले देशो मे शामिल होगा और ऐसे मे सरकार को इस टीके की उपलब्धता, किफायती दाम और उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए अब काम करना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, भारत कोविड-19 का टीका तैयार करने वाले देशो मे से एक होगा। ऐसे मे यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट रूप से परिभाषित, समावेशी रणनीति की जरूरत है कि टीके की उपलब्धता और उचित वितरण हो तथा यह किफायती भी हो। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को ऐसा अभी करना चाहिए। दुनिया के कई देशो और भारत मे भी कुछ स्थानो पर कोरोना वायरस के टीके का परीक्षण चल रहा है।

## मेरे पिता कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य में निजी मनमुटाव कभी नहीं रहा : विधायक

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की यहां तीन दिन बाद होने वाली भेंट पर सियासी आलोचकों की निगाहें गड़ गई हैं। विजयवर्गीय के बेटे व स्थानीय भाजपा विधायक आकाश विजयवर्गीय ने दावा किया है कि दोनों वरिष्ठ नेताओं में निजी मनमुटाव कभी नहीं रहा। आकाश विजयवर्गीय ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा, मेरे पिता और सिंधिया में निजी तौर पर मनमुटाव कभी नहीं रहा। उनके बीच के निजी संबंध हमेशा बड़े अच्छे रहे हैं। जब सिंधिया कांग्रेस में थे, तब वह और मेरे पिता राजनीतिक विचारधारा में अंतर के कारण आमने-सामने नजर आते थे। सिंधिया के भाजपा में आने के साथ ही यह अंतर पूरी तरह खत्म हो गया है। दोनों नेताओं के बीच बहुत अच्छी मित्रता है।

भाजपा के 35 वर्षीय विधायक ने कहा, "सिंधिया का अपने आप में एक क्रेज (आकर्षण) है। मेरे परिजन और मेरे घर के आस-पास रहने वाले लोग उनके स्वागत के लिए उत्सुक हैं।

आकाश विजयवर्गीय ने यह बात ऐसे मौके पर कही है, जब पांच महीने पहले सूबे की कमलनाथ नीत कांग्रेस सरकार के पतन के साथ ही भाजपा में शामिल होने के बाद सिंधिया 17 अगस्त को पार्टी महासचिव से मिलने उनके इंदौर स्थित घर पहली बार आने वाले हैं। सिंधिया अपने इंदौर-उज्जैन प्रवास के दौरान कैलाश विजयवर्गीय और अन्य वरिष्ठ राजनेताओं से मिलेंगे। सिंधिया और कैलाश विजयवर्गीय के बीच मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के वर्ष 2010 के चुनावों में सीधी भिड़ंत हो चुकी है। सिंधिया उस वक्त केंद्र की कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री थे, तो कैलाश विजयवर्गीय प्रदेश की भाजपा सरकार में इसी विभाग के काबीना मंत्री का ओहदा संभाल रहे थे।

## शोपियां मुठभेड़: मृतकों के परिजन होने का दावा करने वालों के डीएनए नमूने लिए गए

**भाषा।** राजौरी

**जम्मू कश्मीर** के शोपियां जिले में कथित तौर पर हुई फर्जी मुठभेड़ में मारे गए तीन युवकों के रिश्तेदार होने का दावा करने वाले लोगों के डीएनए नमूने एक सरकारी अस्पताल में लिए गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि श्रीनगर से भेजे गए पुलिस के एक दल की उपस्थिति में नमूने लिए गए। राजौरी के धारसकरी गांव के कथुनी मोहल्ले के निवासी मोहम्मद इम्तियाज और इबरार अहमद तथा तरकसी गांव के निवासी मोहम्मद इबरार शोपियां में मजदूरी करने के लिए निकले थे और 17 जुलाई को परिवारवालों से उनका संपर्क टूट गया था।

अधिकारियों ने कहा कि इन तीन लापता युवकों के परिजन होने का दावा करने वाले लोगों के कुल छह डीएनए नमूने लिए गए। बृहस्पतिवार को यहां आए पुलिस के दल ने युवकों के कथित परिजन से मुलाकात की। राजौरी जिला मजिस्ट्रेट मोहम्मद नजीर शेख ने कहा कि पुलिस के एक दल ने प्रशासन से इस बाबत बात की। इसके बाद एक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया और राजौरी स्थित जीएमसी एसोसिएटेड अस्पताल में डीएनए नमूने एकत्र किए गए।

शेख ने कहा, हमारी भूमिका डीएनए नमूने उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी क्योंकि कश्मीर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर कथित रूप से इम्तियाज के पिता को कश्मीर जाने की अनुमति मांगते और अपने बेटे समेत अन्य युवकों को उचित तरीके से दफन करने का अनुरोध करते देखा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि तीनों युवकों में से किसी का आतंकवादियों से दूर तक का भी कोई संबंध है तो वे इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार हैं।

पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) विजय कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि पुलिस उपाधीक्षक एस पी वजाहत के नेतृत्व में पुलिस के एक दल को उन लोगों के डीएनए नमूने लेने के लिए राजौरी भेजा गया जो मृतकों के परिजन होने का दावा कर रहे हैं। कुमार ने कहा कि डीएनए नमूनों को परीक्षण के लिए केंद्रीय प्रयोगशाला में भेजा जाएगा।

उन्होंने कहा, जांच के दो पक्ष हैं। एक तो डीएनए परीक्षण कराना है और उसके बाद हम इस बात की भी जांच करेंगे कि कश्मीर आए इन युवकों का आतंकवादियों से कोई संबंध था या नहीं। हम उनके फोन कॉल और अन्य तकनीकी पक्षों की छानबीन करेंगे। शोपियां जिले के अंशीपोरा गांव में हुई मुठभेड़ की की जांच के आदेश सेना ने पहले ही दे दिए हैं। सेना ने 18 जुलाई को कहा था कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया है। हालांकि इससे संबंधित अधिक जानकारी साझा नहीं की गई थी।



साउथ दिनाजपुर में भारत-बांग्लादेश के बार्डर पर बीएसएफ के जवान स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर वाहन की जांच करते हुए।

# अमर शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है राष्ट्रीय पर्व



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें आत्मचिन्तन करने तथा महान देशभक्तों के सपनों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान होने वालों को नमन करते हुए कहा कि ऐसे वीर सपूतों को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास तथा आत्मनिर्भर भारत बनाने की अवधारणा को अंगीकृत करते हुए प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ, समर्थ तथा सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के लिए कटिबद्ध है। राज्य सरकार समाज के सभी वर्ग विशेष रूप से किसानोंए गरीबों, वंचितों, शोषितों एवं उपेक्षित वर्ग के साथ-साथ प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी जरूरतमन्दों को मिल रहा है। श्री योगी ने कहा कि वर्तमान समय में पूरा विश्व वैश्विक महामारी कोविड–19 से जूझ रहा है। प्रदेश सरकार कोविड–19 के संक्रमण से निपटने के साथ–साथ रचनात्मक कार्यक्रमों तथा विकास गतिविधियों को तेजी से संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कोविड.19 से बचाव हेतु भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के दिशा–निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए स्वाधीनता दिवस समारोह–2020 को परम्परागत सादगी एवं हर्षोल्लास से मनाने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री योगी के संदेश का प्रसारण दूरदर्शन व आकाशवाणी प्रसारण आज

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश की जनता के नाम संदेश कल 15 अगस्त को दूरदर्शन व आकाशवाणी पर सुबह 9 बजे प्रसारित होगा। इसे प्रदेश के सभी दूरदर्शन केन्द्र रिले करेंगे। आकाशवाणी लखनऊ पर मुख्यमंत्री जी का संदेश सांयकाल 07:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह संदेश प्राइमरी चैनल तथा एआईआर एफएम रेनबो पर सुना जा सकेगा। इसे प्रदेश स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।


### पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड

सीआईएन : एल65929डीएल1947पीएलसी001240 ;
ई–मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com
पंजीकृत कार्यालयः प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002
फोन नंबर : +91–7303495375 ; वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com

**कम्पनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरण के विषय में शुद्धिपत्र**

यह शुद्धिपत्र पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (कम्पनी) के सभी सदस्यों का ध्यान कम्पनी द्वारा मिन्ट (सभी संस्करण) अंग्रेजी में तथा पायनियर (दिल्ली संस्करण) हिन्दी में दिनांक 06, जुलाई, 2020 को "कम्पनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरण" शीर्षक के तहत प्रकाशित सूचना दिनांकित 04 जुलाई, 2020 की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए है।

सभी संबंधित नोट करें कि आईईपीएफ को अंतरण की नियत तिथि 03 अगस्त, 2020, जो त्रुटिवश प्रकाशित हुई है, के स्थान पर 03 सितम्बर, 2020 के रूप में पढ़ी जाएगी।

तदनुसार, संबंधित शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना मांगा नहीं गया लाभांश 03 सितम्बर, 2020 को अथवा पूर्व मांग लें, जिसमें असफल रहने पर उनके शेयर निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (लेखांकन, लेखापरीक्षण, अंतरण और वापसी) नियमावली, 2016 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आईईपीएफ में अंतरित कर दिए जाएंगे।

शुद्धिपत्र सूचना संबंधित शेयरधारकों को भी कम्पनी में उपलब्ध उनके नवीनतम पते पर भेजी जा चुकी है, जिसमें अन्य के साथ, आईईपीएफ को अंतरित किए जाने के भागी शेयरों का विवरण, उपयुक्त कार्यवाही करने हेतु दिया गया है।

यह शुद्धिपत्र सूचना दिनांकित 04 जुलाई, 2020 के क्रम और संयोजन में पढ़ा जाना चाहिए। सूचना की अन्य सभी विषयवस्तु अपरिवर्तित रहेगी। सभी संबंधित शेयरधारकों से उपरोक्त शुद्धि नोट करने का अनुरोध किया जाता है।

वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./–
श्वेता सक्सेना
कम्पनी सेक्रेटरी

तिथि : 14–08–2020
स्थान : नई दिल्ली



### गुमशुदा/अपहृत की तलाश



मोहित

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **मोहित, पुत्रः राम अवतार, पताः एच–3, गली नं. 5, कुवँर सिंह नगर, दिल्ली जोकि दिनांक 30.06.2020 को पुलिस थाना क्षेत्र रनहोला, दिल्ली से गुमशुदा/अपहृत है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 37-A dated 04.07.2020** पुलिस थाना, रनहोला, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा/अपहृत लड़के की पहचान दी गई है:

**नामः मोहित, उम्रः 19 वर्ष, कदः 5'8'', चेहराः लम्बा, रंगः सांवला, पहनावाः नीली टी–शर्ट, नीला पैन्ट और पैरों में जूते।**

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, रनहोला, दिल्ली को संपर्क करें।

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, रनहोला, दिल्ली
**फोनः 011-28363001, 28363002, 28363003**

**DP/293/OD/2020**



### द हिन्दुस्तान टाइम्स लिमिटेड

सीआईएनः U74899DL1927PLC000155
पंजीकृत कार्यालयः एचटी हाउस, 18–20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली – 110001; टेलीफोनः +011 - 66561206
ईमेलः secretarial.ht@rediffmail.com

**सूचना**

**विषयः कम्पनी के समता अंशधारकों के ध्यान देने हेतु**

विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदेय) नियम, 2016 ("नियम") के प्रावधानों के अनुसार सभी अंश ("ऐसे अंश"), जिनके संदर्भ में अंशधारकों द्वारा सात या अधिक वर्षों तक लाभांश का दावा नहीं किया गया है, विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईइपीएफ) प्राधिकरण के पक्ष में हस्तांतरित कर दिए जाने चाहिए।

अतः, ऐसे सभी अंतर्निहित अंश, जिनके सम्बन्ध में लाभांश का भुगतान/दावा वित्तीय वर्ष 2012–13 से लगातार सात वर्षो तक नहीं किया गया है, को उक्त नियमों के अनुसार आईइपीएफ के डीमैट खाते में हस्तांतरित किया जाना है।

नियम के अनुसरण में, कंपनी ने उन सभी सम्बद्ध अंशधारकों, जिनके अंश आईइपीएफ प्राधिकरण में हस्तांतरित होने हेतु यथोचित हैं, को उचित कार्रवाई करने हेतु व्यक्तिगत तौर पर सूचित किया है। कथित सूचना को डुप्लीकेट अंश प्रमाण–पत्रों/नियम के अनुसार अंशों के आईइपीएफ प्राधिकरण में हस्तांतरण हेतु पर्याप्त सूचना के रूप में समझा जाना चाहिए।

एतद् द्वारा ऐसे सभी अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी को 30 सितम्बर 2020 तक अदत्त लाभांश के भुगतान के दावा हेतु अनुरोध का आवेदन करें ताकि अंश आईइपीएफ में हस्तांतरित न किए जाएँ। कृपया ध्यान दें कि यदि कम्पनी को 30 सितम्बर 2020 तक कोई प्रतिक्रिया या दावा प्राप्त नहीं होता है, तो कम्पनी ऐसे अंशों को, बिना किसी अगली सूचना के, आईइपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित करने हेतु बाध्य होगी।

अंशधारक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा अदावाकृत लाभांश तथा आईइपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित सभी अंशों को सभी उपार्जित लाभ, यदि कोई हो, सहित आईइपीएफ प्राधिकरण से नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वापस प्राप्त किया जा सकता है। यदि विषय–वस्तु एवं नियमों के सम्बन्ध में अंशधारकों का कोई प्रश्न हो, तो वे कम्पनी के सचिवालय विभाग से हिंदुस्तान टाइम्स हाउस, 9वीं मंजिल, 18–20 कस्तूरबा गाँधी मार्ग, नई दिल्ली – 110001, टेलीफोनः 011–66561206, ईमेलः secretarial.ht@rediffmail.com से संपर्क करें।

कृते **द हिन्दुस्तान टाइम्स लिमिटेड**
हस्ता/–
**विरेन्द्र कुमार चारोड़िया**
निदेशक व कम्पनी सचिव
डीआईएनः 00046895

दिनांकः 14 अगस्त 2020
स्थानः नई दिल्ली



## कार्यालय ग्राम पंचायत लौहर्रा, विकास खण्ड सासनी जनपद–हाथरस।

पत्रांकः टेन्डर/राज्यवित्त/14वॉं वित/2020–21 दिनांकः–

**–: अल्पकालीन निविदा सूचना :–**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि कोविड–19 के कारण ग्रामों में काम कर रहे प्रवासी एवं ग्रामीण मनरेगा मजूदरों को बर्षा काल में तत्काल रोजगार देने हेतु वित्त आयोग के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी महोदय के पत्र संख्या–1239/मनरेगा–पंचायत/2020–21 दिनांक– 07.08.2020, आयुक्त ग्राम्य विकास, महोदय के पत्र संख्या–मनरेगा/पत्रा0 सं0–01/1340/2020 दिनांक–16 जुलाई 2020, अपर मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासनादेश संख्या–1814/33/–3–2020/2013 टी. सी. दिनांक–22 जुलाई 2020 में महात्मा गॉधी नरेगा एवं वित्त आयोग के मध्य कन्वर्जेन्स करते हुए पंचायत भवन निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में विकास खण्ड सासनी में स्थित ग्राम पंचायत लौहर्रा में पंचायत घरो के निर्माण हेतु निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक–20.08.2020 को दिन के 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3.30 बजे उपरिस्थत निविदादाताओं के समक्ष खण्ड विकासी अधिकारी सासनी कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा खोली 'जायेगी', यदि उक्त निविदा प्राप्त दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, समय एवं बैधता में कोई परिवर्तन नही होगा। निविदा की बैधता मूल तिथि से मानी जायेगी।

निविदा की शर्ते निम्नवत रहेगी।:–

1. निविदा प्रपत्र विकास खण्ड कार्यालय से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 20.08. 2020 को दोपहर 12:00 दबजे तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र के साथ–2 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0, एस.टी.आर. अद्योहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।
3. सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नही होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा दरों की वैधता 31 मार्च 2021 तक होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ रूपये का नॉन जुडीशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।
5. निविदा की राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
6. बिलो के भुगतान में नियमानुसार आयकर जी.एस.टी. सेस एवं रॉयल्टी आदि की कटौती के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
7. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता/मानक के अनुसार होनी चाहिये अन्यथा नियमानुसार कटौती की जायेगी।
8. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौंसिल में पंजीकृत हो निविदा देने से प्रतिबंधित होगें।
9. सभी निविदाओं को अद्योहस्ताक्षरी/कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
10. टैक्निकल बिड, फाइनेंशियल बिड, तथा अर्नेस्ट मनी पृथ्क–पृथक सील्ड लिफाफे में रखने के बाद तीनों लिफाफे निविदा के साथ संलग्न बडे सील्ड लिफाफे में रखे जायेंगे।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत सामिग्री (लाख रू0) मनरेगा अंश | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत लौहर्रा में पंचायतघर का निर्माण | 7,75,519.00 | 15500.00 | 500.00 | 3 माह |

ग्राम पंचयात अधिकारी
ग्राम पंचायत लौहर्रा
वि0ख0 सासनी (हाथरस)

प्रधान
ग्राम पंचायत लौहर्रा
वि0ख0 सासनी (हाथरस)



## कार्यालय ग्राम पंचायत समामईरूहल, विकास खण्ड सासनी जनपद–हाथरस।

पत्रांकः टेन्डर/राज्यवित्त/14वॉं वित/2020–21 दिनांकः–

**–: अल्पकालीन निविदा सूचना :–**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि कोविड–19 के कारण ग्रामों में काम कर रहे प्रवासी एवं ग्रामीण मनरेगा मजूदरों को बर्षा काल में तत्काल रोजगार देने हेतु वित्त आयोग के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी महोदय के पत्र संख्या–1239/मनरेगा–पंचायत/2020–21 दिनांक– 07.08.2020, आयुक्त ग्राम्य विकास, महोदय के पत्र संख्या–मनरेगा/पत्रा0 सं0–01/1340/2020 दिनांक–16 जुलाई 2020, अपर मुख्या सचिव महोदय, उ0प्र0 शासनादेश संख्या–1814/33/–3–2020/2013 टी. सी. दिनांक–22 जुलाई 2020 में महात्मा गॉधी नरेगा एवं वित्त आयोग के मध्य कन्वर्जेन्स करते हुए पंचायत भवन निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में विकास खण्ड सासनी में स्थित ग्राम पंचायत समामई रूहल में पंचायत घरो के निर्माण हेतु निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक–20.08.2020 को दिन के 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3.30 बजे उपरिस्थत निविदादाताओं के समक्ष खण्ड विकासी अधिकारी सासनी कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा खोली 'जायेगी', यदि उक्त निविदा प्राप्त दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, समय एवं बैधता में कोई परिवर्तन नही होगा। निविदा की बैधता मूल तिथि से मानी जायेगी।

निविदा की शर्ते निम्नवत रहेगी।:–

1. निविदा प्रपत्र विकास खण्ड कार्यालय से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 20.08. 2020 को दोपहर 12:00 दबजे तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र के साथ–2 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0, एस.टी.आर. अद्योहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।
3. सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नही होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा दरों की वैधता 31 मार्च 2021 तक होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ रूपये का नॉन जुडीशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।
5. निविदा की राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
6. बिलो के भुगतान में नियमानुसार आयकर जी.एस.टी. सेस एवं रॉयल्टी आदि की कटौती के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
7. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता/मानक के अनुसार होनी चाहिये अन्यथा नियमानुसार कटौती की जायेगी।
8. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौंसिल में पंजीकृत हो निविदा देने से प्रतिबंधित होगें।
9. सभी निविदाओं को अद्योहस्ताक्षरी/कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
10. टैक्निकल बिड, फाइनेंशियल बिड, तथा अर्नेस्ट मनी पृथ्क–पृथक सील्ड लिफाफे में रखने के बाद तीनों लिफाफे निविदा के साथ संलग्न बडे सील्ड लिफाफे में रखे जायेंगे।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत सामिग्री (लाख रू0) मनरेगा अंश | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत समामई रूहल में पंचायतघर का निर्माण | 7,75,519.00 | 15500.00 | 500.00 | 3 माह |

ग्राम पंचयात अधिकारी
ग्राम पंचायत समामई रूहल
वि0ख0 सासनी (हाथरस)

प्रधान
ग्राम पंचायत समामई रूहल
वि0ख0 सासनी (हाथरस)



## कार्यालय ग्राम पंचायत जरैयागदा खेडा, विकास खण्ड सासनी जनपद–हाथरस।

पत्रांकः. मीमो टेन्डर/राज्यवित्त/14वॉं वित/2020–21 दिनांकः– 13.08.2020

**–: अल्पकालीन निविदा सूचना :–**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि कोविड–19 के कारण ग्रामों में काम कर रहे प्रवासी एवं ग्रामीण मनरेगा मजूदरों को बर्षा काल में तत्काल रोजगार देने हेतु वित्त आयोग के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी महोदय के पत्र संख्या–1239/मनरेगा–पंचायत/2020–21 दिनांक– 07.08.2020, आयुक्त ग्राम्य विकास, महोदय के पत्र संख्या–मनरेगा/पत्रा0 सं0–01/1340/2020 दिनांक–16 जुलाई 2020, अपर मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासनादेश संख्या–1814/33/–3–2020/2013 टी. सी. दिनांक–22 जुलाई 2020 में महात्मा गॉधी नरेगा एवं वित्त आयोग के मध्य कन्वर्जेन्स करते हुए पंचायत भवन निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में विकास खण्ड सासनी में स्थित ग्राम पंचायत जरैयागदा खेडा में पंचायत घरो के निर्माण हेतु निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक–20.08.2020 को दिन के 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3.30 बजे उपरिस्थत निविदादाताओं के समक्ष खण्ड विकासी अधिकारी सासनी कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा खोली 'जायेगी', यदि उक्त निविदा प्राप्त दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, समय एवं बैधता में कोई परिवर्तन नही होगा। निविदा की बैधता मूल तिथि से मानी जायेगी।

निविदा की शर्ते निम्नवत रहेगी।:–

1. निविदा प्रपत्र विकास खण्ड कार्यालय से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 20.08. 2020 को दोपहर 12:00 दबजे तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र के साथ–2 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0, एस.टी.आर. अद्योहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।
3. सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नही होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा दरों की वैधता 31 मार्च 2021 तक होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ रूपये का नॉन जुडीशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।
5. निविदा की राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
6. बिलो के भुगतान में नियमानुसार आयकर जी.एस.टी. सेस एवं रॉयल्टी आदि की कटौती के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
7. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता/मानक के अनुसार होनी चाहिये अन्यथा नियमानुसार कटौती की जायेगी।
8. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौंसिल में पंजीकृत हो निविदा देने से प्रतिबंधित होगें।
9. सभी निविदाओं को अद्योहस्ताक्षरी/कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
10. टैक्निकल बिड, फाइनेंशियल बिड, तथा अर्नेस्ट मनी पृथ्क–पृथक सील्ड लिफाफे में रखने के बाद तीनों लिफाफे निविदा के साथ संलग्न बडे सील्ड लिफाफे में रखे जायेंगे।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत सामिग्री (लाख रू0) मनरेगा अंश | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत जरैयागदा खेडा में पंचायतघर का निर्माण | 7,75,519.00 | 15500.00 | 500.00 | 3 माह |

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जरैयागदा खेडा
वि0ख0 सासनी (हाथरस)

प्रधान
ग्राम पंचायत जरैयागदा खेडा
वि0ख0 सासनी (हाथरस)



## कार्यालय ग्राम पंचायत अमरपुर घना, विकास खण्ड सासनी जनपद–हाथरस।

पत्रांकः. मीमो टेन्डर/राज्यवित्त/14वॉं वित/2020–21 दिनांकः– 13.08.2020

**–: अल्पकालीन निविदा सूचना :–**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि कोविड–19 के कारण ग्रामों में काम कर रहे प्रवासी एवं ग्रामीण मनरेगा मजूदरों को बर्षा काल में तत्काल रोजगार देने हेतु वित्त आयोग के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी महोदय के पत्र संख्या–1239/मनरेगा–पंचायत/2020–21 दिनांक– 07.08.2020, आयुक्त ग्राम्य विकास, महोदय के पत्र संख्या–मनरेगा/पत्रा0 सं0–01/1340/2020 दिनांक–16 जुलाई 2020, अपर मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासनादेश संख्या–1814/33/–3–2020/2013 टी. सी. दिनांक–22 जुलाई 2020 में महात्मा गॉधी नरेगा एवं वित्त आयोग के मध्य कन्वर्जेन्स करते हुए पंचायत भवन निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में विकास खण्ड सासनी में स्थित ग्राम पंचायत अमरपुरघना में पंचायत घरो के निर्माण हेतु निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक–20.08.2020 को दिन के 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3.30 बजे उपरिस्थत निविदादाताओं के समक्ष खण्ड विकासी अधिकारी सासनी कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा खोली 'जायेगी', यदि उक्त निविदा प्राप्त दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, समय एवं बैधता में कोई परिवर्तन नही होगा। निविदा की बैधता मूल तिथि से मानी जायेगी।

निविदा की शर्ते निम्नवत रहेगी।:–

1. निविदा प्रपत्र विकास खण्ड कार्यालय से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 20.08. 2020 को दोपहर 12:00 दबजे तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र के साथ–2 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0, एस.टी.आर. अद्योहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।
3. सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नही होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा दरों की वैधता 31 मार्च 2021 तक होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ रूपये का नॉन जुडीशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।
5. निविदा की राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
6. बिलो के भुगतान में नियमानुसार आयकर जी.एस.टी. सेस एवं रॉयल्टी आदि की कटौती के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
7. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता/मानक के अनुसार होनी चाहिये अन्यथा नियमानुसार कटौती की जायेगी।
8. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौंसिल में पंजीकृत हो निविदा देने से प्रतिबंधित होगें।
9. सभी निविदाओं को अद्योहस्ताक्षरी/कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
10. टैक्निकल बिड, फाइनेंशियल बिड, तथा अर्नेस्ट मनी पृथ्क–पृथक सील्ड लिफाफे में रखने के बाद तीनों लिफाफे निविदा के साथ संलग्न बडे सील्ड लिफाफे में रखे जायेंगे।


| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत सामिग्री (लाख रू0) मनरेगा अंश | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत अमरपुरघना में पंचायतघर का निर्माण | 6.22.776.00 | 12450.00 | 500.00 | 3 माह |

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अमरपुरघना
वि0ख0 सासनी (हाथरस)

प्रधान
ग्राम पंचायत अमरपुरघना
वि0ख0 सासनी (हाथरस)

# देश में एक दिन में 8.5 लाख नमूनों की हुई जांच

**कोविड-19**



## ● स्वस्थ होने की दर 71.17 प्रतिशत हुई

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने प्रतिदिन दस लाख नमूनों की जांच के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य की कड़ी में कोविड-19 के लिए एक दिन में रिकॉर्ड 8,48,728 नमूनों की जांच की है। मंत्रालय ने कहा कि सतत आधार पर जांच सुविधाएं बढ़ाते रहने की वजह से अब तक देश में कुल 2,76,94,416 नमूनों की जांच की जा चुकी है। इस बीच देश में कोविड-19 से स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 17.5 लाख के आंकड़े को पार कर गई है।

मंत्रालय ने कहा कि आक्रामक तरीके से जांच करने, सघन तरीके से मामलों पर नजर रखने और प्रभावी तरीके से उपचार करने से आज की तारीख में संक्रमितों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर 71.17 प्रतिशत हो गई है, वहीं रोगियों के मानकीकृत उपचार प्रोटोकॉल के माध्यम से प्रभावी क्लीनिकल प्रबंधन के परिणामस्वरूप कोविड-19 के रोगियों में मृत्युदर में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। उसने कहा, कोविड-19 संक्रमितों की मृत्यु दर आज की तारीख में 1.95 फीसद हो गई है और लगातार कम हो रही है। मंत्रालय ने कहा कि स्वस्थ हुए लोगों की संख्या इस समय कोरोना वायरस के मौजूद मामलों की तुलना में 10,89,960 अधिक हो गई है। उसने कहा कि भारत में इस समय संक्रमितों की संख्या 6,61,595 है जो देश में अब तक आए संक्रमण के कुल मामलों का 26.88 फीसद है। गुरुवार को 24 घंटे की अवधि में रिकॉर्ड 8,48,728 नमूनों की जांच की गई और अब तक कुल 2,76,94,416 नमूनों की जांच की जा चुकी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोविड-19 के संदर्भ में सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक कदमों के समायोजन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य मानदंड पर अपने दिशानिर्देश नोट में संदिग्ध मामलों पर व्यापक निगरानी रखने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने यह परामर्श भी दिया है कि किसी देश में प्रति दस लाख आबादी पर 140 नमूनों की जांच प्रतिदिन की जानी चाहिए।

## भारत ने जुलाई में पांच देशों को 23 लाख पीपीई का किया निर्यात

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि भारत ने जुलाई में अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात समेत पांच देशों को 23 लाख निजी सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) का निर्यात किया। इससे देश को इन किट के वैश्विक बाजार में खुद की स्थिति को मजबूत करने में मदद मिली है।

इसमें कहा गया कि सरकार द्वारा निर्यात नियमों में ढील के बाद जिन देशों को पीपीई निर्यात की गईं, उनमें सेनेगल और स्लोवानिया भी हैं। मंत्रालय के अनुसार, आत्मनिर्भर भारत अभियान में निहित मेक इन इंडिया की भावना से देश पीपीई समेत अनेक चिकित्सा उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर बना है। केंद्र सरकार जहां पीपीई किट, एन95 मास्क और वेंटिलेटर आदि की राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासनों को आपूर्ति कर रही है, वहीं राज्य इन्हें सीधे भी खरीद रहे हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मार्च से अगस्त 2020 के बीच राज्यों ने अपने खुद के बजट प्रावधानों से 1.40 करोड़ स्वदेशी पीपीई किट खरीदी हैं। इसी अवधि में केंद्र सरकार ने राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय संस्थानों को 1.28 करोड़ पीपीई निशुल्क बांटीं।

मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि महामारी की शुरुआत में एन95 मास्क, पीपीई किट और वेंटिलेटर आदि समेत सभी तरह के चिकित्सा उपकरणों की वैश्विक स्तर पर कमी थी। उसने कहा कि कई उत्पादों का शुरुआत में देश में उत्पादन नहीं किया जा रहा था क्योंकि कई जरूरी घटक अन्य देशों से खरीदे जाने थे। महामारी के कारण बढ़ती वैश्विक मांग के चलते विदेशी बाजारों में इन संसाधनों की कमी आ गई थी। मंत्रालय ने कहा कि महामारी को चिकित्सा उपकरणों के उत्पादन के लिए अपने घरेलू बाजार को तैयार करने के अवसर में बदलते हुए स्वास्थ्य, कपड़ा, फार्मास्युटिकल्स मंत्रालयों, उद्योग संवर्धन और आंतरिक विभाग, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा अन्य के समन्वित प्रयासों से भारत ने अपनी खुद की उत्पादन क्षमता मजबूत की।



बेंगलुरु में शुक्रवार को 74वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्वाभ्यास में हिस्सा लेने के बाद सप्तगिरी इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राएं

## खतरनाक रसायन के अवैध भंडारण के आरोप में गोदाम मालिक गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के बोइसर औद्योगिक इलाके में बिना अनुमति के कथित रूप से खतरनाक रसायन के भंडारण के के आरोप में एक गोदाम मालिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोदाम मालिक की पहचान राशिद सलीम चौधरी (31) के रूप में की गई है। पालघर पुलिस के प्रवक्ता सचिन नवाडकर ने बताया कि महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) के एक अधिकारी की इस संबंध में दर्ज शिकायत के आधार पर बोइसर पुलिस ने बृहस्पतिवार को मामला दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि गोदाम मालिक पर नियमों का उल्लंघन करते हुए खतरनाक रसायनों और अन्य सामग्रियों का भंडारण करने का आरोप है।

## फडणवीस बिहार में भाजपा की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस बिहार विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अपनी पार्टी की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राज्य में भगवा गठबंधन में कुछ मतभेद की खबरों के बीच इसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। भाजपा सूत्रों ने कहा कि फडणवीस को पार्टी नेतृत्व ने चुनावी तैयारियों के लिए चुना है और उन्होंने हाल ही में पार्टी की बिहार कोर कमेटी की एक बैठक में भाग लिया था। भाजपा के एक सूत्र ने कहाकि उन्होंने अपना काम पहले ही शुरू कर दिया है और वह सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनकी जिम्मेदारी के बारे में औपचारिक घोषणा पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा बाद में की जा सकती है। भाजपा के दो सहयोगी दलों, चिराग पासवान नीत लोक जनशक्ति पार्टी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नीत जनता दल (यूनाइटेड) के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ऐसे में भाजपा का यह कदम अहम है। सूत्रों के अनुसार, लोजपा ने भाजपा नेतृत्व को अवगत कराया है कि उसके द्वारा उठाए गए मुद्दों से जिस तरीके से निपटा गया है, वह उससे खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि हाल ही में चिराग पासवान ने नड्डा से मुलाकात की थी और कई मुद्दों पर बातचीत की थी। भाजपा अपने दोनों सहयोगियों के बीच संतुलन के लिए प्रयासरत रही है और उसने पहले ही घोषणा कर दी है कि कुमार राजग की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। भाजपा महासचिव भूपेंद्र यादव अब तक बिहार मामलों के लिए पार्टी के मुख्य व्यक्ति थे। वह राज्य के लिए भाजपा प्रभारी भी हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा तारीखों की घोषणा किए जाने के बाद फडणवीस को बिहार चुनाव प्रभारी बनाया जा सकता है। भाजपा अपने प्रमुख नेताओं को राज्य चुनावों की जिम्मेदारी सौंपती रही है। यादव पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रभारी थे। दिवंगत भाजपा नेता अनंत कुमार 2015 में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रभारी थे। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर बिहार और महाराष्ट्र सरकार ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं।

## सीमा सुरक्षा बल के 52 अधिकारियों व कार्मिकों को पुलिस पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**स्वतंत्रता** दिवस की पूर्व संध्या पर भारत सरकार द्वारा सीमा सुरक्षा बल के 52 अधिकारियों एवं कार्मिकों को विभिन्न पुलिस पदकों से सम्मानित करने की घोषणा की गई। इनमें एक को वीरता के लिये पुलिस पदक, 5 को विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक और 46 को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



विनय प्रसाद



रवि गांधी



राजेश शर्मा



हरिदीप सिंह



इंद्रजीत सिंह राना



बीसी जोशी

वीरता के लिये पुलिस पदक सहायक कमांडेंट पद पर रहे स्वर्गीय विनय प्रसाद को दिया गया है। सीमा सुरक्षा बल की 19बटालियन के अंतर्गत भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात बल के बहादुर सहायक कमांडेंट विनय प्रसाद को उनकी विलक्षण युद्धकौशल, कुशल नेतृत्व और अनुकरणीय वीरता के लिए मरणोपरांत वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक राजेश शर्मा उप महानिरीक्षक, इंद्रजीत सिंह राणा उप महानिरीक्षक,हरदीप सिंह उप महानिरीक्षक, रवि गांधी उप महानिरीक्षक, भुवन चंद्र जोशी इंस्पेक्टर को दिया गया है। वहीं सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक राजेश कुमार उप महानिरीक्षक, अनंतसिंह कमांडेंट, मोहिंदरसिंह कमांडेंट, राजीव वत्सराज कमांडेंट, अहसान शाहेदी कमांडेंट, अनिलकुमार कमांडेंट, डॉ. विजय सिंह राजन कमांडेंट, अश्विनी कुमार सिंह कमांडेंट, संजय कुमार सिंह, पामय गाइजिन पाओ, अजीत एक्का डिप्टी कमांडेंट, नरपतसिंह सोढ़ा डिप्टी कमांडेंट, भीमसिंह डिप्टी कमांडेंट, विनोद कुमार बडसरा डिप्टी कमांडेंट, अविनाश कुमार कालिया डिप्टी कमांडेंट, मनोहर सिंह राजपुरोहित डिप्टी कमांडेंट, सुनील कुमार सहायक कमांडेंट, मोहम्मद इब्राहिम सहायक कमांडेंट, राजेश गुप्ता सहायक कमांडेंट, नरिंदर कुमार त्रेहन सहायक कमांडेंट, राजेंद्रसिंह सहायक कमांडेंट, शिवरतन सहायक कमांडेंट, अताउल्लाह आजमी सहायक कमांडेंट, रिशाल सिंह इंस्पेक्टर, मोहम्मद बशीर इंस्पेक्टर, फयानाथ यादव इंस्पेक्टर, कुलदीप सिंह इंस्पेक्टर, प्रेमनारायण सिंह इंस्पेक्टर, रणबीर सिंह इंस्पेक्टर, मुकेश कुमार इंस्पेक्टर, रमाकांत तिवारी इंस्पेक्टर, रामनिवास शर्मा इंस्पेक्टर, राजाराम यादव इंस्पेक्टर, रोहताश सिंह इंस्पेक्टर, डीजे बरज इंस्पेक्टर, नरेंद्र कुमार इंस्पेक्टर, रामफल शर्मा एसआई, सुरेश कुमार एसआई, इंद्रसिंह एसआई, गजय सिंह एसआई, मोतीउर्रहमान एसआई और अरुलदास एसआई को दिए गए हैं।



जयपुर के गणगौरी बाजार में भारी बारिश के कारण सड़क पर गिरे एक पेड़ को काटता कार्यकर्ता

## पीड़ित कांग्रेस विधायक ने शिकायत दर्ज कराई

**बेंगलुरु हिंसा**

**भाषा।** बेंगलुरू

### ● तीन करोड़ तक की हानि का किया दावा

**कांग्रेस** विधायक आर. अखंड श्रीनिवास मूर्ति ने हिंसा के दौरान अपने घर और संपत्ति पर हमले के सिलसिले में शुक्रवार को शिकायत दर्ज कराई और कहा कि तीन करोड़ रुपए तक का नुकसान होने का अनुमान है। सोशल मीडिया पर कथित तौर पर साझा किए गए एक पोस्ट के कारण हिंसा भड़की थी। कांग्रेस विधायक ने अपने, अपने परिवार और पुलकेशीनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए पुलिस से सुरक्षा मांगी है। वह इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। मूर्ति ने कहा, मैंने शिकायत दे दी है जिसमें मैंने नुकसान का जिक्र किया है और पुलिस से कहा है कि जांच कर एवं दोषियों का पता लगाकर मुझे न्याय दिलाए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि शिकायत के साथ ही उन्होंने नुकसान का पूरा ब्यौरा भी दिया है।

उन्होंने कहा, घर सहित करीब तीन करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है...घर पूरी तरह बर्बाद हो चुका है, इसे पूरी तरह तोड़ना होगा। उन्होंने कहा, मुझे गहरा दुख है क्योंकि इस घर में मेरा जन्म हुआ और यही मैं बड़ा हुआ, इसे मेरे माता-पिता ने बनवाया था, यह मेरे माता-पिता की निशानी थी। विधायक मूर्ति के रिश्तेदार पी. नवीन द्वारा सोशल मीडिया पर कथित तौर पर भड़काऊ पोस्ट करने के बाद डी जे हल्ली और आसपास के इलाकों में मुस्लिम समुदाय की भीड़ ने काफी तोड़फाड़ की थी जिसके बाद उसे शांत करने के लिए पुलिस द्वारा गोलियां चलाने से तीन लोगों की मौत हो गई। मूर्ति ने कहा कि शिकायत में उन्होंने न तो किसी का नाम लिया है न ही किसी को जिम्मेदार ठहराया है।

## बेंगलुरू हिंसा के पीछे स्थानीय राजनीतिक मतभेद व एसडीपीआई की साजिशः बोम्मई

**भाषा।** बेंगलुरू

**कर्नाटक** के गृह मंत्री बासवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि नगर में पिछले दिनों हुई हिंसा के पीछे स्थानीय स्तर के राजनीतिक मतभेद और कानून व्यवस्था बिगाड़ने की एसडीपीआई की बड़ी साजिश जैसे कारण थे। उन्होंने मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा से मुलाकात के बाद यहां संवाददाताओं से कहा कि इन सभी पहलुओं पर जांच चल रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि मंगलवार रात हुई हिंसा के सिलसिले में बृहस्पतिवार की रात 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया और अब तक 200 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए 60 लोगों में शहर की पार्षद इरशाद बेगम के पति खलीम पाशा भी शामिल हैं। बोम्मई ने कहा, वहां (पुलकेशीनगर में) राजनीतिक मतभेद और पिछले चुनाव से संबंधित मामले, आगामी चुनाव (नगर निकाय के) और संबंधित मामले सभी इसमें (हिंसा) शामिल हैं। उन्होंने कहा, मैंने पहले ही कहा है कि हम सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) की भूमिका की गहराई से जांच कर रहे हैं और इसके साथ ही स्थानीय पार्षदों की भूमिका एक के बाद एक सामने आ रही है, जांच चल रही है। अब तक लगभग 206 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

ऐसी खबरें हैं कि नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर स्थानीय राजनीति के कारण भी गडबड़ी हुई। इसमें स्थानीय पार्षदों और और विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति के बीच कथित मतभेदों की ओर इशारा किया गया है। मूर्ति जद (एस) से कांग्रेस में शामिल हुए हैं। रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि एसडीपीआई इलाके में अपनी जमीन मजबूत बनाना चाहती थी जहां मुस्लिमों की खासी आबादी है। इस संबंध में एक सवाल के जवाब में बोम्मई ने कहा कि अब तक की जांच से कांग्रेस के अंदर मतभेद और स्थानीय स्तर पर कांग्रेस तथा एसडीपीआई के बीच मतभेद की बात सामने आई है। बोम्मई ने कहा कि कल रात गिरफ्तार किए गए 60 लोगों और उनकी पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है तथा यह ऑपरेशन जारी रहेगा। उन्होंने कहा, हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे असामाजिक तत्वों और उनकी गतिविधियों को स्थाई रूप से समाप्त करने के लिए सभी कदम उठाएं।

बोम्मई ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि प्राथमिकी दर्ज करने और नवीन को गिरफ्तार करने में देरी हुई जिसके कारण हिंसा हुई। उन्होंने घटनाओं का विस्तृत विवरण दिया और पुलिस का बचाव किया। उन्होंने कहा कि मंगलवार को शाम में करीब 5:40 बजे नवीन ने भड़काऊ पोस्ट डाली। फ़िरोज़ पाशा नामक व्यक्ति ने शाम में 7.30 से 7.45 बजे के बीच डीजे हल्ली थाने में शिकायत दी।

## पेज एक का शेष

### गहलोत ने...

को अस्थिर करने का प्रयास कर रही हैं। गहलोत ने कहा कि सदन में आज जिस तरह बहस हुई है उससे साफ हो गया है कि विपक्ष के पास कहने को कुछ था ही नहीं। कोई तर्क नहीं थे। सबके सामने उनकी कलई खुल गई। भाजपा वाले समझ गए कि उनका जो प्लान था वो फेल हो गया। सरकार के बहुमत साबित करने के बाद कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि यह विश्वासमत प्रजातंत्र के कई कोनों में व्याप्त अंधकार को दूर करने के लिए नई रोशनी लेकर आया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया कि आज राजस्थान के 8 करोड़ नागरिकों के विकास की असीम संभावनाओं के विश्वास ने नफरत, नकारात्मकता और निराशा को परास्त कर जीत हासिल की है।

### कीर्ति चक्र...

आईटीबीपी के जवानों ने चीनी सेना की टुकड़ियों को आगे नहीं बढ़ने दिया और लगभग सभी मोर्चों पर कड़े से कड़ा जवाब देकर ऊंचाई वाले अपने कई क्षेत्रों को सुरक्षित रखा। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के चार जवानों महावीर प्रसाद (सब इंस्पेक्टर), एरना नायक, (हेड कांस्टेबल), महेंद्र कुमार पासवान व सतीश प्रसाद (दोनों कांस्टेबल) को भी मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में 12 साल पहले हुई बटला हाउस मुठभेड़ में बलिदान देने वाले दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन शर्मा को भी मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विभिन्न पुलिस बलों और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लिए कुल 926 पदक की घोषणा की है। पुरस्कारों में एक कीर्ति चक्र, नौ शौर्य चक्र (चार सीआईएसएफ को मिले), पांच बार सेना मेडल (गैलेंट्री), 60 सेना पदक (वीरता), चार नाव सेना पदक (गैलेंट्री) और पांच वायु सेना पदक (वीरता) शामिल हैं। राष्ट्रपति ने सेना के कार्मिकों को विभिन्न सैन्य अभियानों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए 19 मेंशन-इन-डिस्पैच को भी मंजूरी दी है, जिसमें ऑपरेशन मेघदूत और ऑपरेशन रक्षक के लिए आठ मरणोपरांत शामिल हैं।

### विस्तारवादी चीन...

भूमि पूजन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के शुभारंभ से देशवासियों को गौरव की अनुभूति हुई है। इससे देशवासियों ने शांति, अहिंसा, प्रेम और सौहार्द के अपने जीवन मूल्यों को विश्व के समक्ष पुन: प्रस्तुत किया है।

### रक्षामंत्री की...

आवश्यकता को बनाए रखने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत दिलों को जीतने में विश्वास रखता है, जमीन को नहीं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी को भी अपने आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने देंगे। राजनाथ ने सशस्त्र बलों से कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत ने कभी किसी पर हमला नहीं किया या किसी दूसरे देश की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश नहीं की है।

### देश में...

पंजाब में 706, तेलंगाना में 674, हरियाणा में 511, जम्मू-कश्मीर में 509, बिहार में 426, ओडिशा में 314, झारखंड में 209, असम में 169, उत्तराखंड में 143 और केरल में 129 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ में 114 लोगों, पुडुचेरी में 102, गोवा में 91, त्रिपुरा में 46, चंडीगढ़ में 27, अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में 22, हिमाचल प्रदेश में 19, मणिपुर में 13, लद्दाख में नौ, नगालैंड में आठ, मेघालय में छह, अरुणाचल प्रदेश में चार, दादरा-नगर हवेली एवं दमन-दीव में दो-दो और सिक्किम में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

### प्रशांत भूषण...

कर दिया। ट्विटर इंक ने अपनी सफाई में कहा था कि वह तो सिर्फ एक मध्यस्थ था और उसका इस पर कोई नियंत्रण नहीं है कि इसका इस्तेमाल करने वाला इस प्लेटफार्म पर क्या पोस्ट करता है। पीठ ने कहा कि कंपनी ने न्यायालय द्वारा इस घटना का संज्ञान लिए जाने के बाद तत्काल अपनी सदाश्यता दिखाई और उसने दोनों ट्विट निलंबित कर दिए थे। पीठ ने कहा, हम, इसलिए, कथित अवमाननाकर्ता ट्विटर इंक को नोटिस से मुक्त करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह 20 अगस्त को इस मामले में प्रशांत भूषण को दी जाने वाली सजा की मात्रा पर बहस सुनेगी। इस मामले में अवमाननाकर्ता को अधिकतम छह महीने की साधारण कैद या दो हजार रुपए का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। पीठ ने अपने आदेश में भूषण द्वारा अपने माइक्रो ब्लागिंग साइट पर 27 जून को न्यापालिका के पिछले छह साल के कामकाज के बार में और 22 जुलाई को प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे के संबंध में पोस्ट किए गए दो ट्विट का विश्लेषण किया है।

## तेलंगाना में एक परिवार के चार सदस्य मृत पाए गए

**हैदराबाद।** तेलंगाना के वानापर्थी जिले में शुक्रवार को 10 वर्षीय बच्ची सहित एक परिवार के चार सदस्य संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के रेवल्ली मंडल के नागापुर गांव में उनके घर के पीछे के हिस्से में एक गड्ढे के पास कुछ नींबू और नारियल पाए गए थे। कुछ ग्रामीणों ने संदेह जताया है कि वहां क्षुद्र पूजा (काला जादू) की गई थी। पुलिस ने बताया कि घर के अलग-अलग हिस्सों में 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला, महिला की 30 वर्षीय बेटी, उसका 40 वर्षीय दामाद और 10 वर्षीय बच्ची का शव पड़ा मिला। बच्ची के गाल और एक पैर पर चोट के निशान थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच के आधार पर उन्हें संदेह है कि परिवार के सदस्यों ने बृहस्पतिवार की आधी रात को किसी जहरीले पदार्थ का सेवन करके आत्महत्या की होगी। हालांकि लड़की के शरीर पर कुछ चोटों के निशान पाए गए हैं। पड़ोसियों को आज सुबह चारों मृत अवस्था में मिले और उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, मौतों के सही कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। अधिकारी ने कहा, कुछ साल पहले बुजुर्ग महिला ने कथित तौर पर किसी छिपे हुए खजाने के लिए काला जादू करने के लिए किसी को बुलाया था।

## सरकारी विभाग भ्रष्टाचार की ज्यादातर शिकायतों की समय पर जांच नहीं कर रहेः सीवीसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने कहा है कि भ्रष्टाचार संबंधी ज्यादातर शिकायतों की सरकारी विभागों द्वारा समय से जांच नहीं की जाती है। इसके साथ ही आयोग ने कहा कि उन्हें ऐसी शिकायतों की ताजा स्थिति निर्धारित समय सीमा के भीतर वेबसाइट पर डालनी चाहिए। सीवीसी ने बृहस्पतिवार को मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) को जारी एक आदेश में चिंता जताई है। सीवीओ केंद्र सरकार के विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि में भ्रष्टाचार की जांच के लिए आयोग के सहायक के रूप में कार्य करते हैं। शिकायतों से निपटने की नीति और सतर्कता नियमावली का हवाला देते हुए आयोग ने कहा कि शिकायत निगरानी प्रणाली के माध्यम से आवश्यक कार्वाई के लिए शिकायतें सीवीओ को भेजी जाती हैं। सीवीसी ने अपने आदेश में कहा कि सीवीओ को उत्तर देने या रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन उन्हें आयोग से शिकायतें मिलने के एक महीने के भीतर जांच और निर्णय करना होगा। आयोग ने कहा कि सतर्कता नियमावली में इस बात का भी उल्लेख है कि यदि शिकायत की जांच की गई है और किसी अधिकारी के खिलाफ सतर्कता पहलू सामने आया है तो आवश्यक कार्वाई के लिए सीवीओ को भेजी गई शिकायतें सलाह के लिए आयोग को वापस भेजी जानी चाहिए। सीवीसी ने कहा कि यदि सीवीओ द्वारा जांच के लिए ऐसी कोई शिकायत ली जाती है, तो जांच पूरी करने और रिपोर्ट पेश करने के लिए 12 सप्ताह की समय सीमा लागू होगी। अन्यथा, ऐसी शिकायतों के लिए आयोग के संदर्भ की आवश्यकता नहीं होती है और आवश्यक कार्वाई करने के बाद विभागों या संगठनों द्वारा स्वयं इसका निपटान किया जाता है।

## लाहिड़ी ने विंधाम चैंपियनशिप में एक अंडर का कार्ड खेला

**ग्रीन्सबोरो।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने पांच महीने के बाद वापसी करते हुए विंधाम चैम्पियनशिप के पहले दौर मे गुरुवार को एक अंडर 69 का कार्ड खेला जबकि खराब मौसम के कारण अर्जुन अटवाल का खेल पूरा नही हुआ।

## शुभंकर पहले दौर के बाद संयुक्त 71वें स्थान पर

**न्यूपोर्ट (वेल्स)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां पहले सेल्टिक क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर मे मजबूत शुरूआत की लेकिन बाद मे लय खो बैठे और इवन-पार 71 का ही कार्ड खेल पाए।

## त्वेसा ने स्कॉटिश ओपन अच्छी शुरूआत की

**नॉर्थ बेरविक (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक लेडिज स्कॉटिश ओपन के पहले दिन के खेल के बाद पार स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 22वें स्थान पर है। मार्च मे दक्षिण अफ्रीकी महिला ओपन के बाद त्वेसा का पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला है। उन्होंने चार बर्डी और इतने ही बोगी लगाए।

## भारतीय–अमेरिकी गोल्फर अमन क्वार्टर फाइनल में

**ओरेगॉन (अमेरिका)।** भारतीय-अमेरिकी गोल्फर अमन गुप्ता ने 120वीं यूएस एमेच्योर चैम्पियनशिप के अंतिम 32 और प्री-क्वार्टर फाइनल जीतकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया।

# धोनी शिविर में पसीना बहायेंगे

## सीएसके खिलाड़ी आईपीएल शिविर के लिए चेन्नई पहुंचे

**भाषा। चेन्नई**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और चेन्नई सुपरकिंग्स के टीम के उनके साथी खिलाड़ी इंडियम प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए यूएई रवाना होने से पहले अभ्यास शिविर में भाग लेने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचे। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में शनिवार से शुरू होने वाले एक सप्ताह के शिविर के लिए धोनी के अलावा सुरेश रैना, दीपक चाहर, पीयूष चावला और केदार जाधव भी यहां पहुंचे। सीएसके के एक अधिकारी ने कहा, टीम के 16 भारतीय खिलाड़ियों में से धोनी सहित 13 या 14 खिलाड़ी शिविर को हिस्सा होंगे।
ए खिलाड़ी कोविड–19 की जांच कराकर यहां पहुंच रहे है, ऐसे में उनका अगला परीक्षण 21 अगस्त को यूएई रवाना होने से 72 घंटे पहले होगा। आईपीएल की तीन बार की चैम्पियन टीम ने धोनी और दूसरे खिलाड़ियों के चेन्नई पहुंचने की तस्वीरों को अपने सोशल मीडिया पेज पर साझा किया है। पिछले साल जुलाई में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से भारतीय टीम की हार के बाद से धोनी से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। हरफनमौला रविंद्र जडेजा को छोड़कर लगभग सभी खिलाड़ियों के शिविर में भाग लेने की उम्मीद है। सीएसके के एक अधिकारी ने कहा कि जडेजा व्यक्तिगत कारणों से अभ्यास शिविर में भाग नहीं लेंगे और टीम की रवानगी से पहले टूर्नामेंट स्थल पर उनसे जुड़ेंगे। अधिकारी ने कहा कि सभी खिलाडयिों का यहां दो बार जांच होगा और अगर इस जांच में उनका नतीजा निगेटिव आया तभी उन्हें दुबई जाने की अनुमति होगी। फ्रेंचाइजी ने तमिलनाडु के आठ नेट गेंदबाजों को चुना है और वे भी टीम के साथ यूएई की यात्रा करेंगे।
सीएसके ने इससे पहले 29 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए दो मार्च से अभ्यास शिविर लगाया था लेकिन कोविड–19 महामारी के कारण उसे बीच में रद्द करना पड़ा। धोनी ने हालांकि उस शिविर में अभ्यास किया था जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक भी पहुंचे थे। कोविड–19 महामारी के कारण हालांकि इस बार स्टेडियम में दर्शकों को आने की अनुमति नहीं होगी।तमिलनाडु सरकार द्वारा एमए चिदंबरम स्टेडियम की में सुविधाओं का उपयोग करने की मंजूरी के बाद इस शिविर की योजना बनाई गई थी। राज्य में हालांकि कोविड–19 के मामले तीन लाख से अधिक हो गए है।



# सेरेना ने 31वीं भिड़ंत में वीनस को हराया

**भाषा। लेक्सिंगटन**

तेईस बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सेरेना विलियम्स ने टॉप सीड ओपन के दूसरे दौर के मैच में अपनी बहन वीनस विलियम्स को 3–6 6–3 6–4 से शिकस्त दी। सेरेना और वीनस के बीच हुए 31वें मुकाबले में सेरेना ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी की और अगले दौर में जगह बनाई। अब शीर्ष वरीय सेरेना का सामना अमेरिका की वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली शेल्बी रोजर्स से होगा जिन्होंने कनाडा की क्वालीफायर लेलाह फर्नांडिज को 6–2 7–5 से पराजित किया। जिल टेचमान ने भी पांचवीं वरीय यूलिया पुतिंतसेवा पर 6–2 6–2 से जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया और अब उनका सामना सिसि बेलिस से होगा जिन्होंने जेसिका पेगुला को 6–3 6–2 से मात दी।

### डेल्टन केबल्स लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–1110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई–मेल : cs@deltoncables.com, सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255
30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30–06–2020 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30–03–2020 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30–06–2019 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2020 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 1,542.81 | 2,946.19 | 2,203.56 | 1,542.81 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 9.69 | 214.61 | 16.51 | 9.69 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 9.69 | 215.76 | 16.51 | 9.69 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 12.41 | 166.51 | 18.32 | 12.41 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय ख्जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं, | 5.80 | 135.97 | 18.32 | 5.80 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक) | 864.00 | 864.00 | 864.00 | 864.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पहलें) (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक) | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 0.14 | 1.93 | 0.21 | 0.14 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 0.14 | 1.93 | 0.21 | 0.14 |

नोट्स :
(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट : (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध है।
(2) उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धान्त और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसाकि कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 में विनिर्दिष्ट किया गया है, जैसाकि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट किया गया है।
(3) उपरोक्त परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा 14–08–2020 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
हस्ता/–
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00035916

स्थान : दिल्ली
तिथि : 14–08–2020

**PUBLIC NOTICE**

My Client **Khadak Singh** S/o Late Talvir Singh R/o **Plot No-T-65, Block-T, Shukar Bazar Road,Uttam Nagar West,N.Delhi-59** has disowned his Son **Kamal Singh** & his wife **Pawan Pariyar/Neelam**, their daughter Niharika from his **movable and immovable** Property of my client, due to misbehaviour, disobedient & harmful towards my client. My Client has also severed all his relations with them. If anybody deals with them in any manner he or she all do so at his/her own risk. My Client shall not be responsible for the same in any manner.

Ramesh Anand (Advocate), Ch-68 Tis Hazari

# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 433 अंक लुढका

**भाषा। मुंबई**

शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट का सिलसिला जारी रहा। बैंकिंग, वित्तीय और उपभोग से जुड़े शेयरों में भारी नुकसान से सेंसेक्स में 433 अंक की बड़ी गिरावट आई। वैश्विक बाजारों के नकारात्मक रुख से भी यहां धारणा प्रभावित हुई। कारोबारियों ने कहा कि वृहद आर्थिक आंकड़े कमजोर रहने और रुपए में गिरावट से भी बाजार प्रभावित हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन के उच्चस्तर से 663 अंक नीचे आया और अंत में 433.15 अंक या 1.13 प्रतिशत के नुकसान से 37,877.34 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 122.05 अंक या 1.08 प्रतिशत के नुकसान से 12,000 अंक के स्तर से नीचे 11,178.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक के शेयर में सबसे अधिक 2.81 प्रतिशत का नुकसान रहा। एसबीआई, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक और इंडसइंड बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं दूसरी ओर सन फार्मा, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाइटन और इन्फोसिस के शेयर 2.04 प्रतिशत तक चढ़ गए। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 163.23 अंक या 0.42 प्रतिशत नुकसान में रहा। वहीं साप्ताहिक आधार पर निफ्टी 35.65 अंक या 0.31 प्रतिशत नीचे आया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दिन में कारोबार के दौरान वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख से भारतीय बाजार भी गिरावट के साथ बंद हुए।

# सरकार को 57,128 करोड़ रुपए का लाभांश देगा रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय बोर्ड ने केंद्र सरकार को 57,128 करोड़ रुपए के लाभांश भुगतान की मंजूरी दे दी है। यह कदम बजट उम्मीदों के अनुरूप है, लेकिन अर्थव्यवस्था में सुस्ती तथा कोविड–19 महामारी की वजह से सरकार के राजस्व में होने वाले नुकसान की भरपाई इससे नहीं हो पाएगी। बोर्ड ने लेखा वर्ष 2019–20 के लिए सरकार को 57,128 करोड़ रुपए का अधिशेष हस्तांतरित करने पर अपनी सहमति दे दी है। पिछले साल केंद्रीय बैंक ने सरकार को 1.76 लाख करोड़ रुपए हस्तांतरित किए थे। इनमें से 1.23 लाख करोड़ रुपए लाभांश के रूप में तथा 52,637 करोड़ रुपए केंद्रीय बैंक की संशोधित आर्थिक पूंजी की व्यवस्ता (ईसीएफ) के प्रावधानों के तहत अधिशेष पूंजी के रूप दिए गए थे। बोर्ड ने आपात जोखिम के लिए पूंजी बफर का अनुपात 5.5 प्रतिशत पर कायम रखने का फैसला किया हैं। गवर्नर शक्तिकान्त दास की अगुवाई में शुक्रवार को हुई बोर्ड की बैठक में यह फैसला किया गया। वह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई। यह केंद्रीय बोर्ड की 54वीं बैठक थी। बोर्ड की बैठक में मौजूदा आर्थिक स्थिति, वैश्विक और घरेलू चुनौतियों तथा केंद्रीय बैंक द्वारा कोविड–19 के आर्थिक प्रभाव से उबरने के लिए किए गए मौद्रिक, नियामकीय और अन्य उपायों की समीक्षा की गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट 2020–21 में राजकोषीय घाटे को पाटने के लिए रिजर्व बैंक और अन्य बैंकों से 60,000 रुपए के लाभांश का प्रावधान किया था। लेकिन सरकारी अधिकारी रिजर्व बैंक से कुछ अधिक प्राप्ति की उम्मीद कर रहे थे। कोविड–19 महामारी के बीच सरकार की राजस्व प्राप्ति अनुमान से कहीं अधिक घटने की संभावना है।

### SUPRA INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED

1212, Hemkund Tower,89, Nehru Place, New Delhil – 110 019
Phone: 011-41608996, Website: www.supraindustrialresources.in
Email: supraexchange.com@gmail.com CIN: L65999DL1985PLC019987
Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 30.06.2020

Rs. In Lakhs (Except EPS)

| S. No | Particulars | Quarter Ending 30-Jun-20 Unaudited | Previous Quarter Ended 31-Mar-20 Audited | Corresponding three months Ended in the previous year 30-Jun-19 Unaudited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations (net) | 0.91 | 0.99 | 1.09 |
| 2 | Net Profit/(Loss) from ordinary activities after tax* | (1.28) | (1.87) | (1.86) |
| 3 | otal Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (1.28) | (1.87) | (1.86) |
| 4 | Equity Share Capital | 25.00 | 25.00 | 25.00 |
| 5 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 12.26 | 12.26 | 18.60 |
| 6 | Earnings Per Share (from ordinary items) (of Rs.10/- each) (In Rs.) 1. Basic: 2. Diluted : | (0.50) | (2.55) | (0.74) |

*The Company does not have any extraordinary item to report for the above period

**Notes:**
1. The above is an extract of the detailed format of Quarter ended 30.06.2020 Financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulation, 2015. The full financial results is available on the company's Website www.supraindustrialresources.in and on the stock exchange website www.msei.in
2. The Unaudited standalone financial results of the Company for the quarter ended 30.06.2020 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 14.08. 2020.
3. This statement has been prepared in accordance with the companies (Indian Accounting Standards) Rules 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recongnised accounting practices and policies to the extend applicable.

for **Supra Industrial Resources Ltd.,**
Sd/-
Rajat Agarwal
Director
(DIN 00266205)

Place: New Delhi
Date: 14.08.2020

### सार्वजनिक सूचना

**दावों और आपत्तियों को आमंत्रित करने के लिए यदि नीचे उल्लिखित संपत्ति की बिक्री / खरीद के लिए कोई है**

सूचना यहाँ दी गई है कि मेरे मुवक्किल श्री एस एस साईं बाबा पुत्र स्वर्गीय शंकर नारायण, प्लॉट नंबर 39, सरस्वती भवन, ए–1, अपर ग्राउंड फ्लोर, ए–ब्लॉक, शांति कुंज, वसंत कुंज, चर्च माल रोड, नई दिल्ली– 110070 में रहते हैं तथा सुनील चौधरी पुत्र स्वर्गीय श्री रिसाल सिंह, जो एफ 130/ए, गौतम नगर, नई दिल्ली के रहने वाले है, से उनक संपत्ति एफ 130/ए, तीसरी मंजिल, गौतम नगर, में स्थित फ्लैट जिसका 100 वर्ग मीटर का क्षेत्र हैं जिसमें एक बेडरूम वाल कमरा, शौचालय, छत के अधिकारों के साथ खरीदने का इरादा। उक्त फ्लैट सुनील चौधरी पुत्र स्वर्गीय श्री रिसाल सिंह के नाम पर है और उनके पास वैध कानून है और उक्त फ्लैट को बेचने का अधिकार है

इस नोटिस के प्रकाशन से 14 दिनों की अवधि के भीतर, दस्तावेजी साक्ष्यों की प्रतियों के साथ, उक्त फ्लैट में अधिकार, ब्याज या शीर्षक के हस्तांतरण के लिए दावेदार / आक्षेपकर्ता से दावा या आपत्ति अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता आमंत्रित करता है। दावे/आपत्ति का समर्थन करने के लिए। यदि ऊपर उल्लिखित अवधि के भीतर कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो बातचीत पूरी हो जाएगी और यह अनुमान लगाया जाएगा और / या समझा जाएगा कि इस संपत्ति पर दावे / आपत्तियां नहीं हैं और यदि कोई है, तो उसे माफ कर दिया गया है या छोड़ दिया गया है और मेरा मुवक्किल ऐसे दावों के संदर्भ के बिना खरीदारी को पूरा करने के लिए स्वतंत्र होगा। तत्पश्चात किए गए ऐसे दावों के संदर्भ के बिना खरीदारी को पूरा करने के लिए स्वतंत्र रहें।

**परिवेश सिंह, (अभिभाषक)**
बी –122, जीडी कॉलोनी,
मयूर विहार फेज –3, दिल्ली– 110096
9891662235, 9278724786,
Email: pleaders08@gmail.com

### रीजेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड

पंजी. कार्यालयः ई–205 (एलजीएफ),
ग्रेटर कैलाश–II, नई दिल्ली–110048
फोनः 011–29213191
ई–मेल : info@regententerprises.in
सीआईएनः एल15500डीएल1994पीएलसी153183
वेबसाइटः www.regententerprises.in

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, 24 अगस्त, 2020 को अप. 04.00 बजे 14/17, नया गंज, गाजियाबाद–201001 में आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य विषयों के साथ, 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित तथा अनुमोदित किए जाएंगे।
इसके अनुसरण में, अंतरंगियों हेतु व्यापार खिड़की (ट्रेडिंग विन्डो) सभी पदनामित व्यक्तियों, उनके निकट सम्बन्धियों और यथा संशोधित सभी सम्बन्धित व्यक्तियों के लिए परिणामों की घोषणा के 48 घंटे बाद तक बंद रहेगी।
कम्पनी के उक्त वित्तीय परिणाम www.regententerprises.com पर उपलब्ध होंगे।

वास्ते रीजेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता./–
विकास कुमार
पूर्ण कालिक निदेशक
डीआईएन : 05308192

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14–08–2020

### सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995
पंजी. कार्यालय : एनएस–92, खसरा नंबर 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली–110043
ई–मेल आईडी : superiorfinlease@gmail.com; वेबसाइट : www.superiorfinlease.com
30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 30-06-20 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 30-06-19 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत: वर्ष समाप्त 31-03-20 लेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही समाप्त 30-06-20 अलेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही समाप्त 30-06-19 अलेखापरीक्षित | समेकित: वर्ष समाप्त 31-03-20 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 23.10 | 22.85 | 102.33 | 23.10 | 22.85 | 102.33 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 15.74 | 8.16 | 22.09 | 15.74 | 8.16 | 22.09 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 15.74 | 8.16 | 22.09 | 16.13 | 8.16 | 22.09 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 15.74 | 6.04 | 16.31 | 16.13 | 6.04 | 16.31 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 15.74 | 4.95 | 18.91 | 16.13 | 4.95 | 18.91 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है | 3.31 | (8.67) | (11.27) | 3.31 | (8.67) | (11.27) |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) – | | | | | | |
| | (क) मूल एवं तनुकृत ईपीएस (असाधारण मदों से पूर्व) (रू. में) | 0.52 | 0.20 | 0.54 | 0.54 | 0.20 | 0.54 |
| | (ख) मूल एवं तनुकृत ईपीएस (असाधारण मदों के बाद) (रू. में) | 0.52 | 0.20 | 0.54 | 0.54 | 0.20 | 0.54 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.msei.in तथा www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.superiorfinlease.com पर उपलब्ध है।

वास्ते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./–
(रजनीश कुमार)
निदेशक
डीआईएन : 02463693

तिथि : 13–08–2020
स्थान : नई दिल्ली

### PARIJAT PAPER MILLS LIMITED

CIN: L21012UP1989PLC010589
Reg. Off: Vill-Jat Mujhera 10.6 Km Stone Bhopa Road, Muzaffarnagar - 251308, (U.P)
Website: www.parijatpapermills.com, Email id: parijatpapermills@yahoo.com

**STATEMENT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30.06.2020**

(Amount in Lakhs)

| Sr. No. | PARTICULARS | Quarter Ended 31.06.2020 (Unaudited) | Quarter Ended 31.03.2020 (Audited) | Quarter Ended 30.06.2019 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2020 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | 442.22 | 1615.15 | 1726.83 | 5967.19 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | **-40.49** | **6.67** | **0.94** | **66.44** |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -40.49 | 6.67 | 0.94 | 66.44 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -40.49 | -1.11 | 0.68 | 44.19 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after Tax)] | -40.49 | -1.11 | 0.68 | 44.19 |
| 6. | Paid-up Equity share capital (Face value Rs. 10/- each) | 329.00 | 329.00 | 329.00 | 329.00 |
| 7. | Other Equity [Reserves (excluding Revaluation | 518.85 | 559.34 | 515.38 | 514.69 |
| 8. | Earnings per share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) a) Basic b) Diluted | -1.23 | -0.03 | 0.02 | 1.34 |

Notes:
1. The above results were reviewed by an Audit Committee and thereafter taken on record by the Board of Directors in their meeting on 13.08.2020 after review by an Audit Committee.
2. The above is an extract of the detailed format of quarterly & year to date financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly & year to date financial results are available on the Stock Exchange website (www.msei.in) and the company's website (www.parijatpapermills.com).

**For Parijat Paper Mills Limited**
Sd/-
Amit Mittal
(Whole Time Director)
DIN:00754471

Date : 13.08.2019
Place: Muzaffarnagar

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF RELIGION**

I, Shashi, D/o. Rishipal, R/o.P-19/6, second floor, Gali No. 6, Batla House, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have changed my religion from Hindu to Islam (Muslim) w.e.f. 13.08.2020.

PD(8716)A

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

स्वच्छ सर्वेक्षण–2020

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद खोडा–मकनपुर, गाजियाबाद

पत्र संख्याः–1193/न0पा0परि0खो0म0–2020–21 दिनाँकः–13.08.2020

**सन्देश/अपील**

समस्त नगरवासियों को 74 वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभ कामनाऐं, देते हुए पालिका अपील करती है कि, नगर की बेहतरी के लिए निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें–

1. कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण से बचाव हेतु, मास्क अनिवार्य रूप से लगायें और नियमित अन्तराल में साबुन से 40 सेकेण्ड तक हाथ अवश्य धोयें तथा अपनी पूरी दिनचर्या में दो गज की दूरी बनायें रखें, जब तक बहुत जरूरी न हो, आप अपने घरों से न निकलें। किसी भी प्रकार की भीड़ न तो बनने दें और न ही उसका हिस्सा बनें।
2. निःशुल्क टेली मेडिसिन चिकित्सकीय उपचार हेतु **"Ghaziabad Tele Upchaar App"** गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें।
3. कुडा/अपशिष्ट/प्लास्टिक(कूडा/कचरा) सार्वजनिक रूप से ने जलाया जाये ,इससे वायु प्रदुषण फैलता है, जिससे विभिन्न प्रकार की जानलेवा बिमारियां फैलती हैं। ठोस अपशिष्ट (कूडा/कचरा) को सडकों के किनारे ना फेके और न ही नाला–नालियों में फैंके, इससे नाले जाम हो जाते है।
4 प्लास्टिक से बने समस्त उत्पाद यथा दोने, चम्मच, प्लैट व डिस्पोजेबल क्राकरी व पन्नी की थैलियों का प्रयोग कदापि न करें, इसे उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रतिबन्धित कर दिया गया है। यदि आकस्मिक निरिक्षण के दौरान, प्लास्टिक से बने उत्पादो व पन्नी की थैलियों का प्रयोग होते पाया गया या स्टोर किया गया, तों, भारी जुर्मानाकरते हुए, जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।
5. भवन निर्माण सामग्री/अवशेष को सड़कों के किनारे न रखें तथा यदि अकस्मिक निरीक्षण के दौरान किसी की सामग्री/अवशेष सड़कों के किनारे रखी पायी गई, तो उस पर, मा0 नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन0जी0टी0), नई दिल्ली के निर्देशानूसार अंकन 50000/–रूनयें का जुर्माना किया जायेगा।
6. भवन निर्माण करने से पूर्व, भवन मानचित्र व दस्तावेजी साक्ष्य पालिका में प्रस्तुत करे।पालिका क्षेत्र में भवन निर्माण, जिसमें भू–तल पर पार्किग व रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य कर दी गई है। पालिका क्षेत्र में बेसमेन्ट बनाना पतिबन्धित करदीया गया है, जो ऐसा करता पाया जायेगा, उस पर भारी जुर्माना एंव मुकदमा दर्जकराया जायेगा ।
7. जन्म–मृत्यु का पंजीकरण निर्धारित समय सीमा 21 दिन के अन्दर करायें।
8. विकास कार्यो में नगर पालिका का सहयोग एंव मार्गदर्शन करें।
9. सरकारी सम्पत्ति पर अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण करने तथा अवैध कब्जेदारी एंव भू–माफियाओं की पहचान में पालिका को सहयोग करें और उनके नाम/पतें, प्रमाण सहित बन्द लिफाफें में पालिका कार्यालय में भेज दे। आपकी पहचान गुप्त रखी जायेगी।

(कृष्ण कुमार भड़ाना)
अधिशासी अधिकारी
न0पा0परि0खोड़ा–मकनपुर,
गाजियाबाद

(रीना देवी)
अध्यक्ष,
न0पा0परि0खोड़ा–मकनपुर,
गाजियाबाद

## कार्यालय जिला पंचायत गाजियाबाद।

पत्रांकः. 435/नि0वि0/जि0पं0गा0/2020–21 दिनांकः– 14.08.2020

**कार्यालय जिला पंचायत, गाजियाबाद**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

1. जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के शासनादेस संख्या 2734/33–सेल/2020 दिनांक 19 मार्च 2020 के द्वारा रू0 10.00 लाख से अधिक लागत के 11 निर्माण कार्यो की तकनीको स्वीकृति के क्रम में क्रमांक 07 पर अंकित कार्य की ई–निविदा पुनः आमंत्रित की जाती है।
2. कार्यालय पत्र संख्या 681/नि0वि0/जि0पं0गा0/2020–21 दिनांक 06.05.20 द्वारा समाचार पत्र दैनिक अमर उजाला एवं दैनिक पाईनियर में प्रकाशित ई–निविदा के 68 कार्यो में से क्रमांक, 39 व 40 पर अंकित कार्यों की विभिन्न कारणों से पुनः ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्यों की शासकीय वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर ई–निविदा आमन्त्रण कार्यक्रम निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| 1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशिन की तिथि | दिनांक 17.08.2020 को पूर्वान्ह 11.00 बजे |
| 2. वेबसाइट पर निविदा अपलोड किये जाने की तिथि | दिनांक 22.08.20 को सॉय 5.00 बजे तक |
| 3. कार्यालय में मूल प्रपत्रों को जमा करने की तिथि | दिनांक 24.08.20 को सॉय 5.00 बजे तक |
| 4. ई–निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 24.08.20 को अपरान्ह 03.00 बजे से समस्त निविदाएं खुलने तक। |

निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट द्वारा अथवा आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जिला पंचायत, गाजियाबाद के यूनियन बैंक कविनगर खाता संख्या 448402010003855 आई0एफ0एस0सी0 कोड **UBIN 0544841** में जमा किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र का मूल्य व धरोहर धनराशि जमा की पुष्टिस्वरूप अभलेखों की प्रति भी निविदा के साथ अपलोड की जायेगी तथा इन अभिलेखों (निविदा मूल्य एवं धनराशि) की मूल प्रति अभियन्ता जिला पंचायत गाजियाबाद के कार्यालय में प्राप्त कराई जायेगी। निर्माण कार्यों की सूची, निविदा मूल्य, 2 प्रतिशत धरोहर राशि, बी0ओ0क्यू0 एंव समस्त शर्तें पूर्ववत रहेगी जो कि उपरोक्त वर्णित शासकीय वेबसाईट पर देखी जा सकती है। अपलोड किये गये अभिलेखों (निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि आदि) की मूल प्रति नियत तिथि को कार्यालय में प्राप्त न कराये जाने वाली निविदाओं पर कोई कार्यवाही नही की जायेगी।

योगेश कुमार
अभियन्ता/अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, गाजियाबाद

लक्ष्मी मावी
अध्यक्ष
जिला पंचायत, गाजियाबाद

# टिकटॉक सौदे में अमेरिका को सुरक्षा और लाभ मिलना चाहिए: ट्रंप

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक को किसी अमेरिकी कंपनी को बेचने के समझौते में अमेरिका को पूरी तरह सुरक्षा और बड़ा लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने चीन के लोकप्रिय ऐप के अमेरिका में परिचालन जारी रखने के लिए किसी अमेरिकी कंपनी के साथ करार करने की 15 सितंबर की समयसीमा पर जोर देते हुए यह बात कही। टिकटॉक के अमेरिकी कारोबार को खरीदने के लिए माइक्रोसॉफ्ट बातचीत कर रही है। ट्रंप ने इस वीडियो ऐप पर पाबंदी की चेतावनी दी थी जिसके बाद इसकी अमेरिका की किसी कंपनी को बिक्री की चर्चा शुरू हो गई। टिकटॉक का दावा है कि दुनियाभर में उसके करोड़ों उपयोगकर्ता हैं और अमेरिका में 10 करोड़ लोग ऐप का इस्तेमाल करते हैं। चीन के अनेक सोशल मीडिया ऐप पर भारत के हालिया प्रतिबंध का जिक्र करते हुए ट्रंप ने छह अगस्त को एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए थे



वाशिंगटन में व्हाइट में हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प तलिफेरो की तस्वीर दिखाते हुए जिनकी पिछले महीन गोली मारकर हत्या कर दी गई थी

जिसमें टिकटॉक और वीचैट के अमेरिका में परिचालन पर रोक लगाते हुए कहा गया है कि उनसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को खतरा है। प्रतिबंध 45 दिन के भीतर प्रभाव में आएगा।

टिकटॉक और वीचैट पर सबसे पहले भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाबंदी लगाई। भारत ने करीब 106 चीनी ऐप पर प्रतिबंध लगाया है और इस कदम का ट्रंप प्रशासन तथा अमेरिकी सांसदों दोनों ने ही स्वागत किया है।

ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा था, हमने 15 सितंबर की समयसीमा तय की है। जहां तक मुझे पता है कि माइक्रोसॉफ्ट बातचीत कर रही है और कुछ अन्य कंपनियां भी हैं। हमने यह भी कहा कि अगर हम उन्हें देश में अनुमति नहीं दें तो बेकार है। इसलिए हमने कहा कि अमेरिकी राजकोष को इस सौदे से कुछ हासिल होना चाहिए। कुछ बहुत बड़ा फायदा होना चाहिए।

उन्होंने कहा, हम पूरी तरह सुरक्षा चाहते हैं, लेकिन हमने 15 सितंबर की तारीख तय की है। मुझे पता है कि माइक्रोसॉफ्ट और अन्य कंपनियां इसमें दिलचस्पी ले रही हैं, लेकिन हमारी समयसीमा तय है। और यह पूरी तरह सुरक्षित होना चाहिए। हम नहीं चाहते कि कोई भी जानकारी चीन जाए जो अभी तक हम देखते रहे हैं। ट्रंप अमेरिकी कंपनी बाइटडांस लिमिटेड के स्वामित्व वाले ऐप टिकटॉक पर अमेरिकियों की निजी सूचना एकत्रित करने का आरोप लगाते रहे हैं।

### रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी स्वीकार करने पर व्हाइट हाउस से भाषण देना चाहते हैं ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी स्वीकार करने के बाद व्हाइट हाउस से भाषण देना चाहते हैं। ट्रम्प (75) रिपब्लिकन पार्टी की ओर से एक बार फिर राष्ट्रपति पद पर काबिज होने की दौड़ में हैं।ट्रम्प जीओपी के अधिकतर प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज कर चुके हैं। इस महीने के अंत में रिपब्लिकन पार्टी डिजिटल सम्मेलन में उन्हें औपचारिक तौर पर अपना उम्मीदवार घोषित करेगी। यह कार्यक्रम सबसे पहले उत्तर कैरोलाइना में होना था और बाद में इसे फ्लोरिडा के जैक्सनविले में करने का निर्णय किया गया। हालांकि कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों की वजह से इसे रद्द कर दिया गया और अब यह ऑनलाइन ही आयोजित किया जाएगा। जो बाइडेन को राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का औपचारिक उम्मीदवार बनाने की घोषणा भी 20 अगस्त को एक डिजिटल कार्यक्रम में की जाएगी। वह उम्मीदवारी स्वीकार करते हुए अपना भाषण डेलावेयर से देंगे। न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने कहा कि वह रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन का अपना भाषण व्हाइट हाउस के लॉन से देना चाहते हैं।ट्रम्प ने कहा, मैं शायद व्हाइट हाउस से अपना भाषण दूं क्योंकि वह एक शानदार स्थान है। वह ऐसी जगह है, जहां मुझे अच्छा महसूस होता है, देश को अच्छा महसूस होता है। उन्होंने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और गुप्तचर सेवाओं के लिए भी यही सुगम रहेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि हम इसे किसी एक लॉन में कर सकते हैं, हमारे पास कई लॉन है। चीनी वायरस के मद्देनजर हम इसे बाहर कर सकते हैं। कार्यक्रम में समर्थकों के आने पर ट्रम्प ने कहा, कुछ लोग आ सकते हैं। वह एक बड़ा, बहुत बड़ा लॉन है। अधिक संख्या में लोग आ सकते हैं। अमेरिकी मीडिया की खबरों के अनुसार ट्रम्प 27 अगस्त को यह भाषण दे सकते हैं। द हिल की एक खबर के अनुसार ट्रम्प ने इस महीने की शुरुआत में व्हाइट हाउस से भाषण देने के संकेत दिए थे, जिसकी कुछ रिपब्लिकन सदस्यों ने काफी आलोचना की थी।

# ईरान के तेल टैंकरों को अमेरिका ने रोका

**एपी।** मियामी

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने वेनेजुएला को ईरान की ओर से तेल पहुंचाने की कोशिश कर रहे चार टैंकरों को जब्त कर लिया है।अमेरिकी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया दो प्रतिबंधित देशों पर दबाव बढ़ाने के लिए यह कार्वाई की गई।

वाशिंगटन में पिछले महीने संघीय अभियोजकों ने एक मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बिक्री की व्यवस्था ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के साथ संबंध रखने वाले एक व्यापारी द्वारा की गई थी। रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर को अमेरिका एक आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। उस समय, प्रतिबंध विशेषज्ञों का मानना था कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में अमेरिकी अदालत के आदेश को लागू करना असंभव होगा। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एपी को बताया कि इस कार्वाई में सैन्य बल का इस्तेमाल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि टैंकर जब्त नहीं किए गए हैं बल्कि अमेरिकी अधिकारियों ने नौका मालिकों और कप्तान को प्रतिबंधों की धमकी दी, जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को ए सौंप दिए। यह अब अमेरिका की सम्पत्ति है।

अन्य एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अभी नौकाएं या उनका सामान कहां है इसकी जानकारी कोई नहीं है। अभियोजकों ने आरोप लगाया कि चार नौकाएं 11 लाख बैरल तेल वेनेजुएला ले जा रही थीं। बेला, बरिंग, पंडी और लूना नाम के ए टैंकर कभी दक्षिण अमेरिकी देश पहुंचे ही नहीं और लापता हो गए। दो नौकाएं बाद में केप वर्ड के पास नजर आईं।

वेनेजुएला में ईरान के राजदूत होजाद सुल्तानी ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर कहा कि ना ही नौकाएं और ना उनके मालिक ईरानी है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया की मित्रता सम्मान पर आधारित: स्कॉट

**भाषा।** मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने भारत को अपने देश का पुराना मित्र बताते हुए शुक्रवार को 74वें भारतीय स्वतंत्रता दिवस से पहले दुनियाभर में रह रहे भारतीयों को भरोसा, सम्मान और दोस्ती का विशेष संदेश भेजा।



मॉरिसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच गहरी दोस्ती व्यापार और कूटनीति से कहीं बडा दायरा रखती है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह गहरी मित्रता भरोसा और सम्मान पर आधारित है। यह कूटनीति, रक्षा सहयोग, भारतवंशियों तथा दोस्ती से प्रेरित है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया भारत के स्वतंत्रता दिवस समारोहों में उसके साथ तहेदिल से शामिल है और देश की जनता को अपनी हार्दिक बधाई प्रेषित करता है। कोविड-19 महामारी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल आयोजन अलग दिखेंगे और कई पारंपरिक समारोह नहीं होंगे, वहीं दोनों पक्ष अपने साझा मूल्यों से मजबूती प्राप्त कर सकते हैं।मॉरिसन ने एक बयान में कहा, जैसा कि मैंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान कहा था कि हमारी संस्कृतियां अलग हो सकती हैं, लेकिन हम समान चीजों में भरोसा करते हैं। हम अपने राष्ट्रीय जीवन में, कानून के शासन में, अधिकारों का संरक्षण करने वाले संस्थानों में मतपेटी की सर्वोच्चता में और बेहतर संसार बनाने के लिए स्वतंत्र लोगों की जिम्मेदारी पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा, हमारे साझा मूल्यों, हितों और उद्देश्यों के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मैंने इस साल जून में

**● विश्व भर में रहने वाले भारतीयों को भरोसा सम्मान और दोस्ती का विशेष संदेश**

द्विपक्षीय संबंधों की एक समग्र रणनीतिक साझेदारी के रूप में ऐतिहासिक उन्नयन की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि द्विपक्षीय साझेदारी क्षेत्र और वैश्विक समुदाय की भलाई के लिए है और यह महत्वपूर्ण साबित होगी जहां दोनों देश कोविड-19 महामारी के स्वास्थ्य संबंधी, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों से उबरने के लिए काम करेंगे।

उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि हमारे देशों के बीच लोग जीवंत सेतु का काम कर रहे हैं। इनमें छात्र, कुशल कामगार हैं... भारतीय धरोहर के लोगों ने इस देश को समृद्ध बनाया है। हमारे यहां सर्वाधिक प्रवासी भारत से आते हैं और उनकी मौजूदगी ने ऑस्ट्रेलिया को पृथ्वी पर बहु-संस्कृति वाला सर्वाधिक सफल देश बनाने में योगदान दिया है। मॉरिसन के अलावा न्यू साउथ वेल्स की प्रीमियर ग्लेडीज बेरेजिकलियान और विपक्षी लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बानीज ने भी भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बधाई प्रेषित कीं। ग्लेडीज ने कहा, मैं न्यू साउथ वेल्स में सभी भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रही हूं। यह दिन एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में भारत की स्थापना को चिह्नित करता है। हर जगह भारतीय इस बात से गौरवान्वित हो सकते हैं कि भारत विश्व में सम्मानित स्थान रखता है और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। अल्बानीज ने कहा कि इस साल समारोह पारंपरिक आयोजनों की तरह नहीं होंगे, लेकिन भावनाएं समान हैं। उन्होंने पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पहले प्रसिद्ध भाषण का जिक्र करते हुए कहा, भारत 73 साल बाद अब भी दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।



एल्गिन के वेस्टमिन्टर क्रिश्चयन स्कूल में स्पेनिश कक्षा में छात्र कोरोना महामारी के चलते उचित दूरी बनाकर पढ़ाई करते हुए

# सिंगापुर में कोरोना के 83 नए मामले

**सिंगापुर।** सिंगापुर में शुक्रवार को कोविड-19 के 83 नए मामले सामने आए जिसके साथ यहां कुल मामलों की संख्या 55,580 मामले हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने बताया कि नए सामने आए मामलों में से चार विदेश से आए लोग हैं जिन्हें यहां आने के बाद घर पर ही रहने का निर्देश (एसएचएन) दिया गया। उसने बताया कि एक जून के बाद से यह पहली बार है जब सामुदायिक स्तर पर संक्रमण फैलने का कोई नया मामला नहीं आया है। मंत्रालय ने कहा कि ज्यादातर नए मामले कामकाजी परमिट धारकों के हैं जो फिलहाल पृथक-वास में हैं। देश में कोरोना वायरस से संक्रमित 91 लोगों का इलाज चल रहा है, 4,643 लोगों को पृथक-वास में रखा गया है। कुल 50,736 लोग पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं।

**भारत के खिलाफ चीनी आक्रमकता की निंदा**

# अमेरिकी सीनेट में द्विदलीय प्रस्ताव पेश

**भाषा।** वाशिंगटन

**दो** प्रभावशाली अमेरिकी सीनेटरों के द्विदलीय समूह ने भारत और चीन के बीच स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को बदलने के लिए चीन द्वारा अपनाई गई सैन्य आक्रमकता की निंदा की खातिर सीनेट में एक प्रस्ताव पेश किया है। प्रस्ताव में विवाद के राजनयिक समाधान का अह्वान किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगते इलाकों में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पांच मई से गतिरोध चल रहा है। दोनों देशों के बीच स्थिति तब और बिगड़ गई जब 15 जून को गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुई झड़प में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए। इस झड़प में कई चीनी सैनिकों की भी मौत हुई है जिसकी अबतक पुष्टि नहीं की गई है।

यह प्रस्ताव सीनेट में बहुमत पक्ष रिपब्लिकन पार्टी के व्हिप सीनेटर जॉन कोर्निन और खुफिया मामलों की सीनेट की स्थाई समिति के प्रमुख सदस्य मार्क वार्नर ने बृहस्पतिवार को पेश किया। कोर्निन और वार्नर सीनेट इंडिया कॉकस के सह अध्यक्ष हैं। सीनेट के प्रस्ताव के पहले पिछले महीने हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव (प्रतिनिधि सभा) में भी ऐसा ही संकल्प पेश किया गया था।कोर्निन ने कहा, सीनेट इंडिया कॉकस के सह संस्थापक के तौर पर मैं अमेरिका-भारत के बीच मजबूत रिश्तों के महत्व को जानता हूं। मैं चीन के खिलाफ खड़े होने और भारत-प्रशांत क्षेत्र के स्वतंत्र एवं मुक्त रखने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करता हूं। पहले से कही अधिक अब जरूरी है कि हम अपने साझेदार भारत का समर्थन करें जो चीनी आक्रमता के खिलाफ अपनी रक्षा कर रहा है। वार्नर ने कहा, 15 जून को भारत और चीन के बीच संघर्ष, जिसमें 20 भारतीय जवानों की मौत हो गई थी, को विवादित क्षेत्र में बीजिंग के उकसावे की कार्वाई के प्रति खतरे की घंटी के तौर पर लेना चाहिए। उन्होंने कहा, यह प्रस्ताव चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा को बदलने के लिए की गई कार्वाई की निंदा करता है, खासतौर पर तब जब दोनों देशों के बीच राजनयिक स्तर पर वार्ता चल रही थी। साथ ही यह प्रस्ताव दोनों देशों को एलएसी पर अप्रैल 2020 की स्थिति बहाल करने के लिए राजनयिक समाधान के लिए प्रोत्साहित करता है। वार्नर ने कहा कि अमेरिका की लंबे समय से भारत के साथ मजबूत साझेदारी रही है और दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों को साझा करते हैं।उन्होंने कहा, यह साझेदारी तब और महत्वपूर्ण हो जाती है जब हम भारत-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त सुनिश्चित करने के लिए साथ काम कर रहे हैं।

# इंडियंस फॉर बाइडेन नेशनल काउंसलि का गठन

**वाशिंगटन।** कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार चुने जाने की खुशी मनाते हुए भारतीय-अमेरिकियों ने इंडियंस फॉर बाइडेन नेशनल काउंसिल का गठन किया, जो तीन नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारतीय मूल की सीनेटर का प्रचार करेगी। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार जो बाइडेन ने 55 वर्षीय हैरिस को मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना था। हैरिस के पिता अफ्रीकी और मां भारतीय हैं। प्रेस में जारी बयान के अनुसार इंडियंस फॉर बाइडेन नेशनल काउंसिल बाइडेन-हैरिस को सभी धर्मों एवं पृष्ठभूमियों के भारतीय-अमेरिकियों का समर्थन दिलाने की कोशिश करेगी। भारत के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शनिवार को इसकी शुरुआत की जाएगी।

# उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैरिस जन्म के मूल स्थान संबंधी विवाद में घिरीं

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** में उपराष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को जन्म के मूल स्थान को लेकर विवाद में घेरने की कोशिश की जा रही है। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने सुना है कि हैरिस व्हाइट हाउस में सेवाएं देने की योग्यताएं पूरी नहीं करती हैं।

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के बारे में भी इसी प्रकार के विवाद पैदा किए गए थे, जब उनके विरोधियों ने उनके जन्म के स्थान को लेकर सवाल उठाए थे।अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने हैरिस (55) को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। हैरिस के पिता जमैका में पैदा हुए थे और उनकी मां भारतीय थीं।

हैरिस के जन्म के मूल स्थान पर

**● डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैं हैरिस**

सबसे पहले कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल के लिए 2010 में रिपब्लिकन प्राइमरी में चुनाव लड़ चुके डॉ. जॉन ईस्टमैन ने न्यूजवीक ओप-एड में सवाल उठाए। हैरिस के हाथों अटॉर्नी जनरल के लिए चुनाव हार चुके ईस्टमैन ने कहा कि उनके योग्यता पूरी करने को लेकर कुछ सवाल हैं। सोशल मीडिया पर भी इस प्रकार की बातें फैलाई जा रही हैं।बाइडेन की चुनाव प्रचार मुहिम ने इन बातों को नस्लवादी करार दिया है।ट्रम्प ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के जवाब में कहा, मैंने यह सुना है। मैंने आज सुना कि उनके पास आवश्यक योग्यता नहीं है और यह बात लिखने वाला व्यक्ति एक अत्यंत प्रतिभाशाली वकील है। मुझे नहीं पता कि यह बात सही है या नहीं। हैरिस का जन्म 20 अक्टूबर 1964 को कैलिफोर्निया के ओकलैंड में हुआ था। उनकी मां श्यामला गोपालन भारत के तमिलनाडु से अमेरिका आई थीं और उनके पिता डोनाल्ड जे हैरिस जमैका से अमेरिका आए थे। संविधान के अनुसार उपराष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार का जन्मस्थान अमेरिका होना चाहिए। बाइडेन चुनाव प्रचार की राष्ट्रीय वित्तीय समिति के सदस्य अजय भुटोरिया ने इस विवाद को बेबुनियाद करार दिया और कहा कि हैरिस का जन्म 20 अक्टूबर 1964 को ओकलैंड में हुआ था। उन्होंने कहा कि वह देश में जन्मी देश की नागरिक हैं और चुनाव लड़ने के लिए उनके योग्य होने को लेकर कोई सवाल नहीं है।



बेलारूस में हाल ही में संपन्न राष्ट्रपति चुनाव परिणामों के विरोध में लोगों ने सड़क पर उतरकर सफेद गुब्बारों और फूलों के माध्यम से अपना विरोध प्रकट किया

**इजराइल-यूएई समझौता**

# फलस्तीन ने यूएई से अपने राजदूत को वापस बुलाया

**● फलस्तीनी राष्ट्रपति के प्रवक्ता नबील अबू रदेनेह ने कहा कि यह समझौता राजद्रोह के समान है और इसे वापस लिया जाना चाहिए**

**एपी।** यरुशलम

**फलस्तीन** की आधिकारिक न्यूज एजेंसी ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात में तैनात फलस्तीनी राजदूत को वापस बुलाया जा रहा है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इज़राइल ने बृहस्पतिवार को पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए समझौते किए जिसके बाद फलस्तीन ने यह कदम उठाया है। फलस्तीन ने समझौते पर निशाना साधते हुए इसे फलस्तीन की मांगों के साथ विश्वासघात करार दिया और इसे वापस लेने की मांग की।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इज़राइल ने बृहस्पतिवार को उस समझौते के तहत पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने पर सहमति जताई जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस समझौते के तहत इजराइल को कब्जे वाले वेस्ट बैंक के बड़े हिस्सों को अपने में मिलाने की विवादास्पद योजना को रोकना होगा। फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नबील अबू रदेनेह ने कहा कि यह समझौता राजद्रोह के समान है और इसे वापस लिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यूएई को अपना यह निर्णय वापस लेना चाहिए और साथ ही उन्होंने अरब देशों से भी फलस्तीनी लोगों के अधिकारों की कीमत पर इसका पालन ना करने का आग्रह किया। वहीं अमेरिका, इज़राइल और संयुक्त अरब अमीरात का मानना है कि इससे पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति लाने में मदद मिलेगी।

### इजराइल से राजनयिक संबंध स्थापित करने को लेकर यूएई पर बरसे ईरान और तुर्की

**एपी।** तेहरान

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा इजराइल के साथ अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने पर ईरान और तुर्की ने शुक्रवार को उस पर गहरी नाराजगी जाहिर की।दोनों देशों ने यूएई पर फलस्तीन से वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया। अमेरिका की मध्यस्थता में हुए समझौते को ईरान के विदेश मंत्रालय ने फलस्तीनी और सभी मुस्लिमों की पीठ पर खंजर मारना करार दिया है। तुर्की ने कहा कि लोग यूएई के इस कपटपूर्ण बर्ताव को कभी नहीं भूलेंगे और न ही माफ करेंगे। यूएई ने कभी इजराइल के साथ युद्ध नहीं लड़ा और दोनों देशों के बीच कई सालों से संबंध सुधारने की कवायद जारी थी। यूएई ने कहा कि इस समझौते से इजराइल की उस योजना पर लगाम लगी है जिसके तहत वह पश्चिमी तट के कब्जे वाले इलाकों पर एकतरफा अधिकार करना चाहता था। लेकिन तुर्की के विदेश मंत्रालय का कहना है कि यूएई को फलस्तीन की ओर से इजराइल के साथ समझौता करने का कोई अधिकार नहीं है। तुर्की ने कहा कि फलस्तीन के लिए महत्व रखने वाले मुद्दों पर बात करने का यूएई को कोई हक नहीं है। इस समझौते से मिस्र और जॉर्डन के बाद यूएई, इजराइल के साथ पूर्ण राजनयिक संबंध रखने वाला तीसरा अरब देश बन जाएगा। फलस्तीन ने इस समझौते को गद्दारी करार दिया है और अरब और मुस्लिम देशों से इसका विरोध करने को कहा है।

## कृति सेनन ने भी की सुशांत केस की सीबीआई जांच की मांग




**अभिनेत्री** कृति सेनन ने सुशांत की मृत्य की सीबीआई जांच की मांग की है। उनका कहना है कि उनसे स्नेह करने वालों को न्याय के लिए ये आवश्यक है।

इंस्टाग्राम पर अपनी एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि सच शीघ्र ही बाहर आएगा। मुझे आशा है कि सीबीआई इस केस को अपने हाथ में लेगी ताकि इसकी बिना किसी राजनीतिक एजेंडा के जांच हो सके। ताकि परिवार को न्याय मिल सके। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।'

इससे पहले सुषांत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने इंस्टाग्राम तथा ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट के माध्यम से सुषांत की मृत्य की सीबीआई की मांग को दोहराया।

## ऐरन कोहेन से एक्शन सीख रही हैं प्रीति जिंटा



**जानी** मानी अभिनेत्री प्रीति ज़िंटा का कहना है कि 'कोई भी सपना जादू से वास्तविकता नहीं बन जाता। इसके लिए परिश्रम, संकल्प तथा पसीना बहाना पड़ता है। यही कारण है कि मैं यहां ऐक्शन करने के अपने सपने को पूरा करने के क्रम में परिश्रम कर रही हूं। सुगठित शरीर वाले ऐरन कोहेन के साथ कठिन प्रषिक्षण ले रही हूं। कोई भी ये कह नहीं सकता कि महिलाएं हिंदी फिल्मों में ऐक्षन नहीं कर सकतीं। आशा है कि सभी निर्देषक ये देख रहे हैं।

## गोविंदा के लिए बिना शब्द बोले बात करना ही है डांस




**बॉलिवुड** अभिनेता गोविंदा का कहना है कि 'मेरा मानना है कि डांस वास्तव में बिना बोले बात करना ही है। डांस में बिना बोले बात करने की ये कला मुझे कमल मास्टर साहब ने ही सिखाई थी,' कोरियोग्राफर को याद करते हुए उन्होंने बताया।

गोविंदा ने नए जमाने के कोरियोग्राफर गणेश आचार्य की भी प्रशंसा की जो कमल जी के शिष्य रह चुके हैं।

'जब मैं एक फिल्म कर रहा था तो वो कमल जी के सहायक थे। आप प्रारंभ से ही देख सकते थे कि गणेश में डांस की असाधारण प्रतिभा थी', गोविंदा ने बताया।

## प्रियंका चोपड़ा जोनास को सता रही है 'वांडरलस्ट'

**कोरोना** वायरस के डर से पंगु बने घर पर बैठे हुए प्रियंका चोपड़ा जोनास को घूमने की इच्छा कर रही है।



इंस्टाग्राम पर एक नए पोस्ट में प्रियंका घर की खिड़की से बाहर देख रही हैं, इसका कैप्शन उन्होंने वांडरलस्ट, रखा है।

लॉकडाउन में भी वो वर्कआउट कर रही हैं और उनके अनुसार उन्हें पुषअप बहुत अच्छे लगते हैं, विशेषकर तब जब उनके पति निक जोनास इसमें शामिल होते हैं। काम की बात करें तो प्रियंका को अब 'द वाइट टाइगर' नाम की एक नेटफ्लिक्स फिल्म में देख पाएंगे। इसमें वो आदर्श गौरव तथा राजकुमार राव के साथ दिखाई देंगी।

# 'कोई पूर्व संपर्क न होने के बावजूद संगीत उद्योग में मुझे अवसर मिला'

**हरपी गिल के नए गाने ने अब तक 10 मिलियन व्यू अर्जित कर लिये हैं। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ कॅरियर में अपनी अब तक की यात्रा सहित विभिन्न विषयों पर उन्होंने अपने विचार सामने रखे। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश...**

**■ ये 'सूट संदल' किस बारे में है?**

ये गाना वास्तव में विविध पृष्ठभूमि से आने वाले जोड़ों तथा संबंधों पर एक आधुनिक प्रस्तुति है। इस गाने में आपको इकतरफा प्यार की वो झलक मिलेगी जो उन लोगों में होती है जो अपने प्यार को नहीं पा सके होते हैं। आजकल ये सामान्य बात हो चुकी है। इसे लोगों के मूड को सही करने के लक्ष्य से ही बनाया गया है तभी इसका संगीत भड़कीला लेकिन लय मद्धम है और बोल सार्थक रखे गए हैं। ये कुछ ऐसा बनाया गया है कि इसे आप स्वत: ही गाने लगेंगे।

**■ आप हरप्रीत से हरपी गिल हो गए, ये कैसे संभव हुआ?**

मैंने अपना पहला युगल गाना राजब्रार साहिब जी के साथ गाया था। उसी गाने के दौरान उन्होंने मुझे हरपी नाम दिया जो मुझे जम गया। मैं उनके साथ कॅरियर में इतनी जल्दी काम मिलने से मैं बहुत कृतज्ञ सा हो गई थी और फिर मैंने इसी नाम को बनाए रखने का निर्णय किया।

**■ आपकी संगीत यात्रा कैसे प्रारंभ हुई?**

मैं कक्षा तीन से ही संगीत में रुचि रखने लगी थी। मैं उसी बीच स्कूली आयोजनों और प्रतियोगिताओं में गाती थी। मेरा परिवार मेरा बहुत समर्थन करता है और यही कारण था कि जब मैंने संगीत में डिप्लोमा करने का निर्णय लिया तो वे सहर्ष तैयार हो गए। डिप्लोमा के दौरान मेरा परिचय कई गायन शैलियों से हुआ और फ्रि मुझे एक गायनशैली अच्छी लगी। वो स्टाइल ही मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ थी। मैं वाइट हिल म्यूज़िक से पिछले दो सालों से जुड़ी हूं। उसी दौरान पंजाबी फ्ल्मिों–मुकलावा और अरदब मुटियारन में मेरे गाने हिट हुए थे। मुझे दर्षकों का इतना प्यार मिला कि मैंने एक सिंगल रिलीज़ करने का निर्णय कर लिया जिसका शीर्षक लीथल जट्टी था। इससे मुझे यूट्यूब पर 54 मिलियन व्यूज़ मिले। इसके बाद ही मैंने सूट संदल बनाया जिसे 10 मिलियन व्यूज़ मिले। मैं अपने गानों से अधिक से अधिक श्रोताओं का मनोरंजन करते रहना चाहती हूं।



**■ क्या महामारी के दौरान गाने रिलीज़ करना कठिन था?**

उस समय कई आषंकाएं थीं। लेकिन मुझे मेरी टीम से बहुत समर्थन मिला। ये कठिन था लेकिन अंत में सबकुछ सही हो गया। हमारा ये दायित्व है कि अपने प्रषंसकों को आपस में लगातार जोड़े रहें और चुनौतियों का सकारात्मकता से सामना करने को प्रेरित करें। हमें पता था कि ये गाना लोगों के मूड को बदल देगा। हमें पूरा विष्वास था कि ये गाना लॉन्च करने का ये बिलकुल सही समय था।

**■ आपने वाइट हॉल म्यूजिक के साथ सहयोग कैसे हासिल किया?**

मैं वाइट हॉल म्यूज़िक के लोगों से अपने कॅरियर के आरंभिक दिनों में मिली थी। वे अपने दर्षको के लिए विषेष प्रकार का संगीत करते हैं। मुझे उनकी मान्यता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ा। उन्हें मेरा संगीत अच्छा लगा फ्रि हम एक दूसरे की उम्मींदों को भी समझने लगे थे फ्रि क्या था हम साथ काम करने लगे।

**■ आपके सभी गाने उदासी लिए क्यों होते हैं?**

देखिये सदा से गाने हमारे भावों को ही व्यक्त करते आए हैं। मेरे कुछ गाने उदासी वाले अवश्य हैं लेकिन वर्तमान में बने मेरे सभी गाने भड़कीले हैं। कलाकार के तौर पर हमें प्रषंसकों को ध्यान में रखते हुए विविध भावों को अभिव्यक्त करना होता हैं। मैं गाने के हर भावना के साथ न्याय करना चाहती हूं वो उदासी, प्रसन्नता और रोमांटिक हो सकती है।

**■ अपने लिए जगह बना पाना आपके लिए कितना कठिन था?**

ये इंडस्ट्री मेरे लिए भाग्यषाली रही है। मेरा यहां कोई पूर्व संपर्क न होने के बावजूद पंजाबी संगीत उद्योग ने मुझे अवसर दिया ये मेरा सौभाग्य था।


**■ भविष्य में आपकी क्या योजनाएं हैं?**

कई प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। लेकिन अभी मैं जिसके बारे में आपको बता सकती हूं वो है एक युगल गीत जिसे मैंने कमल खैरा के साथ गाया है। ये जल्दी ही वाइट हिल म्यूज़िक के बैनर तले लॉन्च होगा।

## फिल्म पिप्पा में नजर आएंगे इशान खट्टर

भाषा। मुंबई

**फिल्म** निर्माता रॉनी स्क्रूवाला और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने शुक्रवार को अपनी अगली फिल्म पिप्पा की घोषणा की जिसमें इशान खट्टर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म एयरलिफ्ट के निर्देशक राजा कृष्ण मेनन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की कहानी 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इस फिल्म में इशान 45 वें कैवलरी टैंक स्क्वाड्रन के ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता की भूमिका निभाएंगे, जिन्होंने अपने भाइयों के साथ 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। खटर ने कहा कि



वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। खट्टर ने एक बयान में कहा, मैं इतनी महत्वपूर्ण घटना पर बनने वाली फिल्म का हिस्सा बन कर और साहसी टैंक कमांडर कैप्टन बलराम मेहता की भूमिका निभाने का मौका पाकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

फिल्म ब्रिगेडियर मेहता की किताब द बर्निंग चैफिस पर आधारित है। फिल्म का शीर्षक रूसी युद्ध टैंक पीटी–76 से लिया गया है, जिसे पिप्पा के नाम से जाना जाता है। इस फिल्म की पटकथा रविंदर रंधावा, तन्मय मोहन और मेनन ने लिखी है। आरएसवीपी और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित पिप्पा 2021 में रिलीज होगी।

## मैं खुशनसीब थी कि मुझे परिवार और वायु सेना से सहयोग मिला : गुंजन सक्सेना

भाषा। मुंबई

**भारतीय** वायु सेना की पायलट गुंजन सक्सेना की जिंदगी पर नेटफ्लिक्स पर एक फिल्म आई है। इस पर उठे एक विवाद के संदर्भ में वह कहती हैं कि वह खुशनसीब थीं कि उन्हें वायु सेना में अपने कमांडिंग अधिकारियों और वरिष्ठों का सहयोग मिला लेकिन जब भी किसी संगठन में बड़ा बदलाव होता है तो कुछ लोगों को तालमेल बैठाने में दूसरों से ज्यादा समय लगता है। वायु सेना ने सेंसर बोर्ड को पत्र लिखकर नेटफ्लिक्स पर बुधवार को रिलीज हुई फिल्म गुंजन सक्सेना : द करगिल गर्ल में अपनी छवि को नकारात्मक तरीके से दर्शाने पर आपत्ति जताई है। इसी सिलसिले में फ्लाइट लेफ्टिनेंट सक्सेना की प्रतिक्रिया आई है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, पत्र में वायु



सेना में संस्थागत कार्य संस्कृति के रूप में फिल्म में लैंगिक पूर्वाग्रह दर्शाने के संबंध में चिंताओं का जिक्र किया गया है। करगिल युद्ध में पहली महिला पायलट बनने वाली सक्सेना ने एक बयान में कहा कि अनेक तरह के लोग होते हैं जो किसी संस्थान का माहौल तैयार करते हैं। उन्होंने कहा, जब आप किसी माहौल में होते हैं तो अनेक तरह के लोग होते हैं जो माहौल बनाते हैं। इसलिए जब कोई बड़ा बदलाव होता है तो कुछ लोग इस बदलाव को बहुत अच्छे से स्वीकार करने के लिए तैयार होते हैं, वहीं कुछ को इस परिवर्तन के साथ सामंजस्य बैठाने में समय लगता है। सक्सेना ने कहा, यहां वास्तव में महत्वपूर्ण बात यह है कि कुछ लोगों को बदलने में समय लगा, लेकिन वे बदले, ऐसा हुआ और बहुत सकारात्मक तथा सही दिशा में हुआ। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं खुशनसीब थी कि मेरे आसपास के लोगों ने मेरा सहयोग किया। चाहे मेरा परिवार हो या वायु सेना के लोग हों। दोनों जगहों पर मुझे मेरे सपने को सच करने के लिए सहयोग मिला सक्सेना ने यह भी साफ किया कि वायु सेना के अधिकारियों ने कभी पुरुष और महिला प्रशिक्षणार्थियों के बीच भेद नहीं किया। उन्होंने कहा कि अपने जीवन पर फिल्म बनने पर उन्हें गर्व महसूस होता है और उम्मीद है कि इससे लड़कियों को निडरता से अपने सपने पूरे करने की प्रेरणा मिलेगी। शरण शर्मा निर्देशित और धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित इस फिल्म में जाह्नवी कपूर ने शीर्ष भूमिका निभाई है। अन्य प्रमुख कलाकारों में पंकज त्रिपाठी, अंगद बेदी, विनीत कुमार सिंह और मानव विज हैं।

## इंडिया वाली मां में हंसमुख का रोल निभाएंगे नितेश पांडे

**दु**निया में एक मां के ममता भरे आंचल से सुकून भरा और कुछ नहीं होता! जब सारी दुनिया आपको मुश्किलों से भरी लगने लगती है और जब आप नए रास्ते पर चलने से डरते हैंए तब एक मां ही आपका हाथ थामकर आपको राह दिखाती है। वही एक ऐसी इंसान हैए जो हमेशा आप पर गर्व करती हैंए भले ही आप जिंदगी में कोई भी रास्ता चुनें। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का आगामी शो इंडिया वाली मांए एक मां की कहानी है जिसके दिल में दयाए विश्वास और अपने बेटे के लिए ढेर सारा प्यार है। वो अपने बेटे की जिंदगी में आने वाली तमाम मुश्किलों से उसे बचाने का फैसला करती है।

इस कहानी में यह संदेश दिया गया है कि अपनी मां के पास जाने के लिए आप कभी बूढ़े नहीं होते। इंडिया वाली मां में कई जाने.माने कलाकार हैंए जिसमें सुचेता त्रिवेदी काकू ; उर्फ इंडिया वाली मांद्ध के रोल में हैंए नितेश पांडे हंसमुख बने हैं और अक्षय म्हात्रे रोहन की भूमिका निभा रहे हैं।



अपने जिंदादिल स्वभाव और टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने बेहतरीन काम के लिए मशहूर एक्टर नितेश पांडेए इंडिया वाली मां में हंसमुख का रोल निभाएंगे। वो इस शो में रोहन के खुशमिजाज पिता बने हैंए जिन्होंने अपने बेटे को जिंदगी में अपनी राह चुनने की आजादी दी है.इस शो का हिस्सा बनने को लेकर नितेश ने कहाए ष्इंडिया वाली मां सिर्फ एक शो नहींए बल्कि हमारे देश की सभी मांओं का एहसास है। यह शो दिल से लिखा गया है और इसे देखने वाले हर दर्शक के दिल तक पहुंचेगा। यह शो एक मांए काकू की कहानी है जो अपने जवान बेटे रोहन की मदद करने की कोशिश कर रही है। रोहन को लगता है कि वो खुद ही अपनी समस्याएं सुलझा सकता है। वैसे तोए मैं कई कहानियों से जुड़ा हूं लेकिन इस कहानी से मेरा दिल का नाता है क्योंकि यह कहानी दर्शाती है कि जब आपकी मां आपके साथ होती हैए तो इस पूरी दुनिया में वही आपका सबसे मजबूत सहारा होती है। एक मां का प्यार दर्शाने के लिए पूरे दिल से बनाया गया यह शो सभी को अपना.सा लगेगा। नितेश आगे बताते हैंए ष्मैं इस शो में काकू के पति हंसमुख का रोल निभाने को लेकर काफी खुश हूं। वो काकू के विश्वस्त हैं और उनके सफर में हमेशा उनका साथ देते हैं।

## उपचार के लिए अवकाश लेने से पहले सड़क-2 की डबिंग पूरी करेंगे संजय दत्त

**मुंबई।** अभिनेता संजय दत्त चिकित्सकीय उपचार के लिए विराम लेने से पहले अपनी आने वाली फिल्म सड़क 2 की डबिंग पूरी करेंगे। दत्त ने मंगलवार को कहा था कि वह स्वास्थ्य कारणों से अपने काम से कुछ दिनों का अवकाश लेंगे। फिल्म के निर्माण से जुड़े सूत्रों ने पीटीआई–भाषा से कहा, वह (दत्त) अवकाश पर जाने से पहले डबिंग का काम पूरा करेंगे। बहुत थोड़ा सा काम बचा हुआ है जिसे वह पूरा कर रहे हैं। पिछले सप्ताहांत पर सांस लेने में तकलीफ होने पर दत्त को लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था और सोमवार को छुट्टी दे दी गई थी। घर आने के एक दिन बाद अभिनेता ने सोशल मीडिया पर वक्तव्य जारी कर प्रशंसकों से अनुरोध किया था कि उनके स्वास्थ्य को लेकर कयास न लगाए जाएं। दत्त को फेफड़े का कैंसर होने की अफवाहें हैं और उन्होंने इस बाबत अभी तक कोई पुष्टि नहीं की है।



# पर्यावरण की निरंतरता हेतु प्रयासरत हूं : भूमि



**अ**भिनेत्री भूमि पेडनेकर एक जागरूक नागरिक की भूमिका भी निरंतर निभाती रही हैं। भारतीय समाज में जलवायु संरक्षण के प्रति जागरूकता के प्रसार के लिए वो लगातार प्रयासरत रहती हैं हाल ही में उन्होंने 'क्लाइमेड वॉरियर' अर्थात जलवायु योद्धा नामक एक पहल की है जिसमें वो पर्यावरण के लिए लोगों को योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं। वो पर्यावरण की निरंतरता हेतु प्रयासरत हैं और उनके अनुसार ये जलवायु की रक्षा के लिए आवश्यक है।

भूमि बताती हैं, 'मैं बार बार एक ही वस्त्र पहनती रहती हूं। लोग मुझे एक ही तरह के




वस्त्र पहने देखेंगे, मैं इस बारे में सोचती भी नहीं हूं। एक अभिनेत्री को ये बताया जाता है कि आपको हर बार अलग तरह के परिधान पहनना चाहिये लेकिन आपको सच बताऊं तो मैं इन सब बातों की जरा भी चिंता नहीं करती। ऐसे भी कई व्यवसाय सामने आए हैं जहां लोग कपड़े किराए पर उठाने का काम करते दिखाई देते हैं। मुझे ये विचार बहुत अच्छा लगा।'

उन्होंने आगे बताया, 'व्यक्तिगत स्तर की बात करूं तो मैं और मेरी बहन के बीच केवल एक ही आलमारी है। हम एक दूसरे के वस्त्र पहनते हैं। हम एक ही परिधान बार बार पहनते हैं और हमें इससे कोई समस्या नहीं है। पिछले दो सालों से मैंने किसी ब्रांड के वस्त्र पहनने से पहले ये जानकर ये देखने का भी प्रयास किया है कि ब्रांड्स पर्यावरण के प्रति कितने जागरूक हैं। हमारे पास ऐसे ब्रांड्स के विकल्पों की संख्या पर्याप्त है।'

भूमि मानती हैं कि पूरा विश्व अब निरंतरता की भावना की ओर अग्रसर होता जा रहा है, उनका कहना है, 'ये सही भी है अब ब्रांड्स निरंतरता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपना रहे हैं। अब हाई फैशन, लक्ज़री ब्रांड्स निरंतरता की भावना को समझने लगे हैं। मुझे आशा है कि ये कार्य तीव्रगति से पूरा होगा। दुर्भाग्य से रिसाइकल्ड तथा अपसाइकल्ड फैशन में अंतर अधिक है और ये हर कोई वहन नहीं कर सकता।'